सुविचार
अगर हम सीखना चाहें, तो हर एक भूल हमें बड़े सबक सीखा सकती है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi


12
बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों की डेब्यू फिल्म रही फ्लॉप

Ranchi ● Tuesday, 06 February 2024 ● Year : 02 ● Issue : 20 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 71,731.42 |
| निफ्टी | : | 21,771.70 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,955 |
| चांदी | : | 76.07 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### हिमाचल प्रदेश में बर्फबारी से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**SHIMLA :** हिमाचल प्रदेश में फरवरी के महीने में पहाड़ी इलाकों में पिछले दो दिन से जबरदस्त बर्फबारी हो रही है। इस भारी बर्फबारी से राज्य के चार हाईवे के साथ ही 645 सड़कें अवरुद्ध हो गई और 1416 ट्रांसफॉर्मर ठप होने से कई गांवों में विद्युत आपूर्ति बंद है। बर्फबारी से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त होने से लोगों की परेशानियां बढ़ गई हैं। अब अगले पांच दिन तक मौसम साफ रहने के आसार हैं। विंटर सीजन में शुक्रवार से लेकर रविवार रात तक राज्य के लाहौल-स्पीति, किन्नौर, कुल्लू, शिमला और चंबा जिलों सहित पहाड़ी इलाकों में जमकर बर्फबारी हुई है। बर्फबारी की वजह से चार नेशनल हाइवे पर भी आवाजाही प्रभावित है। इसके अलावा प्रदेशभर में 645 सड़कें और 1416 बिजली के ट्रांसफॉर्मर ठप हैं।

### चुनाव प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न हो : आयोग

**NEW DELHI :** लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सोमवार 5 फरवरी को सभी राजनीतिक दलों को सलाह दी है कि चुनाव प्रचार अभियानों में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी रूप में न करें। पार्टियों को भेजी गई एडवाइजरी में चुनाव पैनल ने पार्टियों और उम्मीदवारों से चुनावी प्रक्रिया के दौरान बच्चों से पोस्टर और पर्चे बांटने, नारेबाजी करने को लेकर जीरो टॉलरेंस जाहिर किया है। आयोग ने कहा कि राजनीतिक नेता और उम्मीदवार प्रचार के दौरान बच्चों को गोद में लेने और गाड़ियों में में न बैठाएं, न उनको रैली में शामिल करें। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि यह प्रतिबंध कविता, गाने, बोले गए शब्दों, राजनीतिक दल या उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह के इस्तेमाल के अलावा किसी भी तरीके से राजनीतिक अभियान की झलक बनाने के लिए बच्चों के उपयोग पर भी लागू होगा।

### आज गोवा में विकास योजनाओं की बारिश

**NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गोवा का दौरा करेंगे। वह वहां भारत ऊर्जा सप्ताह का उद्घाटन करेंगे। इसके अलावा वह सार्वजनिक कार्यक्रम में 1330 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को बताया कि प्रधानमंत्री सुबह लगभग 10 :30 बजे ओएनजीसी सी सर्वाइवल सेंटर का उद्घाटन करेंगे। ओएनजीसी सी सर्वाइवल सेंटर को भारतीय समुद्री सर्वाइवल प्रशिक्षण पारिस्थितिकी तंत्र को वैश्विक मानकों तक आगे बढ़ाने के लिए एक अद्वितीय एकीकृत समुद्री सर्वाइवल प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित किया गया है। इसमें सालाना 10,000-15,000 कर्मियों को प्रशिक्षित करने की उम्मीद है।

# VICTORY

- झारखंड में चंपाई सरकार फ्लोर टेस्ट में हुए पास पक्ष में 47, विरोध में 29 विधायक, सरयू रहे दूर
- राज्यपाल के भाषण के बीच 'जेल का फाटक टूटेगा हेमंत सोरेन छूटेगा' के नारे से गूंज उठा पूरा सदन

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को चंपाई सोरेन की नेतृत्व वाली झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार ने सोमवार को विश्वास मत हासिल कर लिया। विश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में चंपाई सोरेन सरकार को 47 मत मिले, जबकि विपक्ष में 29 वोट पड़े। जमशेदपुर पूर्वी के निर्दलीय विधायक सरयू राय ने मतदान से दूरी बना ली। सत्ता पक्ष के एक विधायक रामदास सोरेन बीमार होने की वजह से सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हुए। विधायक इंद्रजीत महतो बीमारी की वजह से वोट देने के लिए उपस्थित नहीं हो सके। निर्दलीय विधायक अमित महतो अनुपस्थित रहे। कमलेश सिंह ने विपक्ष के समर्थन में वोट किया। विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने विधानसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के अभिभाषण के बाद कुछ देर सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। फिर से सदन की कार्यवाही विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में शुरू हुई। फ्लोर टेस्ट की प्रक्रिया को शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सरकार बनाने का अपना दाना पेश किया, जिसके बाद विस अध्यक्ष ने पक्ष और विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका दिया। दोनों तरफ की बहस सुनने के बाद फ्लोर टेस्ट हुआ, जिसमें सत्ता पक्ष को 47 तो विपक्ष को 29 वोट मिले। वोटों की गिनती के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने पहले सत्ता पक्ष को हां कहते हुए अपनी जगह पर खड़े होने को कहा। विपक्ष के लिए भी यही तरीका अपनाया गया। विधानसभा कर्मियों ने दोनों पक्षों की उपस्थितियों की गिनती की, जिसके बाद सत्ता पक्ष फ्लोर टेस्ट में पास हो गया। अब सारी राजनीतिक गतिविधियों पर विराम लग गया। चंपाई सोरेन अब पूर्ण रूप से सरकार को चलाएंगे।


झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान संबोधित करते सीएम चंपाई सोरेन।

## ऊपर वाले के घर देर है, अंधेर नहीं बीजेपी के लोग इंतजार करें : CM

**PHOTON NEWS RANCHI :** सीएम चंपई सोरेन ने सदन में कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी। लेकिन सरकार बनने के बाद से ही बीजेपी सरकार को गिराने और अस्थिर करने की कोशिश शुरू कर दी थी। कहा कि सरकार बनते ही कोरोना महामहारी आ गयी। मगर हेमंत सोरेन ने किसी को भूखे मरने नहीं दिया। राज्य के बाहर पलायन कर रहे मजदूरों को हवाई जहाज से झारखंड लाया। इसके बाद जब कोरोना महामारी खत्म हुई तो सरकार ने बड़े पैमाने पर काम शुरू किया। लेकिन फिर से ये लोग सरकार को गिराने और अस्थिर करने के कोशिश में लग गये। अंतत इन लोगों ने अपनी एजेंसी द्वारा हमरे हेमंत बाबू को जेल भेजा और सरकार गिरा ही दिया। चंपई सोरेन ने कहा कि हम हेमंत सोरेन के सभी काम और योजनाओं का आगे लेकर जायेंगे।

### झारखंड के खनिज और माइंस को लूटा गया

चंपई सोरेन ने कहा कि क्या गरीब के बच्चे को विदेश जाकर पढ़ने का हक नहीं है। हेमंत बाबू ने गरीब बच्चों को विदेश भेजा। राज्य बनने के बाद यहां विपक्ष की सरकार बनी। झारखंड के खनिज और माइंस को लूटा गया। आदिवासी मूलवासी को क्या मिला?? जब-जब यहां आदिवासी मूलवासी की सरकार बनती है, इन्हें दर्द होने लगता है। एक ऐसे मामले में हेमंत बाबू को जेल भेजा गया, जिसका न खाता है और न बही। हेमंत बाबू जनता के दिल में दिया जलाकर आये हैं, बीजेपी के लोग उसे कैसे मिटा पायेंगे। कहा कि हां हम कहते हैं कि हम हेमंत पार्ट 2 है। शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन का नाम मिटने नहीं देंगे। बंधु तिर्की को मात्र 5 लाख में विधायक की चली गयी। ये लोग देश में अजीब हालात पैदा कर दिये हैं। ऊपर वाले के घर में देर है, अंधेर नहीं।

### सीएम सात को मंत्रिमंडल का करेंगे विस्तार

बहुमत साबित करने के बाद मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन सात फरवरी को अपना मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे। इस दिन मंत्रियों का शपथ ग्रहण कराये जाने की संभावना है। सरकार का विश्वास मत हासिल करने के बाद सदन की कार्यवाही खत्म होने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को दूसरी तरफ ले जाकर बैठ गए और लंबी मंत्रणा की। अपने पॉकेट से एक कागज निकालकर चंपाई सोरेन को सौंपा और करीब 20 से 25 मिनट तक बातचीत की। ऐसा माना जा रहा है कि हेमंत सोरेन ने मंत्रिमंडल का खाका और विभागों के बंटवारे की सूची चंपाई सोरेन को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री चंपई सोरेन सात फरवरी को अपने बाकी बचे मंत्रियों का शपथ ग्रहण कराएंगे और मंत्री परिषद का विस्तार करेंगे। उसी दिन देर शाम तक मंत्रालय का भी बंटवारा कर दिए जाने की संभावना है। जानकारी के अनुसार चार वर्षों से रिक्त पद 12वां बर्थ भी इस बार भरा जाएगा।

झारखंड में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार दो दिवसीय राज्य विधानसभा सत्र के पहले दिन सोमवार को विश्वास मत हासिल की। सत्ता पक्ष और भाजपा विधायक सभी सदन में पहुंचे. इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही शुरू की. एक अरसे बाद जेएमएम विधायक चमरा लिंडा सदन आये। रामदास सोरेन को छोड़कर सत्ता पक्ष के सभी विधायक सदन में मौजूद रहे। हेमंत सोरेन भी सदन में पहुंचे। उनके आते ही सत्ता पक्ष के विधायक हेमंत सोरेन जिंदाबाद, जय झारखंड और शिबू सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाये। हेमंत सोरेन सत्ता पक्ष और विपक्ष के तमाम विधायकों से मिले।

## अगर मुझपर घोटाले साबित हुए तो राजनीति से सन्यास के साथ झारखंड भी छोड़ दूंगा : हेमंत

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में सोमवार को प्रदेश के नए मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाषण के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि चंपाई सोरेन को मेरे पार्टी और सभी सहयोगी का पूरा समर्थन है। देश की यह पहली घटना है, जब किसी मुख्यमंत्री को राजभवन में गिरफ्तार किया गया हो। सोरेन ने भाजपा को चुनौती देते हुए कहा कि अगर आठ एक-ड़ जमीन मेरे नाम से है तो कागज लाएं। अगर मुझ पर घोटाले साबित हुए तो राजनीति से संन्यास ही नहीं, झारखंड छोड़ दूंगा, साबित करें कि वो जमीन मेरे नाम पर है। इनकी एक-एक बात का जवाब माकूल तरीके से दिया जायेगा।

**31 जनवरी को देश के लोकतंत्र में काला अध्याय जुड़ा :** हेमंत सोरेन ने कहा कि 31 जनवरी की काली रात लोकतंत्र की काली रात थी। 31 जनवरी को देश के लोकतंत्र में काला अध्याय जुड़ा है। देश में पहली बार कोई मुख्यमंत्री गिरफ्तार हुआ है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि यह पहली घटना है और इस घटना को अंजाम देने में कहीं ना कही राजभवन भी शामिल रहा है, जिस तरीके से यह घटना घटी है, मैं काफी अचंभित हूं। मैं एक आदिवासी वर्ग से आता हूं। नियम कानून का थोड़ा अभाव रहता है। बैद्धिक क्षमता अभी हमारे पास विपक्ष जितनी नहीं है। लेकिन सही गलत की समझ हर इंसान और जानवर भी रखता है।


झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान संबोधित करते हेमंत सोरेन।

### मैं आंसू नहीं बहाऊंगा

हेमंत सोरेन ने कहा कि मैं आंसू नहीं बहाऊंगा। भाजपा ने ना अपने आदिवासी मुख्यमंत्री का पांच साल पूरा करने दिया और न मुझे पूरा करने दिया। इनकी मानसिकता यही है। इन्हें साल 2019 से ही भ्रष्टाचार नजर आने लगा। इनको 2000 से भ्रष्टाचार नजर नहीं आया। सोरेन ने कहा कि यहां के हर जिले के आदिवासी ने अपने हक अधिकार की लड़ाई लड़ी है। आजादी की लड़ाई लड़ी है। यह लोग तो बाहर से आए हैं। यहां के है ही नहीं। सोरेन ने कहा कि हमने सर झुका कर चलना नहीं सीखा। इसी का नतीजा भुगत रहा हूं। जब सरसों में ही भूत है तो भूत भागेगा कहां से। मेरे हवाई जहाज में चलने, पांच सितारा होटल में ठहरने और मेरे बीएमडब्ल्यू कार में घूमने से इन्हें दिक्कत होती थी। पूरे देश में आदिवासी-दलिक सुरक्षित नहीं है। विशेष कर झारखंड में वो सुरक्षित नहीं है।

### फिर आऊंगा, इंतजार करें

सोरेन ने कहा कि झारखंड का इतिहास इन्हें कभी माफ नहीं करेगा। षड्यंत्र का जो पैमाने ऐसा है कि कानूनी रूप से कैसे गैरकानूनी काम करना है कोई इनसे सीखे। जिसे तरीके से बंधू तिर्की की सदस्यता गयी। मेरी भी चली जाए। लेकिन जेएमएम का उदय राज्य का मान-सम्मान बचाने के लिए हुआ है और इसके लिए जो लड़ाई लड़नी होगी मैं लड़ने को तैयार हूं। उन्होंने कहा कि फिर से समय लौटेगा। मैं फिर आऊंगा। इंतजार करें। सोरेन ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि इनमें आदिवासी और दलितों के प्रति काफी गुस्सा है। यह कहते हैं कि यह जंगल के हैं तो इन्हें जंगल में ही रहना चाहिए। यह हमें अछूत मानते हैं। बगल में बैठ जाने से इनके कपड़े गंदे हो जाते हैं। इसी को पाटने का एक प्रयास किया गया था। यही बात इन्हें नहीं पची। यह हमें अभी भी जंगल में भेज देना चाहते हैं।

## झारखंड में आज से मैट्रिक और इंटर की होगी परीक्षा

### 766500 परीक्षार्थी होंगे शामिल, तैयारी पूरी

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य में मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा मंगलवार से शुरू होगी। परीक्षा 26 फरवरी तक होगी। इस बार परीक्षा में 7,66,500 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इनमें से मैट्रिक में 4,21,678 परीक्षार्थी और इंटरमीडिएट में 3,44,822 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इंटरमीडिएट साइंस में 94,433, कॉमर्स में 25,907 और आट्र्स में 2,24,502 परीक्षार्थी हैं। झारखंड एकेडमिक काउंसिल जैक ने परीक्षा की तैयारी पूरी कर ली है। मैट्रिक परीक्षा के लिए 1238 और इंटर के लिए 740 केंद्र बनाये गये हैं। मंगलवार को मैट्रिक और इंटरमीडिएट की वोकेशनल विषयों की परीक्षा होगी। वहीं, 26 फरवरी को आखिरी दिन मैट्रिक में अंग्रेजी विषय की और इंटरमीडिएट में राजनीति विज्ञान की परीक्षा होगी। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा के लिए केंद्रों में सीसीटीवी लगाये गये हैं। पूरी परीक्षा की निगरानी की जायेगी। मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में अब ओएमआर शीट का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।



- मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में अब ओएमआर शीट का नहीं किया जाएगा इस्तेमाल
- ऑब्जेक्टिव सवालों के जवाब अब आंसर सीट पर ही लिखना होगा

### हेट स्पीच देने वाला मुफ्ती मुंबई से अरेस्ट

**MUMBAI :** भड़काऊ भाषण केस में आरोपी मुफ्ती सलमान अजहरी को रविवार को गुजरात एटीएस दो दिन के ट्रांजिट रिमांड पर जूनागढ़ ले गई। मौलाना पर 31 जनवरी को जूनागढ़ में एक कार्यक्रम के दौरान भड़काऊ भाषण देने के आरोप में हिन्दू संगठनों ने केस दर्ज करवाया था। गुजरात एटीएस ने मुंबई की एक अदालत में मुफ्ती सलमान अजहरी की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने रविवार शाम को दो दिन की ट्रांजिट रिमांड मंजूर कर ली। इसके बाद कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के लिए उसे घाटकोपर पुलिस थाने लाया गया था। रात एक बजे मौलाना के हजारों समर्थकों ने उसकी रिहाई के लिए घाटकोपर थाने का घेराव किया। हंगामा बढ़ता देख पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। रात 2 बजे गुजरात एटीएस मौलाना को लेकर जूनागढ़ रवाना हो गई। लेकिन पुलिस अभी जूनागढ़ पहुंची नहीं है। फिलहाल एटीएस के अहमदाबाद ऑफिस में मौलाना को रखा गया है।

### रांची में भारत जोड़ो न्याय यात्रा : एचईसी की बदहाली का जिम्मेदार बीजेपी

## एचईसी का गला घोंटा जा रहा है, बीजेपी अडानी को चाहती है बेचना : राहुल गांधी

**PHOTON NEWS RANCHI :** राजधानी के ऐतिहासिक शहीद मैदान में सोमवार को राहुल गांधी की आमसभा में भारी भीड़ पहुंची। एचईसी के मुद्दे पर राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। राहुल ने कहा कि एचईसी का गला क्यों घोटा जा रहा है। एचईसी के साथ अन्याय क्यों हो रहा है। केंद्र की सरकार चाहती है कि एचईसी काम करना बंद कर दे और इसे अडानी को बेच दिया जाये। इसे भी प्राइवेटाइज किया जाये। मोदी सरकार एचईसी के लोगों को बेरोजगार करना चाहती है। लेकिन कांग्रेस ऐसा होने नहीं देगी। राहुल गांधी ने कहा कि हम एचईसी में अडानी का नाम नहीं लगने देंगे।

- सरकार धीरे-धीरे सार्वजनिक उपक्रमों को खत्म कर रही
- आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत के नियम को उठा कर फेंक देंगे
- जिसकी जितनी संख्या, उसे उतना अधिकार मिलेगा



### ओबीसी, आदिवासी और दलित की संख्या का नहीं पता

देश में ओबीसी, आदिवासी, दलित कितने लोग हैं इसकी संख्या बताने वाला कोई नहीं है। देश में 50 प्रतिशत ओबीसी के लोग हैं। तेलंगाना की सरकार ने वादा किया था, उसे पूरा करने का कम कर रही है। जातीय गणना की शुरूआत होगी। अडानी की कंपनी का लिस्ट निकालिए पता चलेगा की कोई आदिवासी, पिछड़ा, दलित कर्मचारी नहीं है। देश की रक्षा सेना करती है। सभी कॉन्ट्रेक्ट किसी एक व्यक्ति को दिया जा रहा है। इस देश में दलित पिछड़ा और आदिवासी कितने हैं। इसके पीछे का तर्क समझिए कि प्राइवेट कंपनी में कितने लोग हैं। पता चलेगा कि कोई नहीं है। सरकार जो पैसे खर्च करती है उसमें निर्णय लेने वाले 90 लोगों में से सिर्फ.तीन पिछड़े लोग हैं।

### नोटबंदी और जीएसटी से छोटे व्यवसाय हुए बंद

पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों की संख्या का पता चलने के बाद ही अधिकार मिल पायेगा। साइकिल पर 200 किलो कोयला लेकर पैदल धकेल कर चल रहे हैं। वहां पर आदिवासी मिल जायेंगे। लेकिन अन्य जगहों पर इनकी संख्या नहीं मिलेगी। आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत के नियम को हम उठा कर फेंक देंगे। जिसकी जितनी संख्या होगी। उसे उसका अधिकार मिलेगा। जीएसटी से छोटे व्यापारियों को फायदा नहीं हुआ। मजदूर जीएसटी देता है। गरीबो का पैसा अरबपतियों के जेब में जा रहा है। छोटे व्यापारियों को पहले खत्म किया। नोटबंदी ने छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया। उसके बाद जीएसटी लागू कर दिया।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर पीएम ने दिया धन्यवाद भाषण, बोले- विपक्ष कई दशक तक वहीं बैठा रहेगा

## अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेंगे विपक्ष : प्रधानमंत्री

**AGENCY NEW DELHI :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद भाषण दिया। प्रधानमंत्री ने कहा- 75वां गणतंत्र दिवस, संसद का नया भवन, सेंगोल की अगुआई। ये सारा दृश्य अपने आप में बहुत ही प्रभावी था। प्रधानमंत्री ने विपक्ष को लेकर कहा- मैंने जब यहां से देखा, तो वाकई इस नए सदन में राष्ट्रपति जी की अगवानी का दृश्य सुखद था। 60 से ज्यादा सदस्य ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विचार व्यक्त किए। मैं सभी का आभार व्यक्त करता हूं। विशेष रूप से विपक्ष ने जो संकल्प लिया है। उसकी सराहना करता हूं। पीएम ने कहा- विपक्ष की एक-एक बात से मेरा और देश का विश्वास पक्का हो गया है। मैंने लंबे समय तक वहां नहीं रहने का संकल्प लिया है। विपक्ष कई दशक तक जैसे यहां (सत्ता) बैठे थे, वैसे कई दशक तक वहां (विपक्ष) बैठने का संकल्प लिया है। जिस पर आप मेहनत कर रहे हैं, ईश्वर रूपी जनता आपको जरूर आशीर्वाद देगी। आप अगले चुनाव में दर्शक दीर्घा में दिखेंगे। मैं देख रहा हूं आप में से बहुत लोग चुनाव लड़ने का हौसला भी खो दिए हैं। मैंने सुना है सीट बदलने की तैयारी में है। बहुत से लोग लोकसभा की जगह राज्यसभा में जाने वाले हैं।

**60** से ज्यादा सदस्य ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विचार व्यक्त किए

- तीसरे टर्म में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा



### कब तक देश को टुकड़ों में देखोगे

राष्ट्रपति का भाषण एक प्रकार से तथ्यों के आधार पर, हकीकत के आधार पर एक बहुत बड़ा दस्तावेज है। जो देश के सामने राष्ट्रपति जी लाती हैं। इस पूरे दस्तावेज को आप देखेंगे तो उस हकीकत को समेटने का प्रयास किया है, जिससे देश स्पीड से प्रगति कर रहा है। किस तेजी के साथ गतिविधियों का विस्तार हो रहा है, उसका लेखा जोखा राष्ट्रपति जी ने दिया। राष्ट्रपति ने चार मजबूत स्तंभों का उल्लेख किया है। नारी शक्ति, युवा शक्ति, गरीब और किसान, मछुआरे और पशुपालक। इनके सशक्तीकरण से देश विकसित भारत बनेगा। अधीर रंजन ने कहा- माइनॉरिटी कहां है तो मोदी बोले- आपके यहां नारी, युवा, गरीब, किसान और मछुआरे शायद माइनॉरिटी नहीं होती क्या? कब तक देश को टुकड़ों में देखोगे। आपकी सोच की मयार्दा देश को दुखी करती है। जनता कहती है कि आपके नेता तो बदलते हैं, टेप रिकॉर्डर वही है। नई बात सामने नहीं आती। पुरानी डफली, पुराना राग। चुनाव का टाइम है। कुछ तो अच्छा करते। आज विपक्ष की जो हालत है, इसकी दोषी कांग्रेस पार्टी है। कांग्रेस का एक अच्छा विपक्ष बनने का अवसर मिला।

### परीक्षा में होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए विधेयक लोकसभा में किया गया पेश

**NEW DELHI :** केंद्रीय कार्मिक मंत्री डॉ जितेन्द्र सिंह ने सोमवार को लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) विधेयक 2024 लोकसभा में प्रस्तुत किया। लोक परीक्षा विधेयक का उद्देश्य परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी की रोकथाम करना है। इसमें कई कड़े प्रावधान किए गए हैं और आवश्यकता पड़ने पर मामले को केन्द्रीय एजेंसियों को सौंपे जाने का भी प्रावधान है। गलत तरीके से परीक्षा पत्र, उसकी सामग्री और जवाब लीक करने तथा अवैध तरीकों से परीक्षार्थी को पास कराने पर कड़ी कार्रवाई के प्रावधान हैं। विधेयक के प्रावधानों के तहत किसी भी अपराध की जांच पुलिस उपाधीक्षक या सहायक पुलिस आयुक्त के पद से नीचे का अधिकारी नहीं करेगा। केंद्र सरकार के पास जांच को किसी भी केंद्रीय जांच एजेंसी को सौंपने की शक्तियां होंगी।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर बोले सीजेआई- लोकतंत्र की हत्या

### चंडीगढ़ नगर निगम की बैठक स्थगित की

**AGENCY NEW DELHI :** सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में निर्वाचन अधिकारी की ओर से धांधली किये जाने के आरोप पर सख्त रुख अपनाते हुए इसे लोकतंत्र की हत्या बताया है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच ने चुनाव का वीडियो देखने के बाद कहा कि निर्वाचन अधिकारी मतपत्र कैसे खराब कर सकता है, उस पर मुकदमा चलना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने 7 फरवरी को होने वाली चंडीगढ़ नगर निगम की बैठक को स्थगित कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो दोबारा चुनाव कराए जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि अभी मतपत्र और मतदान का वीडियो पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट को सौंप दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट में जब चुनाव का वीडियो चलाया गया तो कोर्ट ने कहा कि क्या इस तरह चुनाव आयोजित किए जाते हैं। ये लोकतंत्र का मजाक है।



BRIEF NEWS

### राहुल गांधी ने रामगढ़ में स्वतंत्रता सेनानियों का किया अपमान : सुनीता चौधरी



**RAMGARH :** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर आजसू विधायक सुनीता चौधरी ने कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की है। उन्होंने सोमवार को प्रेस बयान जारी कर कहा है कि राहुल गांधी ने रामगढ़ में स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया है। उनकी यह यात्रा भारत तोड़ो यात्रा बन गई है। उन्होंने कहा कि वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करने की कांग्रेसियों की पुरानी आदत है। रामगढ़ महात्मा गांधी और सुभाष चंद्र बोस की धरती है, यह केवल बैनर और पोस्टर में ही नजर आया। रामगढ़ से गुजरने के कर्म में झारखंड के प्रख्यात सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिके रजरप्पा मंदिर दरबार में वे नहीं गए।

### एडमिट कार्ड नहीं मिलने से आक्रोशित छात्राओं ने किया सड़क जाम

**GIRIDIH :** सदर क्षेत्र के पूर्णानगर की 70 से अधिक छात्राओं को इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर एडमिट कार्ड नहीं मिलने से आक्रोशित छात्राओं और उनके परिजनों ने सोमवार को गिरिडीह - धनबाद रोड जाम कर जैक बोर्ड के साथ प्रशासन और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। छात्राओं को रोड जाम में स्थानीय लोगों का भी सहयोग मिला। स्थानीय लोग भी छात्राओं के साथ रोड जाम कर बीच रोड में भी बैठ गए। एक घंटे से अधिक देर तक सड़क जाम लगा रहा, नारेबाजी होती रही।

### रजिस्ट्रेशन फेल अस्पताल का संचालन, सीएस ने लगाया 50 हजार का जुर्माना

**PALAMU :** रजिस्ट्रेशन फेल होने के बावजूद पुलिस लाइन मेजर मोड़ से सटे इलाके में सिटी शरणम हॉस्पिटल का संचालन किए जाने पर सोमवार को कार्रवाई की गयी। जिले के सिविल सर्जन डा. अनिल कुमार ने सूचना के आलोक में जांच करते हुए अस्पताल प्रबंधन को 50 हजार रूपए का जुमार्ना लगाया। 15 दिनों के भीतर रजिस्ट्रेशन का रिनेवल नहीं कराने पर अस्पताल को सील करने की चेतावनी दी है। कार्रवाई टीम में सीएस के साथ डीपीएम स्वास्थ्य दीपक कुमार, डा. एसके रवि और कर्मी कृष्णकांत सिंह शामिल थे। सिविल सर्जन को सूचना मिली थी कि पुलिस लाइन मेजर मोड़ से सटे क्षेत्र में सिटी शरणम हॉस्पिटल का संचालन रजिस्टेज्शन फेल रहने के बावजूद किया जा रहा है। सीएस ने टीम बनाकर जांच की।

### भवन निर्माण विभाग में टेंडर पेपर बेचने में मनमानी, हंगामा

**PALAMU :** भवन निर्माण विभाग में टेंडर पेपर बेचने में मनमानी के साथ-साथ पक्षपात करने पर सोमवार को हंगामा किया गया। सुदना गायत्री मंदिर रोड के निवासी संवेदक कमल पाठक ने हंगामा करते हुए विभाग के एजाज नामक कर्मी पर मनमानी और पक्षपात करने का आरोप लगाया। कमल पिछले कई दिनों से भवन निर्माण विभाग में टेंडर पेपर खरीदने के लिए जा रहे थे, लेकिन उन्हें अगली बार देने का हवाला देकर वापस भेज दिया जा रहा था। अन्य दिनों की तरह सोमवार को कमल पाठक टेंडर पेपर खरीदने के लिए विभाग में पहुंचे थे। पूर्व की तरह एजाज नामक कर्मचारी ने कमल को टेंडर पेपर नहीं दिया और कार्यपालक अभियंता से बात कर लेने की नसीहत दी। कहा कि कार्यपालक अभियंता से बात होने के बाद ही उन्हें टेंडर पेपर दिया जायेगा। इससे कमल भड़क गए और कार्यालय में हंगामा करने लगे।

### सीआइपी से मानसिक रोगी लापता

**RANCHI :** सीआइपी में इलाज कराने आया मानसिक रोगी दीपक कुमार (30 वर्ष) पिता कैलाश महतो एक फरवरी से लापता है। इस संबध में परिजनों ने कांके थाना को दिये आवेदन में बताया कि दीपक को इलाज के लिये एक फरवरी को दलसिंगसराय, समस्तीपुर बिहार से लेकर आये थे। सुबह ओपीडी के सामने चबूतरा पर मरीज सो रहा था। मरीज को सोया देख परिजन पास के चाय दूकान पर नाश्ता करने गये थे इसी बीच मरीज वहां से भाग गया।

---

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चलाई 200 किलो कोयले से लदी साइकिल, बोले-**

# भाजपा को स्वीकार नहीं आदिवासियों की सरकार, एक साथ खड़े हुए तो बची

**PHOTON NEWS RAMGARH :** झारखंड में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का चौथा दिन है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को अपने यात्रा की शुरूआत रामगढ़ के महात्मा गांधी चौक से की। इस दौरान राहुल गांधी ने साइकिल पर कोयला ले जा रहे युवाओं से मुलाकात की। रांची में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में आपकी सरकार को क्यों हटाया गया। क्योंकि, यहां आदिवासियों की सरकार थी, जो बीजेपी को स्वीकार नहीं। लेकिन, हमलोग एक साथ खड़े हुए तो सरकार बच गई। केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करके लोकतंत्र पर अटैक किया जा रहा है और जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। हमारा गठबंधन लोकतंत्र की आवाज को कभी दबने नहीं देगा। मोदी जी कहा करते है वो पिछड़े वर्ग से है। जब उनसे कहा गया कि जाति जनगणना करवा दीजिए तो उन्होंने कहा कि देश में दो ही जाति है एक अमीर है, एक गरीब है।



कोयला ले जा रहे युवाओं से वार्ता करते राहुल गांधी। ● फोटोन न्यूज

## सार्वजनिक क्षेत्र को किया जा रहा खत्म

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार धीरे-धीरे सार्वजनिक क्षेत्र को खत्म कर रही है। केंद्र सरकार चाहती है कि एचईसी काम न करे और आने वाले दिनों में वे एचईसी का नाम बदलकर अडाणी का नेमप्लेट लगा देंगे। वे इसका निजीकरण करना चाहते हैं। मैं जहां भी जाता हूं, वहां मुझे पीएसयू के लोग हाथों में पोस्टर लेकर खड़े दिखते हैं। उन्होंने कहा कि बीएचईएल, एचएएल और एचईसी को धीरे-धीरे अडाणी के हवाले किया जा रहा है।

**देश में हो रहे अन्याय मोदी जी के मंत्रियों को नहीं दिख रहा :** राहुल गांधी ने कहा कि देश में आर्थिक अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय और मजदूरों के खिलाफ अन्याय हो रहे है। ये अन्याय मोदी जी और उनके मंत्रियों को नहीं दिखता है। इसी को लेकर हमने न्याय यात्रा शुरू की है। हिंसा से कुछ नहीं होने वाला है। इससे बेरोजगारी और महंगाई फैलेगी। इससे केवल अडाणी जी का पैसा बढ़ेगा।

**सरना धर्म कोड लागू होकर रहेगा :** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में लंबे समय से सरना धर्म कोड की मांग हो रही है, लेकिन इसे लागू नहीं किया गया। सरना धर्म कोड देना होगा। उन्होंने जनसभा को आह्वान करते हुए कहा कि हम सरना धर्म कोड दिलाकर रहेंगे।

## नोट बंदी व जीएसटी के जरिए मोदी सरकार पर किया हमला

नोट बंदी व जीएसटी के बाद देश में भयंकर बेरोजगारी फैल गई है। छोटे व्यापारियों को देश में खत्म कर दिया गया है। प्रधानमंत्री ने नोट बंदी के नाम पर छोटे व्यापारियों को खत्म कर दिया है। आज देश का युवा रोजगार हासिल नहीं कर सकता है। जब तक दिल्ली की सरकार नहीं बदलेगी, तब तक देश के युवाओं को रोजगार नहीं मिल सकता है।

## जनसभा से पहले कोयले से लदी साइकिल के साथ शेयर किया फोटो

राहुल गांधी ने जनसभा को संबोधित करने से पहले 200 किलो कोयले से लदी साइकिल को चलाया और इसका फोटो सोशल मीडिया पर शेयर कर लिखा- साइकिल पर 200-200 किलो कोयला लेकर रोज 30-40 किलोमीटर चलने वाले इन युवाओं की आय नाम मात्र है। बिना इनके साथ चले, इनके भार को महसूस किए, इनकी समस्याओं को नहीं समझा जा सकता। इन युवा श्रमिकों की जीवनगाड़ी धीमी पड़ी, तो भारत निर्माण का पहिया भी थम जाएगा।

---

## लोकसभा में 400 पार का लक्ष्य हासिल करेगी भाजपा : सुनीता



बैठक में शामिल लोग। ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** भारतीय जनता पार्टी की बैठक सोमवार को जिला कार्यालय में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश मंत्री सुनीता सिंह ने कहा कि हमारा संगठन सशक्त हैं हमारे कार्यकर्ता सक्षम हमारे केंद्र की सरकार मोदी के नेतृत्व में देश ही नहीं पूरे विश्व में डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन का कार्यक्रम चलो गांव की ओर इस कार्यक्रम में हमारे सभी पदाधिकारी गांव गांव जाकर केंद्र सरकार की योजना को की जानकारी देंगे आने वाला लोकसभा चुनाव में 400 पार लोकसभा सीट जितना लक्ष्य को हमें पूरा करना है।

उन्होंने कहा कि पूरे विश्व के लोग भारत की ओर देख रहे हैं। हमारा केंद्र सरकार जो गांव का विकास कर रहा है। पिछले 60 वर्षों में वह विकास नहीं हुआ था। हमारे सभी कार्यकताओं से आग्रह है केंद्र सरकार की योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक जाकर पहुंचाना है और बताना है कि यह सभी योजना मोदी के द्वारा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज महिला सशक्त हो रही है पंचायत सशक्त हो रहे हैं युवा सशक्त हो रहा है। इसका स्पष्ट उदाहरण हमारी केंद्र सरकार की सभी योजना हैं।

पूर्व मंत्री सधनू भगत ने कहा कि एक एक कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर पुराने एवं सक्रिय कार्यकर्ता से मिले और उनकी समस्या जानते हुए उन्हें एक्टिव करेंए ताकि आने वाला समय में उन्हें चुनाव में ज्यादा से ज्यादा उनका हम लाभ ले सकें।

---

## सात लाख से अधिक कीमत का ब्लू स्टोन बरामद, दो गिरफ्तार

**PHOTON NEWS KODERMA :** कोडरमा थाना अंतर्गत पुरनानगर में एक मकान से सात लाख 50 हजार के कीमती ब्लू स्टोन पत्थर बरामद किए गए हैं। इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि पुरनानगर स्थित संजय पंडित के मकान में ब्लू स्टोन पत्थर का अवैध रूप से भंडारण कर रखा गया है। इसे खरीद बिक्री के लिए जिला से बाहर लेकर जाने वाले हैं। इसके बाद थाना प्रभारी द्वारिका राम के नेतृत्व में छापेमारी टीम का



गठन कर रविवार रात संजय पंडित के घर में छापामारी की गई। छापेमारी के क्रम में संजय पंडित के कमरा और उनके भाई राजू पंडित के कमरे से लगभग 96 किलोग्राम ब्लू स्टोन पत्थर बरामद किया गया, जिसका अनुमानित मूल्य सात लाख 50 हजार है। इस संबंध में कोडरमा थाना में मामला दर्ज किया गया है।

### भतीजे ने चाची से किया दुष्कर्म, पुलिस ने भेजा जेल

**PALAMU :** जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के सेलारी पंचायत क्षेत्र से रिश्तों को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है। भतीजे ने पडोस में रहने वाली चाची के साथ दुष्कर्म किया। मामला सामने आने पर पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। युवक की पहचान संतोष भुइयां उर्फ संतोष कुमार (22) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि संतोष भुइयां तीन फरवरी की रात पड़ोस की चाची के घर का दरवाजा खुलवाया। आवाज सुनकर विवाहित महिला ने दरवाजा खोला। अकेले पाकर संतोष ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इस क्रम में विरोध करते हुए शोर करने पर घर के अन्य सदस्य भी मौके पर पहुंच गए।

## सचित उरांव हत्याकांड में पहली पत्नी ही निकली पति की हत्या की सूत्रधार

**PHOTON NEWS LOHARDAGA :** पुलिस ने शहरी क्षेत्र के करचा टोली में 31 जनवरी को हुई सचित उरांव हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया। हत्या में शामिल किशोरी उरांव (31), चितरंजन कुमार (18) तथा सुलेंद्र कुमार (19) को गिरफ्तार कर लिया गया।

इस संबंध में एसपी हारिस बिन जमा ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि मृतक सचित उरांव की पहली पत्नी किशोरी उरांव ही हत्या का मुख्य आरोपित निकली। किशोरी उरांव अपने प्रेमी चितरंजन कुमार तथा उसके दोस्त सुलेंद्र कुमार से मिलकर अपने पति की हत्या करवायी।

एसपी ने बताया कि घटना के बाद मृतक सचित उरांव की पहली पत्नी से मामले को लेकर पूछताछ की गई। आरोपितों की पहचान भी उससे कराई गई परंतु किशोरी उरांव अपराधियों को पहचानने से इनकार कर दिया। पहचान न करने की स्थिति एवं मानसिक स्थिति देखकर किशोरी उरांव की घटना में संलिप्ट होने का संदेश के आधार पर तकनीकी शाखा से उसके मोबाइल नंबर 89 6958 8544 एवं 9142 340379 का सीडीआर प्राप्त कर विश्लेषण करने पर उनकी संलिप्तता तथा कथित प्रेमी चितरंजन कुमार तथा उसके दोस्त सुलेंद्र कुमार के साथ मिलकर हत्या करने का बात प्रकाश में आया।

किशोरी उरांव की हत्या में संलिप्तता की पुष्टि होने पर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में महिला ने अपना जुर्म कबूल किया। उन्होंने बताया कि वह अपने प्रेमी चितरंजन कुमार और उसके दोस्त सुलेंद्र कुमार के साथ षड्यंत्र रच कर सचित कुमार की हत्या कराने की बात स्वीकार की।

### पूजा बिन्हा बनी तोरपा की नई अंचलाधिकारी

**KHUNTI :** तोरपा की नयी अंचल अधिकारी के रूप में पूजा बिन्हा ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। नई अचंलाधिकारी को निवर्तमान सीओ सच्चिदानंद वर्मा ने पदभार सौंपा। पदभार ग्रहण करने के बाद पूजा बिन्हा ने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान उनकी पहली प्राथमिकता होगी। निवर्तमान सीओ सच्चिदानंद वर्मा का स्थानांतरण रांची के बुढ़मू हुआ है। इधर नई अंचलाधिकारी का स्वागत बीडीओ कुमुद झा व निवर्तमान सीओ ने बुके देकर किया। मौके पर प्रखण्ड व अंचल के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।

## झारखंड जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली गई बाइक रैली

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड मुक्ति मोर्चा अल्पसंख्यक मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष फरीद खान के नेतृत्व में सैकड़ो मोटरसाइकिल से रैली रतन टॉकीज मेंन रोड से डोरंडा, हिनू , बिरसा चौक और विधानसभा तक निकाली गई। झारखंड के युवा और यशस्वी पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के समर्थन में विधानसभा तक निकाली गई। जन्म अल्पसंख्यक मोर्चा किया रैली रतन टॉकीज में रोड से होते हुए हिनू बिरसा चौक झारखंड विधानसभा तक गई और बीच-बीच में रैली में लोग हेमंत है तो हिम्मत है, हेमंत जेल की दीवार टूटेगी , हेमंत सोरेन जेल से छूटेगा किनारे लगाते हुए जा रहे थे। रैली में हजारों हजार की संख्या में भीड़ मौजूद थी। जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा के रांची जिला अध्यक्ष फरीद खान ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा का इतिहास आंदोलन



रैली में शामिल मोर्चा के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

का रहा है. इससे जेएमएम कार्यकर्ता न ही हेमंत सोरेन डरने वाले हैं। उनके खिलाफ कोई केस नहीं बनता है। राजनीतिक विद्वेष के कारण उनकी गिरफ्तारी की गई है। केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार ईडी के द्वारा लगातार उन्हें तंग करने का प्रयास कर रही है हम इसका विरोध करते हैं । फरीद खान कहा केंद्र सरकार झारखंडियों के सब्र का इम्तेहान न लें। आज देश में जहां-जहां भाजपा की सरकार नहीं है, वहां सभी केंद्रीय सरकारी संस्था-एजेंसी सक्रिय हो गई है, जिससे विपक्ष के नेताओं को झूठे मामले में फंसाया जा सके। भाजपा येन-केन प्रकारेण सरकार को अस्थिर कर- के अपनी सरकार बनाने की कोशिश में लगी है, लेकिन झारखंड में उसका सपना पूरा नहीं होगा। हेमंत सोरेन जेल से जल्द छूटेगा। इस मौके पर निवर्तमान पार्षद पप्पू गद्दी,अमन खान ,परवेज अख्तर, नौशाद आलम , राहुल तिर्की, सलीम तिर्की,फिरोज अंसारी समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे।

### जाकिर अंसारी के नेतृत्व में नेवरी चौक, रिंग रोड में राहुल गांधी का स्वागत

**RANCHI :** जाकिर अंसारी, भारत जोड़ो न्याय यात्रा नेवरी चौक रिंग रोड के संयोजक सह नेशनल मोमिन कॉन्फ्रेंस रांची जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में हजारों हजार की संख्या में लोगों ने ढोल बाजे और नगाड़े के साथ राहुल गांधी का भव्य स्वागत किया। इस मौके पर जाकिर अंसारी ने कहा कि राहुल गांधी झारखंड भारत जोड़ो न्याय यात्रा से देश में एक नई ऊर्जा पैदा हुई है और आने वाला 2024 में झारखंड और देश में कांग्रेस एक मजबूत स्थिति में पहुंचेगी। देश में नफरत की राजनीति खत्म होगी मोहब्बत की राजनीति की शुरूआत होगी। इस मौके पर हजारों लोग खड़े थे और लगातार राहुल गांधी राहुल गांधी के समर्थन में नारेबाजी कर रहे थे राहुल गांधी को ईरबा से निकलने के बाद शहीद मैदान धुर्वा में सभा को संबोधन करना था इसलिए वह बिना रुक हुए सीधे निकल गए। इस मौके पर नसीम अंसारी कांके प्रखंड मंडल अध्यक्ष कांग्रेस, असलम अंसारी, समीउल्लाह, इरशाद आलम, सज्जाद अंसारी, कामेश्वर मुंडा, हुमायूं, सद्दाम आलम, केदार पासवान, अतहर इमाम सुरेश कुमार बैठा समेत कई लोग मौजूद थे।

**दो दिवसीय ऐनुल हक अंसारी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का फाइनल**

## पतराटोली ने पिरुटोला को 11 रनों से हराकर खिताब किया अपने नाम

**PHOTON NEWS RANCHI :** ऐनुल हक अंसारी दो दिवसीय डे नाईट सर्कल क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 का फाइनल मैच पिरुटोला मैदान में किया गया। टूर्नामेंट में कुल 16 टीमो ने भाग लिया। जिसमें पतराटोली कांके और पिरुटोला के बीच फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मुकाबले में पतराटोली कांके की टीम ने पिरुटोला टीम को 11 रनों से शिकस्त दे कर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीमों को अतिथियों के हाथों पुरस्कार से सम्मानित किया किया गया। विजेता रहे कांके पतराटोली टीम पहला पुरस्कार 25 हजार नगद और एक बड़ा कप दिया गया। वही रनर रहे पिरुटोला टीम को 15 हजार नगद और एक छोटा कप दे कर सम्मानित किया गया। वहीं अतिथि के रूप में मौजूद झारखंड पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद ने फाइनल जितने वाली टीम को अलग से 11 हजार नगद दे कर टीम की हौसला अफजाई की।



विजेता टीम को पुरस्कार देते अतिथि। ● फोटोन न्यूज

टूर्नामेंट का फाइनल मैच में अतिथि के रुप में मुख्य रूप से पूर्व जीप सदस्य सह झारखंड पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अईनुल हक अंसारी, झारखंड पार्टी के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रिजवान अहमद, कांग्रेस नेता सुरेश कुमार बैठा, प्रमुख सोमनाथ मुंडा, जेएमएम नेता जावेद अख्तर, कांग्रेस प्रवक्ता कृतिका त्रिपाठी, पूर्व जिला परिषद सदस्य मो. मोजिबुल अंसारी, आजसू नेता अमन लाल सहदेव, मुखिया लाखो उरांव, उप मुखिया गुफरान अंसारी, पूर्व मुखिया सोमरा उरांव,रातू सदर अताउल्लाह अंसारी, मो. शमीम बरेहार, यूवा कांग्रेस नेता अनन्त झा, आयुष अग्रवाल, शफीउल्लाह उर्फ बबलू, सुलेमान, नसीम, नेसार, हाजी आबिद, एवम अनेक नेतागण उपस्थित थे। को सफल बनाने में समिति के संरक्षक फिरदोश आलम, अध्यक्ष मो. खालिद सैफुल्लाह, सद्दाम हुसैन, आशिक अंसारी, ताजिम अंसारी, हजरूल अंसारी, मनौवर अंसारी रफीक अंसारी का अहम योगदान रहा।

**तोरपा में आयोजित तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्र किसान मेला का हुआ समापन, राज्यपाल ने कहा-**

# कृषि के साथ आय के वैकल्पिक स्रोतों को अपनाएं किसान

**PHOTON NEWS KHUNTI :** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा की धरती पर आयोजित पूर्वी क्षेत्र किसान मेला किसानों के हित में की गई एक उल्लेखनीय पहल है। इस मेले में किसानों को नई कृषि तकनीकों के साथ ही आधुनिक कृषि पद्धति और उन्नत ऑर्गेनिक फार्मिंग का प्रशिक्षण प्राप्त हुआ और विभिन्न स्थलों से आए प्रगतिशील किसानों ने अपना अनुभव भी साझा किया। इससे निश्चित ही उनकी उत्पादकता के साथ-साथ आमदनी भी बढ़ेगी। राज्यपाल सोमवार कों तोरपा प्रखंड के दियांकल स्थित कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में आयोजित तीन दिवसीय पूर्वी क्षेत्र किसान मेला के समापन समोराह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

इसके पूर्व समापन समारोह का उद्घाटन राज्यपाल के राधाकृष्णन, डॉ अभिजीत कर, निदेशक, आइसीएआर- एनआइएसए, बिरसा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ एससी दुबे, डॉ निर्मल कुमार, उपायुक्त लोकेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेला में लगभग डेढ़ सौ स्टॉल लगाये गये थे।




दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन करते राज्यपाल। ● फोटोन न्यूज

राज्यपाल के साथ बड़ी संख्या में किसानों ने इनका अवलोकन किया व कृषि संबंधी नवाचारों की जानकारी ली। निदेशक डॉ. अभिजीत कर ने स्वागत भाषण दिया। मेले में कृषि संबंधी विभिन्न विषयों (उन्नत कृषि पद्धति, बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन, मधुमक्खी पालन, लाख व तसर उत्पादन आदि) पर गोष्ठियों का आयोजन किया गया और प्रगतिशील कृषकों एवं कृषि-उद्यमियों को कई श्रेणियों में पुरस्कार भी दिए गए। राज्यपाल ने कृषि मेले के दौरान लगाए गए स्टॉल में से चयनित 10 स्टॉल को सांत्वना पुरस्कार प्रदान कियाा। तृतीय स्थान पर कृषि विज्ञान केंद्र, जामताड़ा एवं जेएसएलपीएस, द्वितीय आइएसीआर निंफेट कोलकाता, नंदी ग्रीन सॉल्यूशंस और प्रथम पुरस्कार स्टेपपिफाई लेप्स प्रा लि को प्रदान किया गया। मेले में टाटा ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया है। मेले की थीम थी सतत एवं चक्रीय जैव अर्थव्यवस्थाः आत्मनिर्भर व विकसित भारत का उत्प्रेरक।

किसानों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के कल्याण के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की। उन्होंने 15 नवंबर, 2023 (भगवान बिरसा मुंडा की जन्म तिथि) को जनजातीय गौरव दिवस मनाने का निर्णय लिया। राज्यपाल ने कहा कि अर्जुन मुडा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री का पदभार ग्रहण करने से पूर्वी क्षेत्र के किसान जागरूक होंगे और इस क्षेत्र की जलवायु के अनुसार कृषि को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि यहां की मिट्टी के लिए कौन सी फसल श्रेयस्कर है, इसकी जानकारी किसानों को मिलेगी। इससे कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव आ सकता है।

उन्होंने किसानों को कृषि के साथ आय के अन्य वैकल्पिक स्रोतों जैसे बागवानी, सब्जी उत्पादन, फूल उत्पादन, बकरी पालन, गौ पालन आदि अपनाने का भी आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि यह किसान मेला किसानों के लिए वरदान साबित होगा और वे उन्नत कृषि कें लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने किसानों को सम्मानित करते हुए कहा, अन्नदाता सुखी भव।

## फ्लोर टेस्ट भाजपा के मुंह पर तमाचा : विजय नायक

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन सोमवार को चंपाई सोरेन की नेतृत्व वाली झामुमो, कांग्रेस, राजद गठबंधन की सरकार ने सोमवार को विश्वास मत हासिल किया। विश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में चंपाई सोरेन सरकार को 47 मत मिले, जबकि विपक्ष में 29 वोट पड़े। इसपर खुशी जाहिर करते हुए संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह प्रभारी झारखंड-छत्तीसगढ़ विजय शंकर नायक ने अपनी प्रतिक्रिया दी। नायक ने भाजपा को भी आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा कि सरकार का विश्वास मत हासिल करना लोकतंत्र की हत्या करने वाली एंव झारखंड में संविधान का गला घोटने वाली भाजपा के मुंह में बड़ा तमाचा है। झारखंड के सीएम चंपाई सोरेन ने फ्लोर टेस्ट जीतकर शाबित कर दिया कि भाजपा केंद्र सरकार व राज्यपाल के समर्थन से झारखंड की सरकार को गिराने का षड्यंत्र रच ले मगर उनका सपना पूरा नहीं होगा।



विजय नायक।

नायक ने चंपई सोरेन को बधाई देते हुए कहा कि वे झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी समाज के हितों की रक्षा करें। खतियान आधारित स्थानीय एवं नियोजन नीति, सीएनटी एसपीटी एक्ट को लज्द लागू करें। पेसा एक्ट को लागू कर व जातीय जनगणना कर नए सिरे से आरक्षण में वृद्धि करना, विशेष भरती अभियान चलाकर संपूर्ण खाली पड़े पदों पर अविलंब नियुक्ति करना, इन सभी मांगों को पूरा करें। झारखंड के दलित आदिवासी मूलवासी समाज के सपने को सरकार पूरा करे।

BRIEF NEWS

### 10 से शुरू होगा मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम

**RANCHI :** राज्य भर में 10 फरवरी से फाइलेरिया प्रभावित जिलों में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम की शुरूआत की जाएगी। राज्य के वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ। वीरेंद्र कुमार ने सोमवार को बताया कि राज्य के सभी 24 जिले फाइलेरिया मे प्रभावित हैं, जहां सुनियोजित रणनीति के साथ साल में दो बार कार्यक्रम हो रहे हैं। प्रथम चरण 10 फरवरी से झारखंड के 14 फाइलेरिया प्रभावित जिलों में शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया या हाथी पांव एक गंभीर नेग्लेक्टेड ट्रॉपिकल डिजीज है, जो संक्रमित मच्छर के काटने से फैलता है।

### भंडाफोड़ : सात हजार लीटर स्प्रिट बरामद

**RANCHI :** उत्पाद विभाग ने अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। उत्पाद विभाग के टीम ने कार्रवाई करते हुए कांके रिंग रोड स्थित पिठोरिया ग्लास फैक्टरी के पास से अवैध शराब बनाने में उपयोग आने वाले स्प्रिट बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक उत्पाद विभाग को जानकारी मिली थी कि कांके रिंग रोड के पास अवैध शराब बनाने का काम किया जा रहा है। जिसके बाद मौके पर टीम पहुंचकर यह कार्रवाई की। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

### दुष्कर्म का आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**RANCHI :** रांची सिविल कोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी राहुल रंजन को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। राहुल रंजन के खिलाफ रांची के महिला थाना में वर्ष 2020 में कांड संख्या 43 दर्ज करवाई गई थी। उसपर एक युवती ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। इस मामले की सुनवाई रांची सिविल कोर्ट के अपर न्यायुक्त (15) दिनेश कुमार राय की कोर्ट में हुई। आरोपी की ओर से अधिवक्ता अमन कुमार राहुल ने बहस की। पुलिस द्वारा राहुल रंजन के खिलाफ लगे आरोपों को साबित करने के लिए 6 गवाह कोर्ट में पेश किया गया, लेकिन ये सभी गवाह ये साबित नहीं कर पाए कि राहुल रंजन गुनहगार है। जिसके बाद कोर्ट ने उसे बरी कर दिया।

### रांची पहुंची अयोध्या आस्था स्पेशल ट्रेन

**RANCHI :** झारखंड आस्था स्पेशल ट्रेन अयोध्याधाम राम जन्म भूमि मन्दिर से दर्शन कर सोमवार को वापस रांची पहुंची। ट्रेन के पहुंचते ही पूरा स्टेशन परिसर जय श्री राम के नारों से गूंज उठा। दो फरवरी को 1500 लोग आस्था स्पेशल ट्रेन से श्री अयोध्याधाम रामजन्मभूमि मंदिर तीर्थ के लिए रांची से गए थे। तीन फरवरी को ट्रेन श्री अयोध्या धाम पहुंची थी। तीन और चार फरवरी को वहां सभी लोग सरयू नदी, हनुमान गढ़ी, श्रीरामजन्म भूमि दर्शन किए और अयोध्या क्षेत्र भ्रमण कर वापस रांची लौटे। यात्रा प्रमुख सह विहिप प्रांत सह मंत्री रंगनाथ महतो ने सोमवार को बताया की ट्रेन के अन्दर भी कोई जय जय श्रीराम के जयकारे लगा रहा था,तो कोई हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ रहा था।

### डीएसपीएमयू का पहला दीक्षांत समारोह 21 को

**RANCHI :** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) का पहला दीक्षांत समारोह 21 फरवरी को रांची विवि के दीक्षांत मंडप में आयोजित की जायेगी। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन इस दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि होंगे। 23 फरवरी को डिग्री डिस्ट्रीब्यूशन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस बात की जानकारी विवि के कुलपति प्रो। तपन कुमार शांडिल्य ने दी। शांडिल्य ने बताया कि दीक्षांत समारोह में रांची कॉलेज से पास किये स्नातक और स्नातकोत्तर के छात्रों को भी गोल्ड मेडल और डिग्री दी जायेगी। कहा कि जिन छात्र-छात्राओं ने अब तक गोल्ड मेडल के लिए रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है, वे अंतिम समय पर भी करवा सकते हैं। गोल्ड मेडल लेने वाले छात्रों को रजिस्ट्रेशन का कोई शुल्क नहीं लगेगा।


atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


## राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों का हंगामा, जमकर की नारेबाजी

# हमारी सरकार झारखंड के लोगों को एक स्वच्छ व साफ सुथरी सरकार देने को वचनबद्ध : गवर्नर

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड की राजनीति के लिए सोमवार को बड़ा दिन था। झारखंड के नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार को दो दिवसीय राज्य विधानसभा सत्र के पहले दिन सोमवार को विश्वास मत हासिल किया। इसके पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का अभिभाषण शुरू हुआ। राज्यपाल ने आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की सरहाना की। राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार झारखंड के लोगों को एक स्वच्छ और साफ सुथरी सरकार देने को वचनबद्ध है। विधि व्यवस्था और लॉ एंड ऑर्डर में सुधार हुआ है। एक साल से सरकार ने कई ऐसी काम किये, जिसका फायदा जनता को मिल रहा है। हमारा राज्य हर एरिया में विकास के नये आयाम तय कर रहा है। उद्योग के क्षेत्र में भी कई काम हुए। राज्यपाल के अभिभाषण के बीच सत्ता पक्ष के विधायकों ने केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सबसे पहले विधायक प्रदीप यादव अपनी जगह से खड़े होकर हंगामा करने लगे। वो हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को गलत बता रहे थे। सत्ता पक्ष के कई सारे विधायक हाय-हाय का नारा लगाने लगे। राज्य सरकार को अस्थिर करने और हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को गलत बताया। विधायकों ने ईडी अपना केस वापस लो की नारेबाजी की। विधायक शिबू सोरेन जिंदाबाद और हेमंत सोरेन जिंदाबाद के नारे लगाए। शोर गुल के बीच राज्यपाल ने राज्य सरकार के काम की सराहना की। राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जोहार के साथ समाप्त किया।

**कांग्रेस के कई विधायक नाराज थे, इसलिए 10 करोड़ खर्च कर चार्टर्ड प्लेन में बैठाया :** भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के विधायकों को 10 करोड़ देकर चार्टर्ड प्लेन में बैठाया गया। क्योंकि कांग्रेस के कई विधायक नाराज थे। हैदराबाद से लौटने के बाद भी सर्किट हाउस में कई विधायकों को दक्षिण दिया गया। इसका मतलब साफ है कि सरकार के अंदर सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। मुझे लगता है कि यह सरकार फ्लोर टेस्ट में अपना बहुमत साबित नहीं कर पायेगी।

**हेमंत सोरेन बाहरी लोगों की सलाह के चक्कर में जेल चले गये :** भाजपा विधायक अमित मंडल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बाहरी लोगों की सलाह के चक्कर में जेल चले गये। इसलिए वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री से आग्रह है कि वह ऐसे लोगों से बचें।



विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान अभिभाषण देते राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन।

## भाजपा पर बरसे आलमगीर आलम, कहा- विधायकों को बाहर ले जाने की परंपरा 2005 में आपने शुरू की

**RANCHI :** कांग्रेस विधायक आलमगीर आलम ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि आप लोग अपने बाप-दादा के कामों को भूलने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हवाई जहाज से लेकर रेल तक, आज देश में जो भी है, वह कांग्रेस के कामों के कारण है। आलमगीर आलम ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि सबसे पहले 2005 में आपने यहां विधायकों को बाहर ले जाने का काम किया। यह परंपरा आपने शुरू की है। कांग्रेस ने देश की आजादी की लड़ाई लड़ी और देश को आजाद किया। भाजपा के एक नेता ने भी देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। ये लोग पूरे देश में ऑपरेशन लोटस चला रहे हैं, जो भाजपा के साथ नहीं जायेगा, वो जेल जायेगा। कांग्रेस विधायक ने कहा कि 2019 में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी। कोरोना महामारी आयी। अखबार, मीडिया उस समय का देख लें कि उन्होंने क्या-क्या कर दिखाया। जनता ने हमें पांच सालों के लिए चुना है। भाजपा अपने गिरेबान में झांकें। हेमंत सरकार गरीबों के लिए सर्वजन पेंशन लायी, इसमें क्या गलत किया। उन्होंने कहा कि हम लोगों ने कई बार केंद्र से आवास के लिए मदद मांगी। अंततः हम लोगों ने अबुआ आवास योजना शुरू की। इसके लिए 30 लाख आवेदन आए। हम भरोसा दिलाते हैं कि आने वाले दिनों में सभी 30 लाख आवेदकों को अबुआ आवास का लाभ देंगे।



## ईडी ने कहा कि मुझे विधानसभा में भी नहीं बोलना है : हेमंत सोरेन

**RANCHI :** हेमंत सोरेन ने सदन में चंपाई सोरेन के विश्वासमत का समर्थन करते हुए कहा कि मुझे कोर्ट का आदेश है कि मीडिया के सामने या बाहर कोई बयान नहीं देना है। ईडी से मैंने पूछा कि क्या मैं सदन में भी कुछ नहीं बोल सकता। इस पर उन्होंने कहा कि नहीं, आप सदन में भी कुछ नहीं बोल सकते। तो मैंने कहा कि विधानसभा में आईए, स्पीकर की कुर्सी पर बैठकर मुझे यह आदेश दीजिए। झामुमो विधायक ने कहा कि अब विधानसभा और राष्ट्रपति भवन, लोकसभा और राज्यसभा से भी लोग अरेस्ट होंगे। 150-200 सांसदों के निलंबन को क्या इतिहास के पन्नों पर सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा? उन्होंने आदिवासियों का आह्वान किया कि आप तैयार हो जाइए।

## आप गलत नहीं हैं तो सामना करें : सुदेश

**PHOTON NEWS RANCHI :** सदन में आजसू विधायक सुदेश कुमार महतो ने अपनी बात को रखते हुए कहा कि परिस्थिति कुछ भी हो लेकिन वर्तमान और झारखंड के आंदोलनकारी मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि इस बात की खुशी है कि आज एक झारखंड आंदोलनकारी चंपाई दा मुख्यमंत्री बने हैं। व्यक्तिगत तौर पर हेमंत सोरेन के प्रति मेरी संवेदना है, मगर हेमंत जी ने झारखंड आंदोलन में प्रत्यक्ष तौर पर हिस्सा नहीं लिया। इसलिए वो झारखंड आंदोलन की बात न करे। सुदेश महतो ने कहा कि जब आप गलत नहीं हैं तो सामना करें। भागे क्यों रहे थे। देश के प्रधानमंत्री और कांग्रेस के बड़े नेता भी एजेंसी के पास गये हैं। मगर इसके लिए किसी पार्टी को दोष देना या किसी सरकार को दोष देना उचित नहीं है।

## रघुवर कार्यकाल में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए : विनोद सिंह

माले के विधायक विनोद सिंह ने कहा कि पूरा सदन भाजपा के खिलाफ खड़ा है। इसमें कोई शक नहीं है कि हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल भेजा गया। प्रफुल्ल पटेल, छगन भुजबल सहित कई ऐसे उदाहरण हैं। भ्रष्टाचार की बात अगर झारखंड में आयी तो पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास भी नहीं बच सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि रघुवर दास भी जमीन घोटाले की आरोपित रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के समय में सबसे अधिक जमीन घोटाले हुए। भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करनी है तो पूरे देश में की जाये। भाजपा शासित राज्यों में भी जांच एजेंसियां जाएं और जांच करें।



## बेनामी संपत्ति अर्जित करना क्राइम : मरांडी

बाबूलाल मरांडी ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा- हमने कभी नहीं कहा कि जमीन उनके नाम पर है। हमने कहा था कि आपने बेनामी संपत्ति अर्जित की है। किसी भी व्यक्ति के द्वारा बेनामी संपत्ति अर्जित करना क्राइम है। जिन लोगों के नाम से उन्होंने संपत्ति अर्जित की थी, उन्होंने सब सच बता दिया। जांच में सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इसके बाद जो जानकारी मिली है, उसकी तहकीकात आपलोग कर लें। उन सारी संपत्तियों को इसी सप्ताह री-स्टोर भी कराया है। इन सब चीजों की तहकीकात करेंगे, तो पता चलेगा कि किस तरह उन्होंने नामी-बेनामी संपत्ति अर्जित की है। यह भी पता चल जाएगा कि किस तरह से इन्होंने झारखंड को लूटा है। बालू से लेकर पत्थर, लोहा, कोयला और जमीन की लूट हुई है। इसमें हेमंत सोरेन और उनके परिवार लिप्त हैं। जांच के बाद सब दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

## हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बताएं मगर कोई कानून से ऊपर नहीं : अमर



**RANCHI :** झारखंड विधानसभा में सोमवार को विपक्ष के नेता अमर बावरी ने कहा कि हेमंत गलत नहीं हैं तो कोर्ट को बताएं, मगर कोई कानून से ऊपर नहीं है। हेमंत सोरेन की सरकार भ्रष्टाचार के संगीन आरोपों की वजह से गयी है। उन्होंने कहा कि क्या इन्हें नहीं पता है कि राज्यपाल का अभिभाषण केंद्र सरकार लिखकर नहीं देती है, राज्य सरकार लिखकर देती है। केन्द्र में मोदी सरकार आने के बाद कहीं भी राष्ट्रपति शासन नहीं लगा। राज्यपाल के भाषण के दौरान सत्ता पक्ष के विधायकों की हूटिंग सही नहीं है। हेमंत सोरेन आदिवासी लीडर हो सकते हैं, लेकिन आदिवासियों, दलित और पिछड़े वर्ग के लीडर नहीं हो सकते हैं। विपक्ष के नेता अमर बावरी ने कहा कि संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग की बात करें तो कांग्रेस के शासनकाल में विभिन्न राज्यों में करीब 90 बार से अधिक राष्ट्रपति शासन लगाया गया। इंदिरा गांधी के कार्यकाल में सबसे अधिक 50 बार लगाया गया। अमर बावरी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासियों को आगे बढ़ाने का काम किया। शिबू सोरेन को पहली बार बाबूलाल मरांडी ने राज्यसभा भेजा। एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति भाजपा ने बनाया। बावरी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस का आदिवासी प्रेम केवल ढोंग है। उसने मधुकोड़ा को मुख्यमंत्री बनाकर जेल भेजने का काम किया। शिबू सोरेन को भी जेल भेजने का काम कांग्रेस ने किया। कांग्रेस की सरकार रहती तो हेमंत बाबू इतने दिन तक मुख्यमंत्री नहीं रहते। कांग्रेस कभी नहीं चाहती है कि यहां के आदिवासी, दलित और पिछड़ों का विकास हो। उन्होंने कहा कि इनका सरकार पर विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि कई आदिवासियों को पद्मश्री किसने दिया।

## बड़गाईं के राजस्व निरीक्षक भानू प्रताप चार दिनों की ईडी रिमांड पर

**PHOTON NEWS RANCHI :** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से संबंधित 8.5 एकड़ बड़गाईं अंचल की जमीन दखल के मामले में बड़गाईं अंचल के राजस्व निरीक्षक (हल्का कर्मचारी) निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को रिमांड पर लेने के ईडी के आग्रह पर ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी की ओर से पूछताछ के लिए 10 दिनों की रिमांड देने का आग्रह कोर्ट से किया गया। कोर्ट ने भानु प्रताप से पूछताछ के लिए चार दिनों की रिमांड ईडी को प्रदान की। रिमांड की अवधि मंगलवार से शुरू होगी। भानु प्रताप पहले से ही बरियातू की सेना की जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद हैं। शनिवार को ईडी ने उन्हें इस मामले में भी गिरफ्तार किया था। ईडी हेमंत सोरेन और भानु प्रताप को आमने-सामने बैठा कर पूछताछ करना चाहता है। क्योंकि भानु प्रताप के आवास से ही बरामद दस्तावेज और उसके मोबाइल से मिली जानकारी के आधार पर ईडी ने इस मामले में ईसीआईआर 6 /2023 दर्ज किया है और मामले की जांच कर रहा है। इस मामले में भानु प्रताप प्रसाद, हेमंत सोरेन एवं अज्ञात अन्य को आरोपित बनाया गया है।



## भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज पिटीशन ईडी कोर्ट ने की खारिज

**RANCHI :** बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद की डिस्चार्ज पिटीशन एड के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की कोर्ट ने खारिज कर दी। पूर्व में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरे होने के बाद कोर्ट ने मामले में फैसला सुरक्षित रखा था। बता दें कि बरियातू स्थित 4.55 एकड़ सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में ईडी ने रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन, कारोबारी विष्णु अग्रवाल, बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद, फर्जी रैयत प्रदीप बागची, जमीन कारोबारी अफसर अली, इम्तियाज खान, तल्हा खान, फैयाज खान व मोहम्मद सद्दाम, अमित अग्रवाल और दिलीप घोष के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है।

## हेमंत सोरेन की क्रिमिनल याचिका पर हाईकोर्ट में जवाब दाखिल करेगा ईडी, 12 फरवरी को होगी सुनवाई

**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल क्रिमिनल याचिका पर सोमवार (5 फरवरी) को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को 9 फरवरी तक जवाब दाखिल करने के लिए कहा। इसके साथ ही केस की सुनवाई की नई तारीख मुकर्रर कर दी। कोर्ट ने कहा कि अगली सुनवाई 12 फरवरी को होगी। हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। उनकी इसी याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस एके राय की पीठ में सुनवाई हुई।





### हेमंत के खिलाफ कार्रवाई गैरकानूनी : कपिल सिब्बल

हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने कोर्ट को बताया कि उनके मुवक्किल की गिरफ्तारी गैरकानूनी है। प्रवर्तन निदेशालय ने हेमंत सोरेन के खिलाफ अब तक जो कार्रवाई की है, वह पूरी तरह से गलत है। उनकी गिरफ्तारी, उनकी रिमांड, सब कुछ गलत है। उनके मुवक्किल के खिलाफ कोई आरोप बनता ही नहीं है, फिर गिरफ्तारी क्यों हुई। कपिल सिब्बल ने यह भी कहा कि हेमंत सोरेन के खिलाफ हुई कार्रवाई राजनीति से प्रेरित है। झारखंड की सरकार को अस्थिर करने के इरादे से ही राजनीतिक विद्वेष के तहत उनके खिलाफ यह कार्रवाई केंद्र सरकार के इशारे पर की गई है।

- हेमंत के खिलाफ जारी कार्रवाई को बताया राजनीति से प्रेरित

### कपिल सिब्बल ने हेमंत सोरेन, अमित दास ने ईडी का रखा पक्ष

हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में ईडी के खिलाफ दायर रिट पिटीशन वापस लेने के लिए आईए दाखिल की थी। लेकिन, सुप्रीम कोर्ट में जब उनकी याचिका खारिज हो गई, तो उन्होंने आईए वापस ले लिया। इसके बाद अमेंडमेंट पिटीशन फाइल हुई। सप्लीमेंट्री डॉक्युमेंट्स भी पेश किए। सुप्रीम कोर्ट के सीनियर वकील कपिल सिब्बल और पीयूष चित्रेश ने हेमंत सोरेन का पक्ष रखा। वहीं, ईडी का पक्ष अमित कुमार दास ने रखा।

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा लेकर रांची पहुंचे राहुल गांधी, क्रेंद सरकार पर जमकर किया कटाक्ष

# देश को हमने अलग रास्ता दिखाया, यात्रा हुई सफल : राहुल

**PHOTON NEWS RANCHI :** वायनाड सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा झारखंड की राजधानी रांची सोमवार को पहुंची। पुराने विधानसभा के पास मौजूद शाहिद मैदान में सभा का आयोजन हुई। उन्होंने लोगों के मिले समर्थन पर आभार प्रकट किया और राज्य में आदिवासी, ओबीसी और दलितों के हक अधिकार को लेकर जानता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आपलोगों ने बीजेपी और आरएसएस की साज़िश को रोका, इसके लिए बधाई। लाखों लोगों ने भारत जोड़ो यात्रा में समर्थन दिया। देश को हमने अलग अन्य रास्ता दिखाया। यह यात्रा काफी सफल हुई। झारखंड, ओड़िशा, बंगाल और अन्य राज्यों से लोग आये और कहा कि मणिपुर से एक यात्रा की शुरूआत करनी चाहिए। अपने देखा कि झारखंड के लोग किस तरीके से इसका समर्थन कर रहे हैं।

**मोदी अब अपने भाषणों में दो जातियों का जक्र करते हैं :** पहले पीएम मोदी भाषण में बताते थे कि मैं ओबीसी से हूं। जब मैंने ओबीसी जनगणना की बात कही तो ओबीसी बोलना बंद कर दिया।

**देश में पांच वर्गों के खिलाफ हो रहे अन्याय के खिलाफ है न्याय यात्रा :** देश में सामाजिक अन्याय, महिलाओं के खिलाफ अन्याय, किसानों के खिलाफ अन्याय, युवाओं के खिलाफ अन्याय हो रहे हैं। इस अन्याय के खिलाफ हमने न्याय यात्रा की शुरूआत की है। एक दूसरे को लड़ाने का कम करते हैं। समाज में हिंसा फैला कर अपका पैसा अडानी के जेब में पहुंचाते हैं।

**बीजेपी को झारखंड में आदिवासी सीएम बर्दास्त नहीं :** झारखंड में आदिवासी सीएम को बर्दास्त नहीं कर सकते हैं। इसलिए इस सरकार को हटाने का प्रयास हुआ। लेकिन गठबंधन एकजुट हुआ और सरकार बच गई। यह लोकतंत्र पर हमला कर रहे हैं। इंडी गठबंधन इस मंसूबे को कभी कामयाब नहीं होने दगा। केंद्र सरकार को सरना कोड देना होगा। यह काम हम करवा कर रुकेंगे।





भारत जोड़ो न्याय यात्रा में कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी व कांग्रेस के नेता-मंत्री।

## अरुण कुमार राय ने हाईकोर्ट के जज के रूप में ली शपथ



**PHOTON NEWS RANCHI :** झारखंड हाई कोर्ट में सोमवार को ज्यूडिशियल कमिश्नर (न्यायायुक्त) अरुण कुमार राय ने हाई कोर्ट के जज के रूप में शपथ ली। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस. चंद्रशेखर ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस मौके पर हाई कोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्रार जनरल, महाधिवक्ता राजीव रंजन, डीजीपी, एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट की अध्यक्ष रितु कुमार, अधिवक्ता धीरज कुमार आदि उपस्थित थे। 31 जनवरी को न्यायिक अधिकारी अरुण कुमार राय की हाई कोर्ट के जज के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की गई थी। 18 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने अरुण कुमार राय को झारखंड हाई कोर्ट के जज के रूप में नियुक्त करने की अनुशंसा केंद्र सरकार से की थी। अरुण कुमार राय ने 5 मई 2012 को ज्यूडिशियल सर्विस ज्वाइन किया था।

BRIEF NEWS

## बाइक-स्कूटी की आमने-सामने टक्कर, 4 घायल, एक गंभीर



ROURKELA : विरमित्रपुर में सोमवार को बाइक-स्कूटी की आमने-सामने टक्कर हो गई । दुर्घटना में 4 लोग घायल हुए है, वहीं एक की हालत गंभीर है। स्कूटर सवार को गंभीर हालत में राउरकेला सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा विरमित्रपुर थाना अंतर्गत जलंगबीरा पंचायत के बाराबंश के पास हुआ। हादसा रविवार दोपहर बीरमित्रपुर-हतीबारी रोड पर हुआ। एक बाइक पर सवार तीन युवकों को सामने से आ रहे स्कूटर से टक्कर हो गई। चारों युवक सड़क पर गिरे पड़े थे, बाद में स्थानीय लोगों ने घायलों को विरमित्रपुर अस्पताल पहुंचाया। वहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## श्रम मंत्री ने 2.30 करोड़ रुपये के कम्युनिटी हॉल की रखी आधारशिला



ROURKELA : सिविल टाउनशिप, राउरकेला में कम्युनिटी हॉल जिसकी अनुमानित लागत लगभग 2.30 करोड़ रुपये है। इस कम्युनिटी हॉल की आधारशिला श्रम मंत्री शारदा प्रसाद नायक ने रखी। सिविल टाउनशिप के अंचल में इस कम्युनिटी हॉल निर्माण होने से सभी प्रकार के सामाजिक समारोह कम लागत से कर पाएंगे। कम्युनिटी हॉल की मांग सिविल टाउनशिप के लोगों द्वारा किया गया। राउरकेला विधायक व श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक ने अंचलवासियों के उपस्थित में भूमि पूजन के साथ आधारशिला रखे। इस अवसर पर अंचलवासियों ने मंत्री सारदा प्रसाद नायक का धन्यवाद दिया गया।

## खेलकूद प्रतियोगिता से नए प्रतिभाओं को लाभ




ROURKELA : राउरकेला। लायंस क्लब, वेदव्यास, राउरकेला के अध्यक्ष विकास गुप्ता और अमृता बंसल ने बीजू पटनायक इंडोर स्टेडियम में बैडमिंटन प्रीमियर लीग-03 का आयोजन किया। इस समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक शामिल हुए। इस दौरान शारदा प्रसाद नायक ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों में खेल के प्रति जागरूकता बढ़ती है। नए नए प्रतिभाओं को आमलोगों के सामने लाने के लिए लायन्स क्लब वेदव्यास के सदस्य को धन्यवाद दिया।

## मरने तक जेल में रहेगा नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का दोषी

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के आजादनगर थाना क्षेत्र के एक मंदिर के पुजारी को अदालत ने नाबालिक बेटी के साथ दुष्कर्म करने के मामले में मरने तक जेल में रहने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई करते हुए स्पेशल पोस्को जज कंवलजीत चोपड़ा की अदालत ने दोषी को सजा सुनाई है। इसके पूर्व 23 जनवरी को आरोपी को आईपीसी की दारा 354, 376 और पोस्को की धारा 6 एवं 10 के तहत दोषी पाया गया था। मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने पुलिस रिपोर्ट के आधार पर अदालत में छह गवाहों का परीक्षण कराया जबकि बचाव पक्ष की ओर से चार गवाह अदालत में पेश हुए थे। अपर लोक अभियोजक राजीव कुमार ने बताया कि मामले में कुल 10 लोगों की गवाही हुई हैं। इस संबंध में पुजारी की पत्नी ने आजादनगर थाने में 7 नवंबर 2021 को मामला दर्ज किया था जिसमें पुजारी पर बेटी के साथ अश्लील हरकत और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया गया था।

# राजा हत्याकांड में रेकी करने वाले छह धराए, घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

## प्रवीर सिंह ने भाई की हत्या का बदला लेने के लिए ही राजा को मरवाई थी गोली

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के मानगो थाना अंतर्गत पोस्ट ऑफिस रोड में बीते दिनों राजा सिंह की हत्या के मामले में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में नामजद आरोपी सुनील ठाकुर, बलविंदर सिंह उर्फ गोलू बच्चा, अभिषेक उर्फ लाढ़ और आकाश उर्फ बाबा बच्चा समेत इंद्रजीत सिंह उर्फ इंदर और मलय शामिल है। पुलिस ने आरोपियों कि निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक बाइक और स्कूटी को बिरसानगर से बरामद किया है। सभी आरोपी राजा की हत्या में शामिल थे। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि प्रवीर सिंह ने अपने भाई प्रदीप की हत्या का बदला लेने के लिए ही राजा की हत्या करवाई थी। इसके अलावा बस्ती में ब्राउन शुगर की बिक्री को



गिरफ्तार आरोपी को ले जाती पुलिस। • फोटोन न्यूज

लेकर भी विवाद हुआ था। सभी ने मिलकर राजा सिंह की रेकी की थी और प्रवीर ने राजा को गोली मारी थी।

**इंद्रजीत और मलय ने भाड़े पर उपलब्ध कराई थी कार :** पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि घटना के बाद मलय ने बाइक को ठिकाने लगाया था वहीं इंद्रजीत के साथ मिलकर एक कार भाड़े पर ली थी। हत्या के बाद भाड़े की कार पर सभी को शहर के बाहर भागने में मदद की थी। इसके बदले में प्रवीर ने रुपये देने की बात कही थी। इधर, पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। बता दे कि मानगो पोस्टऑफिस रोड में अपराधियों ने दिनदहाड़े राजा सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी थी। राजा की पत्नी बबिता सीतारामडेरा में हुए प्रदीप सिंह की हत्या में आरोपी थी। वह कुछ दिनों पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आई थी।

## पांच लाख में दी गई थी टकलू लोहार के हत्या की सुपारी



JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत बस स्टैंड के पास बीते दिनों टकलू लोहार की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में टकलू लोहार के साथी मानस के बयान में अज्ञात कि खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी वहीं परिजनों ने जेएमएम नेता बबन राय और दुबराज नाग समेत अन्य पर हत्या का आरोप लगाया था। सूत्रों की माने तो टकलू की हत्या के लिए मासुक मनीष ने पांच लाख की सुपारी ली थी। शहर के चर्चित व्यक्ति ने टकलू की हत्या के लिए मासुक मनीष को पांच लाख रुपये दिए थे। मासुक ने साहिल यादव उर्फ गोलू और कांडी को हत्या का जिम्मा सौंपा था। घटना के दिन सभी ने मिलकर टकलू की रेकी की थी। साहिल ने टकलू लोहार को पहले गोली मारी जिसके बाद कांडी ने फायर किया। घटना को अंजाम देने के बाद सभी मौके से फरार हो गए।

## XLRI में सामाजिक व व्यापारिक नैतिकता पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि व अन्य। • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : एक्सएलआरआई में दो दिवसीय इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। वैश्वीकृत दुनिया में सामाजिक और व्यावसायिक उत्तरदायित्व को सक्षम बनाने में नैतिकता के महत्व पर आधारित इस कॉन्फ्रेंस में देश के अलावा विदेशों के भी कई प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जेआरडी टाटा फाउंडेशन फॉर बिजनेस एथिक्स और एक्सएलआरआइ द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में देश व दुनिया के 78 से अधिक प्रतिष्ठानों के करीब 150 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। पहले दिन आधुनिक व्यवसाय में नैतिक अभ्यास, स्थिरता और वैश्विक जिम्मेदारी विषय पर चर्चा हुई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में सिगाची इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं निदेशक अमित राज सिन्हा ने अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि किसी भी उद्यमी के लिए यह आवश्यक है कि वह पहले अपने लक्ष्य को निर्धारित करे, उस लक्ष्य को हासिल करने में ऐसा कोई कार्य नहीं करें, जिससे देश व समाज का किसी भी प्रकार से नुकसान हो।

साथ ही उन्होंने अपने लक्ष्य की प्राप्ति में नैतिकता के साथ किसी प्रकार का कोई समझौता नहीं करने का आह्वान किया। सम्मेलन के दौरान ही टाटा स्टील की चीफ एथिक्स ऑफिसर सोनी सिन्हा भी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थीं।

## नाबालिग का अपहरण करने वाला एक माह बाद गिरफ्तार

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत खड़ियाबस्ती निवासी एक नाबालिग का अपहरण करने के आरोपी आदर्श ओझा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर नाबालिग को भी बरामद कर लिया है। सोमवार को पुलिस ने नाबालिग का मेडिकल कराने के बाद कोर्ट में बयान दर्ज कराया। वहीं आरोपी आदर्श को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बता दें कि 6 जनवरी को खड़िया बस्ती निवासी नाबालिग लापता हो गई थी। मामले को लेकर परिजनों ने बस्ती के ही आदर्श ओझा पर अपहरण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## पंडित प्रदीप के कार्यक्रम के दौरान तीन महिलाएं बेहोश

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जमशेदपुर से सटे डोबो का काजू बगान में सोमवार से शुरू हुए शिव महारपुराण कथा यज्ञ में प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा के कार्यक्रम के दौरान तीन महिलाएं बेहोश हो गई। इस घटना के बाद से मौके पर अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। मौके पर एक भी एंबुलेंस नहीं था। इस कारण चांडिल सीओ ने मानवता दिखाते हुए अपने वाहन से महिलाओं को अस्पताल भेजवाया। वहीं इतने बड़े आयोजन में एक भी एंबुलेंस नहीं रहने से कई सवाल भी खड़े हो रहे है।

## जनहित से जुड़ी समस्या को लेकर भाजमो करेगा आंदोलन

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : भारतीय जनतंत्र मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव ने पूरे जिले में संगठन विस्तार, बूथ समिति एवं जनसमस्याओं को लेकर सभी मंडलों में बैठक कर सघन अभियान चलाने को कहा है। उन्होंने कहा है कि जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति, मानगो अधिसूचित क्षेत्र समिति, सहित जुगसलाई नगरपालिका क्षेत्र में नालियों की नियमित सफाई नहीं होने से स्थिति बदतर हो रही है। कूड़े करकट का उठाव समय से नही हो रहा है। जनता काफी परेशान है। ऐसे में भारतीय जनतंत्र मोर्चा को आंदोलन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। सभी नगर निकाय जनहित के मसलों को हल करने में रुचि दिखाए एवं अधिनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दें। जल्द इन समस्याओं का निदान नहीं किया गया तो सभी मंडल क्षेत्रों से प्राप्त जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर उपायुक्त कार्यालय के समक्ष विशाल धरना प्रदर्शन किया जायेगा।

## जनजातीय महासम्मेलन को सफल बनाने के लिए भाजपा एसटी मोर्चा की हुई बैठक

PHOTON NEWS CHAIBASA : भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक हाटगम्हरिया नया बस स्टैंड परिसर में हुई। इसका अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष जगन्नाथ तियु ने किया। बैठक में 11 फरवरी को रांची के प्रभात तारा मैदान में आयोजित जनजातीय महासम्मेलन और प्रदेश निर्देशित कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजीत कोड़ा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा की 2024 में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव है। भाजपा की लहर चल



बैठक करते भाजपा एसटी मोर्चा के सदस्य। • फोटोन न्यूज

रही है। जनता का आशीर्वाद से भाजपा दोनों चुनाव जीतेगी। जनजातीय महासम्मेलन को देश के यसशवी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी संबोधित करेंगे।

हमारे जिला से 20 हजार जनजातीय समुदाय के लोग शामिल होंगे। श्री कोड़ा ने कहा की कार्यक्रम प्रभारी शत्रुघ्न हेमब्रम व सह प्रभारी सारिम सिंह बिरुवा की अगुवाई में 18 फरवरी को हाटगम्हरिया में जिला स्तरीय हो, मुंडा, उरांव और गोंड जनजातीय सम्मलेन करना है।

## आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के आगमन को लेकर सारंडा मंडल की बैठक संपन्न

PHOTON NEWS CHAIBASA : 21 फरवरी को आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश महतो का आगमन मनोहरपुर में होने वाली है। इसकी तैयारी को लेकर आजसू पार्टी अखिल झारखंड श्रमिक संघ सारंडा मंडल अध्यक्ष बीरु सोनार एवं सारंडा मंडल प्रभारी तापस दास की अध्यक्षता में गुवा पूर्वी पंचायत एवं पश्चिमी पंचायत में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए बीरु सोनार एवं तापस दास ने कहा कि आगामी 21 फरवरी को 2024 चुनाव को लेकर आजसू पार्टी सुप्रीमों सुदेश महतो का आगमन पश्चिमी सिंहभूम के मनोहरपुर में होने जा रही है। इसकी तैयारी को



बैठक में शामिल मंडल के लोग। • फोटोन न्यूज

लेकर उपस्थित सभी कार्यकताओं को विशेष प्रभार दिया गया। साथ ही आसपास गांव क्षेत्र के ग्रामीणों को आजसू पार्टी से जोड़ने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में ग्रामीणों को मनोहरपुर ले जाने के लिए कार्यकताओं से कहा गया।

इस दौरान बैठक में उपस्थित सारंडा मंडल एसटी मोर्चा के अध्यक्ष विजय बिरहोर ने कहा कि आगामी 21 फरवरी को पूरे ताम झाम के साथ ज्यादा से ज्यादा संख्या में ग्रामीणों को आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई जाएगी। इस दौरान इस बैठक में मुख्य रूप से सारंडा मंडल के बुद्धिजीवी मंच मोर्चा के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा, अखिल झारखंड श्रमिक संघ नोवामुंडी प्रखंड अध्यक्ष बीरु सोनार, पूर्वी पंचायत अध्यक्ष अविनाश तांती, सक्रिय सदस्य जयराम केरकेट्टा, कमल दास, सिमल बिरहोर, गोपाल बिरहोर, बहादुर बिरहोर, बुधन बिरहोर, राखड़ बिरहोर, बाबूराय बिरहोर, सुकराम बिरहोर सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज पहुंचेगी विरमित्रपुर, राउरकेला में रोड शो

PHOTON NEWS ROURKELA : कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और एआईसीसी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को विरमित्रपुर पहुंचेंगे। इसके साथ ही ओडिशा में राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू हो जाएगी। यात्रा मंगलवार को झारखंड से विरमित्रपुर पहुंचेगी। दोपहर 3.30 बजे राहुल बिजाबहाल रामपाल मैदान में जनता को संबोधित करेंगे। विरमित्रपुर में पुलिस प्रशासन की ओर से व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

सुंदरगढ़ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बीरमित्रपुर एसडीपीओ



रोड शो की तैयारी में जूटे कार्यकर्ता। • फोटोन न्यूज

सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने बैठक स्थल का दौरा किया। सोमवार की रात वहीं रुकेंगे और मंगलवार की सुबह राउरकेला पहुंचेंगे। सुबह वेदव्यास शैव्य पीठ पहुंचने के बाद 10 बजे उदितनगर अंबेडकर चौक से रोड शो करेंगे। बाद में यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा राजगांगपुर, सुंदरगढ़ होते हुए झारसुगुड़ा पहुंचेगी। पीसीसी अध्यक्ष ने आज प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी।

राहुल गांधी के दौरे को सफल बनाने के लिए राज्य और केंद्र स्तर के वरिष्ठ कांग्रेस नेता राउरकेला में आकर डेरा डाल चुके हैं। प्रांतीय कांग्रेस अध्यक्ष शरत पटनायक, वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय पटनायक,संतोष सिंह सालूजा पहुंच चुके हैं। यात्रा के कार्यक्रम पर नजर रखे हुए हैं। विभिन्न चौराहों और सड़कों के किनारे कांग्रेस के झंडे और बैनर देखने मिल रहा हैं। राहुल गांधी के दौरे को लेकर राउरकेला समेत पूरे सुंदरगढ़ जिले के कांग्रेसियों में उत्साह का माहौल है।

## राउरकेला में हॉकी लीग 12 फरवरी से होगा शुरू, तैयारी में जूटे लोग

PHOTON NEWS ROURKELA : हॉकी लीग 12 फरवरी से शुरू होने जा रही है, इसलिए राउरकेला नगर निगम की ओर से आज राउरकेला अतिरिक्त जिलापाल व कमिश्नर और स्मार्ट सिटी के सीईओ आशुतोष कुलकर्णी की अध्यक्षता में एक पूर्व तैयारी बैठक आयोजित की गई। इसमें कमिश्नर ने प्रो हॉकी लीग के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर करने और निर्बाध बिजली आपूर्ति, लंबित निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने पर जोर दिया और कहा कि टूनामेंट के सफल आयोजन के लिए सभी विभागों का सहयोग जरूरी है।



तैयारी को लेकर बैठक करते अधिकारी। • फोटोन न्यूज

साथ ही राज्य और राज्य के बाहर से दर्शक खेल देखने आएंगे, इसलिए विभिन्न विभाग के अधिकारियों को शहर के सौंदर्यीकरण, यातायात की समस्या, स्टेडियम परिसर में पार्किंग व्यवस्था, चिकित्सा सुविधा और एम्बुलेंस सेवाओं पर ध्यान देने को कहा गया है। अग्नि सुरक्षा व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता की निगरानी, ??प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की सलाह दी गई।

### जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में आयोजित 20वीं अशोक कुमार जैन जिला नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता

## रायवल को पराजित कर एमसीसी क्वार्टर फाइनल में

PHOTON NEWS CHAIBASA : पश्चिमी सिंहभूम जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में चल रहे बीसवीं अशोक कुमार जैन जिला नॉक आउट क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत सोमवार को खेले गए मैच में मिडिलसेक्स क्रिकेट क्लब चाईबासा ने रायवल क्लब गुवा को पाँच विकेट से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेश किया। अब क्वार्टर फाईनल में एमसीसी का मुकाबला चक्रधरपुर क्रिकेट क्लब से कल होगा। स्थानीय बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए रायवल क्लब गुवा की पूरी टीम 28.4 ओवर में 171 रन बनाकर आल आउट हो गई।

उद्घाटक बल्लेबाज आदित्य आर्या ने छह चौकों एवं दो छक्कों की मदद से 53 रन बनाए। अन्य बल्लेबाजों में राज लकड़ा ने 27, कप्तान विक्की सिंह ने 21 तथा



एमसीसी की टीम। • फोटोन न्यूज

शंकर देव ने 12 रनों का योगदान दिया। एमसीसी की ओर से विशाल सिंह ने 56 रन देकर 3 विकेट, कुमार करण ने 20 रन देकर 2 विकेट तथा रितिक कुमार ने 21 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। अजीत कुमार सिंह एवं अनुराग संजय को एक-एक विकेट मिला। जीत के लिए आवश्यक रनों का पीछा करने उतरी एमसीसी चाईबासा की टीम ने निर्धारित लक्ष्य को 17.5 ओवर में विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। हालांकि एमसीसी के चार विकेट मात्र 56 रन के स्कोर पर गिर गए थे। लेकिन बाद के बल्लेबाजों ने अच्छी बल्लेबाजी का परिचय देते हुए टीम को लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

एमसीसी की ओर से उद्घाटक बल्लेबाज कुमार करण ने पांच चौकों एवं पांच छक्कों की मदद से 51 रन बनाए। मध्यमक्रम में कप्तान अनुराग संजय पुर्ति ने चार चौकों एवं दो छक्कों की सहायता से 38 रन, आदित्य पुष्कर ने चार चौकों एवं एक छक्का की मदद से 27 नाबाद रन तथा समिक कर्मकार ने एक चौका एवं एक छक्का की सहायता से 24 नाबाद रन बनाए। रायवल क्लब की ओर से बलराम कोड़ा ने 47 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि कौशिक गोच्छाइत एवं चंद्रमोहन सिंह को एक-एक विकेट प्राप्त हुआ।

## भनगांव स्कूल में बाल मेला का आयोजन, बच्चों ने की मस्ती



मेले में लगी भीड़ • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS CHAIBASA : सारंडा स्थित मेघाहातुबुरु उत्तरी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय, भनगांव में एस्पायर संस्था एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के संयुक्त तत्वाधान में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस बाल मेला का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि मुखिया लिपि मुंडा ने किया। बाल मेला के दौरान बच्चों के बीच रंगोली, चित्रांकान, बैलून फोड़, मयूजिकल चेयर, चप्पल रेस, चॉकलेट रेस, चम्मच रेस, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि प्रतियोगिता आयोजित की गई। बाल मेला व खेलकूद प्रतियोगिता से न सिर्फ बच्चों बल्कि उनके अभिभावकों ने भी पूरा मनोरंजन किया।

इस दौरान मुखिया लिपि मुंडा, प्रधानाध्यापक देवाशीष मोहन्ति, अजय पाण्डेय, मधु सुरेन, मंगल भूमिज, बिरसा मुंडा, बाबूलाल माझी, कुन्ती लागुरी, जुली तोरकोड, संकरी सिद्धु, फूलकेरिया मिंज, अमृता देवी, सुमित्रा कुमारी आदि मौजूद थे।

# डॉक्टर को बंधक बनाकर साढ़े 22 लाख लूटे

## बहू से फोन कराकर ससुर से गोदरेज की चाबियां मंगवाईं; 20 मीटर दूर खड़ी थी पुलिस





**एजेंसी**

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में रविवार रात एसकेएमसीएच की डॉक्टर के परिवार को बंधक बनाकर लूट की वारदात को अंजाम दिया है। बदमाश 20 लाख के आभूषण और 2.5 लाख कैश लूट कर भाग निकले। अलमारी की चाबी के लिए बदमाशों ने डॉ. मनीषा से फोन करवाकर ससुर को घर भी बुलवाया और उन्हें भी बंधक बना लिया। चाबी मिलने के बाद वो कैश और ज्वेलरी लेकर फरार हो गए।घटना स्थल से महज 20 मीटर की दूरी पर पुलिस की गाड़ी खड़ी थी, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी। अपराधी 4 की संख्या में थे और सभी हथियार लेकर आए थे। घटना सदर थाना इलाके की है।रविवार की रात सदर थाना के भिखनपुरा में डॉ मनीषा भावे अपने बच्चे और सास के साथ घर में थीं। इसी दौरान हथियार से लैस होकर चार अपराधी घर में घुस गए। घर में मौजूद सभी लोगों बंधक बना लिया। उसके लूटपाट करने लगे। अपराधी ने डॉ. मनीषा से गोदरेज की चाबी मांगी, लेकिन डॉक्टर ने कहा कि चाबी तो ससुर के पास है। इसके बाद बदमाशों ने डॉ. को फोन कर ससुर को बुलाने को कहा। मनीषा ने अपने ससुर प्रेम चंद प्रसाद सिंह को कॉल कर के घर आने को कहा। ससुर ने घर आकर चाबी दी। उसके बाद मनीषा ने बदमाशों को चाबी सौंप दी।उसके बाद अपराधियों ने सभी लोगों को एक कमरे में बैठा दिया। करीब एक घंटे तक घर से ग्राउंड फ्लोर और फर्स्ट फ्लोर के कमरों में रखे सामान को खंगालते रहे।डॉक्टर मनीषा भावे ने बताया कि चार अपराधी घर में घुसे थे। सभी हथियार से लैस थे। सभी का चेहरा ढाका हुआ था। दो अपराधी सिर पर गमछा बांधे हुए थे। अपराधियों ने घर में मौजूद लोगों के साथ कोई बदतमीजी नहीं की। करीब 20 लाख रुपए का आभूषण और 2.5 लाख रुपया कैश ले गए हैं।घटना स्थल से महज 20 मीटर की दूरी पर पुलिस की गाड़ी खड़ी थी। लेकिन पुलिस को लूट की भनक तक नहीं लगी। इसको लेकर परिजन काफी आक्रोशित हैं।घटना के वक्त डॉ मनीषा के पति डॉ. राजीव कृष्णा घर पर नहीं थे। जब अपराधी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। तब मनीषा पड़ोसी के मोबाइल से कॉल करके पति को घटना के संबंध में जानकारी दी। जिसके बाद आनन फानन में राजीव घर पहुंचे।पति-पत्नी एसकेएमसीएच में हैं डॉक्टरडॉक्टर मनीषा भावे और उनके पति डॉ. राजीव कृष्णा में डॉक्टर हैं। डॉक्टर मनीषा भावे गाइनो हैं। वही डॉक्टर राजीव कृष्णा एनेस्थीसिया के डॉक्टर हैं।पूरे मामले पर सदर थाना अध्यक्ष हेमंत कुमार ने बताया कि अज्ञात अपराधियों के लूट की घटना को अंजाम दिया गया है।

## गोभी तोड़ने का आरोप में चले लाठी-डंडे एक की फूटी आंख



**एजेंसी**

**जमुई ।** जमुई टाउन थाना क्षेत्र के नीम नवादा गांव में सोमवार की सुबह खेत से गोभी तोड़ने का आरोप लगाकर मारपीट की घटना हुई। जिसमें एक व्यक्ति का आंख फूट गया। जबकि आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची 112 पुलिस की टीम पहुंची। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचा पूरे मामले की छानबीन में जुड़ गई।घायल की पहचान नीम नवादा निवासी अनूप मांझी, झूली मांझी, हीरा मांझी, बादल कुमार के रूप में की गई है। जबकि तेतरी देवी और एक अन्य मामी रूप घायल हो गई। तेतरी देवी का एक बच्चा गांव के ही किशोरी महतो के खेत में लगे गोभी को तोड़ लिया था। जिससे नाराज किशोरी महतो, बाबूलाल महतो, अजीत महतो सहित दर्जनों लोगों द्वारा लाठी डंडे एवं कुदाल और कुल्हाड़ी से व ईंट से हमला कर दिया गया। जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गए। जबकि झूली मांझी का एक आंख फूट गया। बाकी घायलों का इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। वही, पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।घायल तेतरी देवी ने बताया कि एक दिन पहले एक गोबी खेत के मालिक के द्वारा दिया गया था। लेकिन सोमवार की सुबह उसके बेटे पर गोबी तोड़ने का आरोप लगाया गया और मारपीट की गई। इतना ही नहीं बल्कि सभी दर्जनों दबंग महिलाओं को भी सड़क पर पटक कर पीटा गया। वहीं, पीड़ित महिला ने बताया कि यदि पुलिस इन आरोपियों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई नहीं करेगी तो आगे भी इन दबंगों द्वारा घटना को अंजाम दिया जाएगा। टाउन थानाध्यक्ष अरुण कुमार ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है। पीड़ित द्वारा आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच करते हुए कार्रवाई की जाएगी।

## एक प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग



**पटना ।** पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र में एक प्लास्टिक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। आग लगते ही इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। इसके बाद दमकल की 15 गाड़ियां मौके पर पहुंची ।कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया है। फतुहा इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित प्लास्टिक पाइप बनाने वाली फैक्ट्री राजेश पाइप फैक्ट्री में लगी थी। यह चापाकल फैक्ट्री के नाम से भी प्रसिद्ध है।फतुहा के औद्योगिक क्षेत्र में रविवार की देर रात आग लग गई। प्लास्टिक फैक्ट्री के आसपास भी आग की लपटें बढ़ने लगी। यह घटना शॉर्ट सर्किट के कारण घटी है। आग रात के करीब 12:00 बजे लगी थी। इस आग को बुझाने के लिए पटना और आसपास से फायर ब्रिगेड की 15 गाड़ियों मौके पर पहुंची। कई घंटों तक गाड़ियों का आना-जाना लगातार बना रहा। फतुहा के आसपास जितने भी फायर स्टेशन हैं, सभी जगह से दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंची ।फायर फाइटर ने सबसे पहले फैक्ट्री के बाहरी हिस्से में आग बुझाया। फिर आग पर काबू करते हुए अंदर की ओर बढ़े। फैक्ट्री में प्लास्टिक मेटेरियल होने के कारण आग ने भीषण रूप ले लिया था।इस आग की सूचना संबंधित जगह पर पहुंचाने और अग्निशमन को पानी मुहैया कराने में भारत पेट्रोलियम ने अहम रोल अदा किया है। भारत पेट्रोलियम के स्टाफ इसलिए भी मुस्तैद थे ।

## एएनएम स्कूल की छात्राएं भूख हड़ताल पर



**बेगूसराय ।** बेगूसराय में एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल बलिया की प्रशिक्षु एएनएम छात्राओं ने भूख हड़ताल शुरू कर दिया है।सभी बैच के प्रशिक्षुओं ने रविवार की शाम से ही अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर हैं। लेकिन इसकी लिखित सूचना आज प्राचार्य को दी तथा जमकर नारेबाजी भी की। इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य या संबंधित अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं। छात्राओं का कहना है कि हॉस्टल में बुनियादी सुविधाओं की कमी है।भूख हड़ताल पर गई प्रशिक्षु छात्राओं ने बताया कि हम लोग 2021-23, 2022-24 एवं 2023-25 बैच की छात्रा हैं। बलिया प्रखंड के सादपुर में स्थित एएनएम स्कूल में कुव्यवस्थाओं के बीच हम लोगों को रहना पड़ रहा है। इसकी लगातार शिकायत कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है।हॉस्टल में गंदा पानी रहता है, पानी बदबू देते रहता है। ना तो सही खाना दिया जाता है और ना ही स्वच्छता का ख्याल रखा जाता है। खाना भी सही और ठीक से नहीं दिया जाता है। मेस चार्ज में मनमानी की जाती है। टॉयलेट ब्लॉक में पानी नहीं आता है। बिजली की व्यवस्था हमेशा परेशान करते रहता है।ट्रेनिंग ले रही छात्राओं का कहना है कि कई स्तर पर गुहार लगाई जाने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर हम लोग आज से भूख हड़ताल पर हैं। सभी समस्याओं का निदान किया जाए, नहीं तो हम लोगों की हड़ताल जारी रहेगी। जब तक मांग पूरी नहीं होगी, हम लोग खाना नहीं खाएंगे।

## संक्षिप्त डायरी

### जेठ के प्राइवेट पार्ट पर हमला



**भोजपुर।** में को संपत्ति विवाद को लेकर भाई ने देवर ने भाभी समेत तीन की पिटाई कर दी गई। वहीं मारपीट के दौरान भवह ने अपने जेठ का प्राइवेट पार्ट पर हमला कर दिया।घायल स्वीटी देवी ने बताया कि खेत और जमीन का बंटवारा पहले ही हो चुका है। लेकिन घर का बंटवारा नहीं हुआ है। इसको लेकर उनकी सास, देवर व देवरानी बराबर साथ मारपीट करते हैं। मारपीट से तंग आकर वह अपना घर बना रही थी। रविवार को देवर,देवरानी एवं सास ने घर बनाने से मना किया। इसी बात को लेकर उनके बीच बहस हुई। इसके बाद देवर ने उनके सिर पर बांस से मार दिया। इससे उनका सिर फट गया।अपनी पत्नी को पिटता देखा जब उनके पति- बेटा बीच-बचाव करने गए तो उन लोगों के ने उनकी भी पिटाई कर दी गई। वहीं मारपीट के दौरान उनकी देवरानी ने उनके पति कृष्ण कुमार सिंह(45) का प्राइवेट पार्ट पर हमला कर दिया। इसके बाद उनके पति खून से लथपथ होकर छटपटाने लगे। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी स्वीटी देवी ने अपनी देवरानी पर अपने पति के प्राइवेट पार्ट पर हमला करने और अपने देवर पर दोनों मां-बेटे को बांस से मारकर गंभीर रूप से जख्मी करने का आरोप लगाया है।घटना मुफस्सिल थाना के अलीपुर गांव की है।वहीं ऑन ड्यूटी चिकत्सक ने बताया कि जख्मी अधेड़ की प्राइवेट पार्ट पर गंभीर चोट आई। प्राथमिक इलाज कर दिया गया। मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी शिकायत पुलिस से की है । हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

### दो समुदाय के लड़कों के बीच मारपीट का मामला



**बक्सर ।** बक्सर एसपी मनीष कुमार ने नया भोजपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। एसपी द्वारा कार्तव्यहीनता एवं वरिय पदाधिकरी को गुमराह करने के आरोप में तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर आगे की करवाई किया जा रहा है। साथ ही इस थाना में कोरानसराया में तैनात दरोगा मनीष कुमार को नया भोजपुर ओपी को कमान सौंपी गई है।बता दे कि जिले में बेहतर पुलिसिंग और पुलिस पब्लिक मैत्री को बनाए रखने के लिए बक्सर एसपी मनीष कुमार द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। बक्सर एसपी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नया भोजपुर ओ0पी0 अंतर्गत दो समुदाय के लड़कों के बीच क्रिकेट खेलने को लेकर आपस में मारझपीट की घटना हुई थी। जिस संबंध में ओ0पी0 अध्यक्ष नया भोजपुर मुकेश कुमार द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके साथ ही इस संबंध में वरिय पदाधिकरी को सूचना भी नहीं दिया गया।जिसके कारण पुनः दोनों समुदाय के लड़कों के बीच बीच में दुबारा मारझपीट की घटना घटती हुई। जिसमें एक लड़के की हालत सीरियस हो गई। जिसकी सूचना भी वरिय पदाधिकरी को नहीं दी गई। जिससे दोनों पक्षों के बिच तनाव व्याप्त होने की बात सामने आई है। उक्त घटित घटना को संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक बक्सर द्वारा कार्तव्यहीनता एवं वरिय पदाधिकरी को गुमराह करने के आरोप में मुकेश कुमार ओ0पी0 प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया।

### 7 लाख नगद सहित 12 लाख की चोरी



**सुपौल ।** जिले के किशनपुर थाना इलाके के शिवपुरी पंचायत वार्ड 6 स्थित थरबिट्टा में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए नगद समेत जेवरात की चोरी कर ली। इस संबंध में पीड़ित बेलही निवासी मोहन यादव ने बताया कि अपने घर में सोया हुआ था। जबकि मेरा बेटा-बहू मेरी बेटी के घर छठीहारी का भोज खाने चले गए। घर में केवल मैं एवं पत्नी सोए हुए थे। जहां रात के करीब 3 बजे आंगन में आहट सुनाई दी।आशंका होने पर जब आंगन में जाकर देखा तो आंगन वाला घर खुला हुआ और घर में रखा बक्सा भी गायब था। जिसके बाद खोजबीन करने लगा। जब छत पर गया तो देखा कि टूटा हुआ बक्सा रखा था। जिससे जमीन रजिस्ट्री के लिए रखा सात लाख रूपए नगद, घर के सभी महिलाओं का करीब चार लाख रुपए मूल्य का करीब 5 भरी सोना का चेन और 25 भरी चांदी का जेवर भी गायब मिले।बताया कि इस बीच कुछ लोगों की आवाज घर के पीछे लगे केला बाड़ी में सुनाई दिया। जब वहां गया तो देखा कि तीन-चार लोग थे। जिसमें से एक व्यक्ति को पहचान गया।

## ट्रेनों को लेकर विधायक के आश्वासन के बाद टूटा अनशन



**एजेंसी**

**जमुई ।** जमुई के कटौना हॉल्ट पर ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता राजेश दुबे ने अनिश्चितकालीन आमरण अनशन शुरू किया था। जिसे स्थानीय विधायक श्रेयसी सिंह के आश्वासन के बाद तोड़ा गया। मौके पर विधायक श्रेयसी सिंह ने कहा कि कटौना हाल्ट पर ट्रेन ठहराव को लेकर रेल मंत्रालय के अधिकारियों से बातचीत हुई तथा पदाधिकारी के द्वारा सकारात्मक जवाब भी मिली है। हॉल्ट पर ट्रेन बंद हो जाने से बेशक यहां के ग्रामीणों को यात्रा करने में काफी परेशानी हो रही है। ट्रेन के ठहराव के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। हम एक बेटी और जनप्रतिनिधि होने के नाते आपके इस लड़ाई में साथ है।बताते दे कि करोना काल के समय में इस हॉल्ट पर ट्रेनों के ठहराव को बंद कर दिया गया।इसे लेकर पूर्व में भी कई बार रेल रोको अभियान के तहत महाधरना प्रदर्शन भी दिया गया था। 1999 से कटौना हॉल्ट पर ट्रेनों का टकराव हो रहा था। इस हॉल्ट पर 13 ट्रेनों का ठहराव होता था। इस हॉल्ट से 30 गांवों के लोग ट्रेन से सफर करते थे।हालांकि, इस मामले में ग्रामीणों के द्वारा पूर्व में भी कई बार दानापुर महाप्रबंधक को लिखित और मौखिक जानकारी भी दिया गया था। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होने के कारण गांव के सामाजिक कार्यकर्ता राजेश दुबे के द्वारा आमरण अनशन शुरू किया गया था। इस मामले में गांव के लोगो का सहयोग भी मिल रहा था।वही मौके पर कटौनागांव के सैकड़ों जनता सहित सुरक्षा को लेकर झाझा आरपीएफ इंस्पेक्टर निधि दिक्षित दल बल के साथ मौजूद थे।

## एसटीएफ ने तीन कुख्यात को दबोचा




**पटना।** एसटीएफ ने वैशाली के तीन लाख के इनामी दिलीप कुमार उर्फ छोटू को गिरफ्तार कर लिया। उसे रूपसपुर थाना इलाके से गिरफ्तार कर लिया। वह वैशाली पुलिस की हिरासत से भाग गया था। दिलीप वैशाली जिले के राजापाकड़ थाने के बनघाड़ा गांव का रहने वाला है। उसपर पटना, नालंदा और वैशाली में अपहरण और आर्म्स एक्ट के केस दर्ज हैं।एसटीएफ ने दिलीप को वैशाली पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस की हिरासत से भागने के बाद वह रूपसपुर में छिपकर रह रहा था। वैशाली पुलिस ने उसे गिरफ्तार करने के लिए कई बार छापेमारी की, पर गिरफ्तार नहीं हुआ। बाद में वैशाली पुलिस ने पुलिस मुख्यालय को उसपर इनाम घोषित करने का प्रस्ताव किया। बाद में मुख्यालय ने दिलीप को गिरफ्तार करने के लिए एसटीएफ को जिम्मेवारी दी। पिछले एक सप्ताह से एसटीएफ उसके पीछे लगी थी। वहीं गोपालगंज के 15 हजार के इनामी शकीन अंसारी को भी एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय पुलिस की मदद से एसटीएफ ने शकील को गिरफ्तार किया।शकील कटैया थाना के सुकरान गांव का रहने वाला है।

## घरों में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़




**एजेंसी**

**आरा ।** भोजपुर में मुफस्सिल थाना पुलिस ने घरों में चोरी करने वाले एक गिरोह का पदार्फाश किया है। गैंग में शामिल दो चोरों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए चोर मुफस्सिल थाना के समय दिया गांव निवासी हरि पांडे एवं नगर थाना क्षेत्र के जिला स्कूल वार्ड नंबर 10 निवासी कालूराम हैं।इनके पास से चोरी के एक लैपटॉप, छह मोबाइल,एक जोड़ा चांदी का पायल, दो पीस चांदी की बिछिया, दो बैग और एक हार्ड डिस्क बरामद किए गए हैं।इधर, एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि 2 फरवरी की रात मुफस्सिल थाना के सैदपुर गांव निवासी पप्पू कुमार प्रसाद अपने परिवार के साथ सोए हुए थे। इस समय देर रात तीन बजे दोनों चोरों ने घर में प्रवेश कर बक्सा एवं टीवी चुराकर भागने का प्रयास किया था।इस दौरान आवाज होने पर ग्रामीणों ने दो चोरों में से एक हरी पांडे को पकड़ लिया। सूचना मिलने पर गए थानाध्यक्ष राजीव रंजन सिंह ने पकड़े गए बदमाश को गिरफ्तार कर लिया । इसके बाद पकड़े गए चोर के निशान देही पर टीम ने जिला स्कूल के समीप से कालो राम को धर-दबोचा।इसे लेकर प्राथमिक की गई है।

## बंगाल की जेल में लिखी गई भोजपुर डकैती की स्क्रिप्ट





**एजेंसी**

**भोजपुर ।** भोजपुर की एक्सिस बैंक में 17 लाख की डकैती का बंगाल की जेल से कनेक्शन सामने आया है। नवादा थाना के सर्किट हाउस रोड स्थित एक्सिस बैंक फिल्मी स्टाइल में दिनदहाड़े डकैती हुई थी। इस डकैती का मास्टरमाइंड बंगाल की जेल में बंद एक कुख्यात निकला है।एसपी ने बताया कि इस लूट कांड का मास्टरमाइंड निरंतक वैशाली जिले के औद्योगिक थाने के धनौती का रहने वाला है। वो बंगाल की जेल में बंद है। वो मोबाइल चोर से गैंगस्टर बन चुका है। बंगाल की जेल के अंदर से ही वो बिहार समेत कई राज्यों में लूट और अपहरण जैसी वारदातों को अंजाम दिलवाता है।पुलिस जांच में यह खुलासा हुआ है कि कुख्यात ने वर्धमान जेल में बैठे-बैठे बिहार के कई अन्य जिले में वारदातों को अंजाम दिलवाया है। वो हर वारदात में नएझ्रनए लड़कों का इस्तेमाल करता है। लूटकांड मामले में पुलिस ने एक लुटेरे सन्नी कुमार को सारण के दरियापुर से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी वैशाली जिले के भगवानपुर थाने के इमादपुर गांव का रहने वाला है।इधर, पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान लुटेरे ने न सिर्फ बैंक लूटकांड में शामिल होने की बात कबूली है, बल्कि वारदात में शामिल अपने अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं। उसकी निशानदेही पर लूट में इस्तेमाल बाइक को पटना से बरामद किया गया है। एक्सिस बैंक लूटकांड में शामिल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।करीब दो महीने (6 दिसंबर 2023) पहले आरा शहर के एक्सिस बैंक में सुबह 14 मिनट में साढ़े 16 लाख की डकैती हुई थी। बैंक लूटे जाने की खबर मिलने पर पुलिस ने बैंक की इमारत को घेर लिया। पुलिस करीब आधे घंटे तक सरेंडर-सरेंडर चिल्लाती रही, लेकिन बदमाश पुलिस के पहुंचने से पहले ही भाग चुके थे।आरा के बजाज मोड़ स्थित एक्सिस बैंक में सुबह करीब 10 बजकर 15 मिनट पर 5 अपराधी कस्टमर बनकर बैंक में घुसे। बैंक का शटर अंदर से गिरा दिया। बैंक के 12 स्टाफ को बंधक बनाया। उनके मोबाइल छीने। मारपीट कर 10 कर्मचारियों को कैंटीन में बंद कर दिया।इस दौरान एक कस्टमर बैंक से भाग निकला। अपराधी डर गए और लॉकर नहीं लूट पाए। काउंटर पर रखे 16.50 लाख रुपए लेकर भाग निकले। इसे लेकर मैनेजर ने अज्ञात 5 अपराधियों के खिलाफ प्राथमिक की कराई थी। अपराधियों को गिरफ्तारी के लिए पुलिस राज्य के बाहर भी गिरफ्तारी के लिए गई थी। एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि लूट कांड के वारदात को अंजाम देने के पहले रेकी भी की गई थी। लुटेरे गाड़ी का रंग का कलर बदलकर वारदात को अंजाम देने आए थे। गैंग के सदस्य पटना के अलग-अलग इलाकों में किराए के मकान पर रहकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते रहे हैं। हालांकि, पुलिस ने इस कांड में शामिल सभी का नाम और पता का सत्यापन कर लिया है।

## जनसंख्या संबंधी प्राथमिकताएं

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने अपने अंतरिम बजट भाषण में एक दिलचस्प वक्तव्य देते हुए कहा कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या और जनसांख्यिकीय बदलावों से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर विचार करने के लिए एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा बार-बार दशकीय जनगणना को स्थगित किए जाने की पृष्ठभूमि में इस कथन के समर्थन में कोई प्रत्यक्ष प्रमाण उपलब्ध नहीं है। यह 1881 के बाद पहली मर्तबा है जब किसी दशक में जनगणना नहीं कराया गया है। यह स्पष्ट है कि भारत अब सबसे अधिक आबादी वाला देश है, लेकिन 2020 में नमूना पंजीकरण प्रणाली सांख्यिकीय रिपोर्ट और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण -5 (2019-21) से यह पता चलता है कि भारत में कुल प्रजनन दर (टीएफआर) गिरकर 2 हो गई है। कुल मिलाकर, सिर्फ कुछ राज्यों - बिहार (2.98), मेघालय (2.91), उत्तर प्रदेश (2.35), झारखंड (2.26) और मणिपुर (2.17) - का टीएफआर 2.1 से ऊपर है। साफ है कि, 20वीं शताब्दी में देखी गई उच्च जनसंख्या वृद्धि पर काफी हद तक लगाम लगा दिया गया है - टीएफआर 1950 में 5.7 से गिरकर 2020 में 2 हो गया है, हालांकि विभिन्न क्षेत्रों में यह आंकड़ा अलग-अलग है। दक्षिण के राज्यों की जनसंख्या में हिस्सेदारी 1951 में 26 फीसदी से घटकर 2011 में 21 फीसदी हो गई है, जो मुख्य रूप से बेहतर सामाजिक-आर्थिक परिणामों और शिक्षा की वजह से टीएफआर में तेजी से आई कमी का नतीजा है और यह स्थिति इन राज्यों में उच्च प्रवासन दर के बावजूद है। भले ही उल्लिखित सर्वेक्षण ठोस और जरुरी हैं, फिर भी वे व्यापक जनगणना का विकल्प नहीं हैं। जनगणना कराने में हो निरंतर देरी केंद्रीय गृह मंत्रालय की खराब स्थिति को दशार्ती है, जो भारतीय शासन के एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम को क्रियान्वित करने के बजाय अन्य प्राथमिकताओं से प्रेरित है। भारत में जनसांख्यिकीय बदलाव और बढ़ती जीवन प्रत्याशा के चलते कई चुनौतियां और अवसर सामने आए हैं। बहुप्रचारित जनसांख्यिकीय लाभांश - विकासशील देशों में कामकाजी उम्र की आबादी का अपेक्षाकृत उच्च अनुपात - सिर्फ तभी सार्थक है जब पर्याप्त नौकरियां हों और लोग कुछ हद तक उन सामाजिक सुरक्षाओं का लाभ उठा पायें, जो उम्र बढ़ने पर उनके लिए मददगार साबित होंगी। उच्च बेरोजगारी और उत्पादकता में वृद्धि करने वाली व कुशल रोजगार की जरूरतों को पूरा करने वाली गैर-कृषि नौकरियों के सृजन के पिछले कुछ सालों में अपेक्षाकृत सुस्त होने की वजह से देश में इस लाभांश के जाया चले जाने की संभावना है। अगर यह ह्लउच्चाधिकार प्राप्तह्व समिति नौकरियों और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े सवालों तथा तेजी से हो रहे शहरीकरण व काम के मशीनीकरण के चलते नागरिकों के सामने आने वाली चुनौतियों का हल निकालने में सार्थक रूप से संलग्न होती है, तो वह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। लेकिन अगर यह समिति जनसंख्या के मसले को धर्म और आप्रवासन के चश्मे से देखने की सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की पसंदीदा विचारधारा पर ध्यान केंद्रित करती है, तो वह सिर्फ देश में तेजी से घटते लोकतांत्रिक लाभांश का सदुपयोग करने से शासन को भटकाएगी।

## चुनावी मुद्रा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन का लगातार छठा बजट भाषण आम चुनाव से ऐन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और 2014 के बाद से उनके नेतृत्व वाली दो सरकारों द्वारा हासिल की गई आर्थिक उपलब्धियों पर खुद की पीठ थपथपाने देने वाला रिपोर्ट कार्ड था। अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन से संबंधित वित्त मंत्रालय की समीक्षा को प्रतिध्वनित करते तथा यह बतलाते हुए कि जब श्री मोदी ने पदभार संभाला था तो उन्हें विशाल चुनौतियां विरासत में मिलीं थीं, सुश्री सीतारमन ने जोर देकर कहा कि संरचनात्मक सुधारों, जनोपयोगी कार्यक्रमों और रोजगार व उद्यमिता के अवसरों के सृजन के जरिए उन परिस्थितियों पर काबू पाया लिया गया है। उन्होंने कहा कि नए सिरे से जान फूंकी गई अर्थव्यवस्था ने यह सुनिश्चित करने में मदद की है कि विकास का फल बड़े पैमाने पर लोगों तक पहुंचने लगा है, लोगों में आशा और उम्मीद जगी है जो पांच साल पहले दिए गए एक बड़े जनादेश में साकार हुए था। इस बात का एक स्पष्ट संकेत देते हुए कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार इस बार सत्ता में लौटने के प्रति कहीं ज्यादा आश्वस्त है, सुश्री सीतारमन ने ऐसी किसी भी घोषणा से परहेज किया जिसे मतदाताओं के एक विशेष वर्ग को लक्षित करने के रूप में देखा जा सके। इसके बजाय, जोर एक समावेशी और टिकाऊ नीतिगत दृष्टिकोण के प्रति प्रतिबद्धता पर बात करने पर था जिसकी बदौलत शासन, विकास और प्रदर्शन वाली कहीं ज्यादा व्यापक जीडीपी हासिल हुई। उनकी यह बेपरवाह टिप्पणी कि सरकार जुलाई में अपने पूर्ण बजट में 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए एक रोडमैप का विवरण देगी, एक शानदार चुनावी जनादेश पाने की निश्चितता पर आधारित थी। बजट के आंकड़े राजकोषीय समेकन की राह पर एक अनवरत यात्रा को दशार्ते हैं। संशोधित अनुमान (आरई) के अनुसार चालू वर्ष का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का 5.8 फीसदी है, जो पिछले फरवरी के 5.9 फीसदी के बजट अनुमान (बीई) से 10 आधार अंक का सुधार है। वित्त मंत्री ने इस उपलब्धि को आरई में प्रभावी पूंजीगत व्यय में एक लाख करोड़ रुपये की कटौती करके हासिल किया है, बावजूद इसके कि नाममात्र की वृद्धि के अनुमान में नरमी आई है।

# पूनम के पब्लिसिटी स्टंट से जनभावना आहत

ANALYSIS



ऋतुपर्ण दवे

पूनम की इस छिछोरे झूठ से वाकई में कैंसर की प्रति जागरुकता फैला पाएगी? कैंसर मरीजों या पीड़ित मानवता के प्रति इतनी ही हमदर्दी होती तो दूसरे चैरिटेबल काम कर आर्थिक मदद पहुंचाती। जागरुकता के लिए जहां-तहां अपने शो करती, जो कैंसर के खिलाफ और बचाव के लिए कारगर मुहिम होती। लेकिन ये क्या? उसने तो पूरे देश के साथ एक तरह से धोखा किया, वह भी अपनी ओर ध्यान खींचने के लिए। यह माफी के काबिल नहीं हो सकता। पूनम कैसे भूल गई कि यह वो देश है जहां किरदार को भी भगवान की तरह पूजा जाता है। उसे कैसे याद नहीं कि लोकप्रिय सीरियल और फिल्मों के भगवान बने पात्रों को भी पूजा जाता है। इस हरकत से पहले कैसे भूल गई कि लोकप्रियता के शिखर पर पहुंचे अभिनेताओं की मौत से आहत न जाने कितने प्रशंसकों ने अपनी जान तक दे दी। यूं तो कई उदाहरण हैं पर एक ही यहां काफी है जहां दिग्गज तमिल अभिनेता से मुख्यमंत्री के मुकाम तक पहुंचे एमजी रामचंद्रन की 24 दिसंबर, 1987 को मृत्यु के बाद तमिलनाडु दहल उठा।

अभिनेत्री पूनम पाण्डेय जिन्दा है। भगवान करे अपनी मौत की अफवाह उड़ा सुर्खियां बटोरने वाली अदाकारा स्वस्थ-सकुशल रहे। लेकिन उसकी इस हरकत की जितनी भी निंदा की जाए कम है। सर्वाइकल कैंसर के नाम पर जागरुकता की आड़ में उसके इस भद्दे मजाक से कितने प्रशंसकों को धक्का लगा होगा इसका अंदाजा उसे नहीं। कैसे भूल गई कि वह एक भारतीय है। वह भावना प्रधान उस देश से है जहां लोग दिल से जुड़ते हैं, दिखावे से नहीं, उस जैसा छलावा नहीं करते। कभी उन्हें कैंसर जैसी भयानक बीमारी का सामना भी न करना पड़े। लेकिन उनकी हल्की सोच और जागरुकता की आड़ में खेले गए खेल ने कैंसर पीड़ितों और उनके लिए जुड़े-जुटे लोगों को कितना आहत किया है? इसका भी अंदाजा पूनम को नहीं होगा। अपनी ओर ध्यान खींचने के लिए पहले किसी ने ऐसी जुर्रत की हो, याद नहीं आता। क्या पूनम की इस छिछोरे झूठ से वाकई में कैंसर की प्रति जागरुकता फैला पाएगी? कैंसर मरीजों या पीड़ित मानवता के प्रति इतनी ही हमदर्दी होती तो दूसरे चैरिटेबल काम कर आर्थिक मदद पहुंचाती। जागरुकता के लिए जहां-तहां अपने शो करती, जो कैंसर के खिलाफ और बचाव के लिए कारगर मुहिम होती। लेकिन ये क्या? उसने तो पूरे देश के साथ एक तरह से धोखा किया, वह भी अपनी ओर ध्यान खींचने के लिए। यह माफी के काबिल नहीं हो सकता। पूनम कैसे भूल गई कि यह वो देश है जहां किरदार को भी भगवान की तरह पूजा जाता है। उसे कैसे याद नहीं कि लोकप्रिय सीरियल और फिल्मों के भगवान बने पात्रों को भी पूजा जाता है। इस हरकत से पहले कैसे भूल गई कि लोकप्रियता के शिखर पर



पहुंचे अभिनेताओं की मौत से आहत न जाने कितने प्रशंसकों ने अपनी जान तक दे दी। यूं तो कई उदाहरण हैं पर एक ही यहां काफी है जहां दिग्गज तमिल अभिनेता से मुख्यमंत्री के मुकाम तक पहुंचे एमजी रामचंद्रन की 24 दिसंबर, 1987 को मृत्यु के बाद तमिलनाडु दहल उठा। हर कोई दुखी था और हाहाकार मचा हुआ था। लोग इतने आहत कि किसी ने अपनी नसें काट लीं तो किसी ने जहर पी लिया। कइयों ने अपनी उंगली और जीभ तक काट डाली। दुखी लोगों के एमजीआर घर के सामने रोने-चिल्लाने का रिकॉर्ड भी बना। माना कि यह एक सार्वजनिक उन्माद था जिसमें आत्महत्याओं के अलावा, एमजीआर की मौत के बाद भड़के लोगों पर हुई फायरिंग से 29 और मौतें भी हुईं। अच्छा हुआ कि फरेबी पूनम शोहरत के उस मुकाम तक नहीं पहुंच पाई, वरना उसकी यह खलनायकी कितनी भारी पड़ती? पूनम की हद दर्जे की ढिठाई देखिए। इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए अपने जिंदा होने का सबूत खुद कुछ ही घण्टों में देती है कि उसे कैंसर नहीं है। उसने तो सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जागरुकता के लिए ऐसा किया। जिस सोशल मीडिया पर फैन उनकी मौत का गमजदा हो, अंतिम संस्कार का स्थान पता कर रहे थे, वही अब उसे ट्रोल कर रहे हैं। उसी सोशल मीडिया पर उसके प्रति नफरत भरी न जाने कितनी पोस्ट घूम रही हैं। फिल्म इण्डस्ट्री भी भौंचक है। कई सितारे तक नाखुश हैं और खरी-खोटी सुना रहे हैं। इंडियन फिल्म एंड टीवी डायरेक्टर्स एसोसिएशन ने सख्त कार्रवाई की मांग तक की है। वाकई में पूनम ने उन सभी का मजाक उड़ाया है जो सर्वाइकल कैंसर या दूसरे कैंसर से जूझ रहे हैं। यकीनन कैंसर घातक, जानलेवा और बेहद तकलीफदेह बीमारी है। केन्द्र और राज्य सरकारों के साथ चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ पूरे मनोयोग से कैंसर रोगियों के लिए रात-दिन जुटे रहते हैं। पूनम का यह झूठ उन सभी पर मजाक जैसा है। क्या अकेले पूनम को ही बड़ी चिन्ता है? उसके फर्जी पीआर स्टंट से ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन भी खासा नाराज है। भला पब्लिसिटी के लिए मौत की झूठी अफवाह को लोग कैसे स्वीकारें? ऐसी घटिया हरकत किसी और हिन्दुस्तानी सेलेब्रिटी ने की हो याद नहीं आता। अपनी शोहरत के लिए हमेशा चचाओं में बने रहना पूनम का शगल है। अजीबो गरीब कारनामों के लिए चर्चित पूनम ने प्रसिद्ध निमार्ता, निर्देशक सैम अहमद बॉम्बे को ढाई साल तक डेट किया उसके बाद 10 सितंबर 2020 को गुपचुप शादी कर ली। दोनों हनीमून मनाने के लिए गोवा गए, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब साझा की। लेकिन शादी के महज 13 दिन में ही दोनों के बीच इतना झगड़ा हुआ कि सैम को जेल की हवा खानी पड़ी और आईपीसी की धारा 353, 506 और 354 के तहत मामला तक दर्ज हो गया। ग्लैमर की इस चकाचौंध भरी इंडस्ट्री में पूनम पांडे का नाम अनेकों लोगों के साथ जुड़ा फिर भी उसका फिल्मी करियर ज्यादा सफल नहीं रहा। इतना ही नहीं उसके ग्लैमर और बोल्डनेस का मिक्स अप ज्यादा नहीं चल पाया तो समाजसेवा का झूठा दिखावा करने के लिए ऐसे पब्लिसिटी स्टंट उतर आई? लगता नहीं कि इन दिनों कहीं ओटीटी प्लेटफार्म तो कहीं छोटे-बड़े पर्दे पर ध्यान खींचने खातिर कलाबाजियों का दौर चल रहा है? अभी कुछ दिन पहले 'बिग बॉस-17' में अभिनेत्री अंकिता लोखंडे अपने बिजनेसमैन पति विक्की जैन के साथ पहुंची थीं। जहां दोनों के बीच काफी बवाल हुआ और रिश्ता सुर्खियों में बना रहा। ये लड़ाई इनके घरों तक भी पहुंची। अंकिता की सास रंजना जैन ने फैमिली वीक में बिग बॉस हाउस में एंट्री की और काफी खरी-खोटी सुनाई। यहां मेरा यह बताना जरूरी है कि विक्की का बचपना (दो-तीन साल की उम्र तक) मैंने अपने सामने देखा, उसे गोद में भी खिलाया। उसके पिता मध्य प्रदेश के बुढ़ार में शासकीय विभाग में बड़े पद पर रहे। मैं उनके साथ एक प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था में बड़ी जिम्मेदारी में था। वहीं विक्की की मां रंजना जैन भी उसी संगठन की महिला विंग की अध्यक्ष रहीं जो पारिवारिक जिम्मेदारियों के साथ-साथ संगठन को चोटी पर पहुंचाने के प्रबंधन में हमेशा अव्वल रहतीं। यह सब मैंने बेहद करीब से देखा। उनकी मेहनत से चमके भाग्य ने सबको ऊंचाई पर पहुंचाया। यहां पूनम से ठीक उलट रंजना जैन पर उनके स्वभाव से इतर सोशल मीडिया पर खूब आलोचना और कटाक्ष किए गए। मैं दावे से कह सकता हूं कि रंजना जैन बेहद समझदार, पारिवारिक, सामाजिक महिला हैं जो शिखर पर पहुंच कर भी सामान्य हैं। अब विक्की भी दोनों की भावनाओं को समझता है जो परवरिश का ही असर है। उसने अपनी मां के पक्ष में सफाई भी दी। स्क्रीन पर रंजना जैन ने जो कहा या किया वह उनकी रियल फीलिंग्स थीं न कि सुर्खियां बटोरने का स्टंट। काश पूनम भी समझ पाती कि उसका कुल जमा छोटा सा करियर है। ऐसे दांव-पेंच में उलझना ठीक नहीं। उसे अपनी गलती का अहसास हुआ या नहीं, नहीं पता। लेकिन रंजना जैन से उसे इस इण्डस्ट्री में काफी कुछ सीखने मिल सकता है कि किस तरह एक गृहिणी और मां के रूप में घर, परिवार, समाज और देश-दुनिया के सामने अपना वास्तविक पक्ष बेझिझक बिना फिल्मी करियर से होकर भी मजबूती से रखा जाता है। बस ईश्वर से प्रार्थना है कि दोबारा कोई पूनम न बने और पब्लिसिटी स्टंट के लिए कुछ नया अजूबा फिर न कर बैठे।

**लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।**

# शिक्षा से ही स्वर्णिम भारत की कल्पना साकार

देश को अगले तीन दशकों के बीच यानी स्वतंत्रता की शताब्दी मनाते वक्त विकसित देशों में शुमार करने का संकल्प बड़ा ही आकर्षक है। हालांकि हालात कैसे करवट बदलते हैं कोई नहीं जानता। इसलिए दावे से यह नहीं कहा नहीं जा सकता कि 2047 तक दुनिया क्या रूप ले लेगी। आज की स्थितियां बनी रहेंगी या कुछ और नक्शा बनेगा अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। सन सैंतालीस से अब तक के दौर में इतिहास भूगोल के साथ काफी कुछ घटित हो चुका है। यह भी हो सकता है उस मुकाम तक पहुंचते-पहुंचते 'विकसित' का मायने ही कुछ और हो जाए। इसलिए इस बात पर भी गौर करने की जरूरत है कि विकसित भारत से हमारा क्या आशय होगा। राम-राज्य चाहिए पर वह व्यवस्था जिसमें सभी कुशल क्षेम से रहें उसके पैमाने बहुत स्पष्ट नहीं हैं। आज के भारत में निश्चय ही अनेक मोर्चों पर उल्लेखनीय सफलता मिली है और देश निःसंदेह आगे बढ़ा है। देश की न केवल आधार-संरचना विस्तृत और मजबूत हुई है बल्कि खाद्यान उत्पादन, स्वास्थ्य सुविधाओं, वैज्ञानिक अनुसंधान और सामरिक तैयारी आदि की दृष्टि से हमने अच्छी बढ़त हासिल की है। फिर भी ऐसे बहुत से क्षेत्र हैं जिनमें आज के हालात में सुधार की बहुत गुंजाइश है। हम जहां हैं वह स्थिति पूरी तरह संतोषजनक नहीं कही जा सकती । सभी लोग यह चाहते हैं कि जो है उससे बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, न्याय, कृषि, उद्योग-धंधों की स्थिति, कानून व्यवस्था, और अच्छे प्रशासन की ओर हम आगे बढ़ें। सुशासन की इस महत्वाकांक्षी पर जायज परिकल्पना को मूर्त रूप देने की इच्छा सब में है। सभी राजनैतिक दल इसके लिए सहमति, सक्रियता और तत्परता दिखाते लगते हैं। वर्तमान सरकार ने इस दिशा में कई उल्लेखनीय कदम आगे बढ़ाए हैं। यह निश्चित ही एक बड़ी छलांग है कि आज भारत विश्व की पांचवीं अर्थ-शक्ति के मुकाम पर पहुंच गया है। हमने यह भी देखा था कि कोविड महामारी जैसी विकट संकट वाली चुनौती का सामना कर देश आगे बढ़ा और उसके झटके के बाद अर्थव्यवस्था को पटरी पर ला सकने में सफल रहा। जीझ20 की बैठक कई दृष्टियों से फलदायी रही है। उसके चलते आज भारत की अंतरराष्ट्रीय राजनय में साख बढ़ी है। देश और बाहर के कई सूत्रों से भारत की वर्तमान स्थिति के उत्साहवर्धक आकलन को देखते हुए अमृत-काल की परिणति के रूप में स्वर्णिम भारत का सपना स्वाभाविक लगता है। यह आकार ले सकता है और जरूर मुमकिन हो सकता है बशर्ते हमारी क्षमता और कुशलता हमारे स्वभाव का हिस्सा बन जाए। हमको भ्रष्टाचार पर लगाम लगानी होगा, फिजूलखर्ची रोकनी होगी और उत्कृष्टता को कार्य-संस्कृति में आत्मसात कर उसे लागातार बनाए रखना होगा। तभी जीवन की गुणवत्ता संवर्धित हो सकेगी। इस सोच के अनुसार आगे चलने में चरित्र और नैतिकता की केंद्रीय भूमिका होगी। सच कहें तो सबका लक्ष्य जीवन की गुणवत्ता में वृद्धि है। यह सरकार और जनता दोनों का एक साझे का सतत चलने वाला सरोकार है। इन सबके बीच में गरीबी दूर करने का उद्देश्य सर्वोपरि स्वीकार किया गया है । स्वतंत्र भारत की आज तक की सभी सरकारें इसके लिए काम करती आ रही हैं और विभिन्न उपायों से लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का प्रयास चलता आ रहा है बिचौलियों की हेराफेरी से लाभ हितार्थियों तक नहीं पहुंच पाते थे । वर्तमान सरकार ने कड़ाई से इस स्थिति पर नियंत्रण कर हाशिए पर स्थित वर्गों की सठती को सुधारने की प्रभावी कोशिश की। वित्तमंत्री के ताजे बयान कि 'इस दिशा में काफी प्रगति हुई है और लोगों की आर्थिक दशा सुधरी है' भरोसा और सुकून देने वाला है। देश की आर्थिक सेहत सुधरने के कई संकेत मिल रहे हैं और देशी-विदेशी अनेक विशेषज्ञों की भविष्यवाणी इसी तरह की है। दूसरी ओर सामाजिक समता, न्याय , सौहार्द और जनहित के प्रयासों और उपलब्धियों की जमीनी हकीकत से आम आदमी के मन में कुछ दुविधाएं और शकाएं भी बनी हुई हैं। बाजार जिस तरह सब पर हावी होता जा रहा है इससे चिंता होती है। इस दौरान बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, नौकरशाही और न्याय व्यवस्था की मुश्किलों को भी नजरंदाज नहीं किया जा सकता। इनके चलते आम आदमी को अनेक जंजालों का सामना करना पड़ता है। विकसित भारत के लक्ष्य की ओर लोक-यात्रा में आम जन की विपदाओं की कदापि अनदेखी नहीं की जा सकती। विकसित भारत की कल्पना को आकार देने के लिए भौतिक और आर्थिक संसाधन ही काफी नहीं होंगे। उसके लिए चरित्रवान, प्रशिक्षित और दक्ष मानव-संसाधन की सबसे ज्यादा जरूरत होगी। अब जब भारत जनसंख्या की दृष्टि से दुनिया में सबसे आगे हो चुका है देखते हुए शिक्षा चाहने वाले जन-समुदाय की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है । इस दृष्टि से देश के बजट में शिक्षा के लिए किए जीने वाले प्रावधान को यथार्थ के आकलन के अनुसार बढ़ाने की जरूरत होगी । आम सहमति के मुताबिक शिक्षा पर राष्ट्रीय बजट में छह प्रतिशत का आवंटन होना चाहिए । बड़े खेद की बात है कि इस लक्ष्य तक हम आज तक नहीं पहुंच सके हैं। इस दृष्टि से फरवरी 2024 में प्रस्तुत अंतरिम बजट के प्रावधान बहुत आशाजनक नहीं दिख रहे हैं। बुनियादी शिक्षा, स्कूल शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए आवंटन में तुलनात्मक दृष्टि से पिछले आवंटन से कुछ बढ़ोतरी हुई है परंतु वह महंगाई और जरूरत के मद्देनजर नाकाफी हैं। सच्चाई यह है कि नई शिक्षा नीति के प्रावधान व्यापक हैं और बहुत कुछ और चाहते हैं। उसके अनुसार विविध प्रकार के सुधारों को लागू करने के लिए अपेक्षित संसाधनों को जुटाना संभव नहीं लग रहा है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



युवा दिमाग लचीले होते हैं और उन समस्याओं के लिए नवीन और आउट-ऑफ-द-बॉक्स समाधान पेश कर सकते हैं जिन्होंने सबसे अनुभवी पेशेवरों को चुनौती दी है। युवा लोग भी नई तकनीकों से सबसे अधिक सहज हैं जो नए समाधान भी पेश कर सकती हैं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)**



धन्यवाद, आभार !! झारखंड विधानसभा में विश्वास मत के दौरान हमारी सरकार का समर्थन करने के लिए गठबंधन में शामिल सभी माननीय विधायकों को धन्यवाद। हमारी एकता ने राज्य को अस्थिर करने के षड्यंत्र को विफल कर दिया। हमारी सरकार हेमंत बाबू द्वारा शुरू की गई योजनाओं को गति देकर, राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों एवं आम लोगों के जीवन- स्तर में बदलाव लाने का प्रयास करेगी। जय झारखंड !!

**(सीएम चंपाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)**



कांग्रेस और झामुमो को अपने पार्टी के विधायकों के उपर भरोसा नहीं है, इसलिए उन्हें राज्य से बाहर ले जाया गया। झारखंड के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में भारतीय जनता पार्टी ने किसी विधायक से संपर्क करने अथवा सरकार बनाने का कोई प्रयास नहीं किया। हेमंत सोरेन गंभीर आर्थिक अपराध और भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से कार्य कर रही हैं, विपक्ष द्वारा उनके उपर लगाए जा रहे पक्षपात करने का आरोप निराधार है।

**(पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी का 'एक्स' पर पोस्ट)**

# अमीरों का क्लब है वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम

कुछ दिन पहले दुनिया के एक महत्वपूर्ण मंच- वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम का सालाना सम्मेलन दावोस (स्विट्जरलैंड) में संपन्न हुआ। वर्ष 1971 में अस्तित्व में आया यह फोरम वैश्विक आर्थिक संरचना पर चर्चा करने वाली एक अहम संस्था के नाते उभरा है। व्यापार, भू-राजनीति, सुरक्षा, सहकार, ऊर्जा, पर्यावरण, प्रकृति आदि कई मुद्दों पर इस मंच पर चर्चा होती रही है। हर साल की तरह इस बार भी आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र की बड़ी हस्तियों ने इस सम्मेलन में भाग लिया। इनमें साठ देशों के शासनाध्यक्ष भी थे। एक हजार बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा पोषित यह मंच अपने सम्मेलनों में भाग लेने वालों से मोटी रकम शुल्क के रूप में लेता है, यानी किसी भी तरह से यह सर्वसमावेशी मंच तो नहीं कहा जा सकता। समाज में कम भाग्यशाली लोगों की ओर से बोलने वालों में से शायद कोई यहां नहीं पहुंच पाता। इसमें दुनिया के सामान्य जन के हित साधने जैसी कोई बात नहीं होती। इस बार भी जिन मुद्दों पर चर्चा हुई, उनका सामान्य जन से कोई खास सरोकार नहीं दिखता। उदाहरण के लिए, एक सत्र में यह चर्चा हुई कि दुनिया में व्यापार और निवेश कथित रूप से कुशल साझेदारी के स्थान पर मित्रता के आधार पर हो रहा है। रूस-यूक्रेन संघर्ष, इस्राइल-हमास युद्ध आदि स्थितियां इन कंपनियों के लिए शुभ नहीं हैं क्योंकि इनके कारण उनके निवेश प्रभावित हो रहे हैं, इसलिए उनमें चिंता व्याप्त है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सम्मेलन में जिन 60 शासनाध्यक्षों ने भाग लिया, वे सभी वैश्विक भू-राजनीति में उथल-पुथल, देशों के बीच बढ़ती वैमनस्यता और युद्ध की स्थिति से चिंता व्यक्त करते हुए देखे गये। चाहे उनकी चिंता वाजिब है, लेकिन आर्थिक चर्चा करते समय उनका ध्यान मुल्कों के बीच असमानताओं और दुनिया में गरीबी, निरक्षरता और बेरोजगारी की तरफ नहीं था। एक विषय, जिससे पूरे दुनिया का सरोकार है यानी पर्यावरण और मौसम परिवर्तन, पर बात तो हुई, लेकिन समाधान के लिए कोई विशेष इच्छाशक्ति नहीं दिखी। पिछले कई पर्यावरण सम्मेलनों से यह स्पष्ट हो रहा है कि आज पर्यावरण पर चर्चा से ज्यादा समाधान की जरूरत है। काफी साल पहले विकसित देशों ने यह वादा किया था कि वे हर वर्ष 100 अरब डॉलर की सहायता पर्यावरण समस्या से निपटने के लिए करेंगे। लेकिन वह सहायता दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही। खरबों डॉलर की संपत्ति वाली बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी विभिन्न मंचों पर इस समस्या पर चर्चा करती होंगी, लेकिन वे भी अपनी प्रौद्योगिकी को बिना भारी शुल्क लिये साझा करने के लिए तैयार नहीं है। यह स्थिति उनके दोहरे चरित्र की ओर इंगित करती है। दावोस में बिगड़ते पर्यावरण और बदलते मौसम पर चर्चा करने वालों में अधिकतर अपने-अपने निजी विमान से वहां आये थे। उससे कार्बन का कितना उत्सर्जन हुआ और पर्यावरण का कितना ह्रास हुआ, उस ओर वे उदासीन दिखे। यदि वास्तव में फोरम के कर्ता-धर्ता मुद्दों के प्रति संवेदनशील होते, तो इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारी शुल्क की अनिवार्यता नहीं होती। इस सम्मेलन में हाशिये पर खड़े समुदायों, पिछड़े समाजों के लिए काम करने वाले कार्यकताओं और सामान्य लोगों को भी इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जाना चाहिए था। शासनाध्यक्षों और बड़े मंत्रियों और बड़ी कंपनियों के चहेते बुद्धिजीवियों की उपस्थिति इन कंपनियों के एजेंडे को वैधता प्रदान करती है। चाहे ये बहुराष्ट्रीय कंपनियां मानवता और विश्व कल्याण की कितनी भी बातें करें, इनका इस सदी की सबसे बड़ी महामारी के दौरान व्यवहार दानवों को भी लज्जित करने वाला था। फाइजर नामक कंपनी ने तो अप्रभावी वैक्सीन ही जान-बूझ कर दुनियाभर में बेच दी। यह कंपनी अमेरिकी सरकार के माध्यम से भारत सरकार पर भी दबाव बना रही थी।

## विजेता और पराजित

आगामी 8 फरवरी को होने वाले संसदीय चुनावों से ठीक एक सप्ताह पहले दो अलग-अलग मामलों में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जेल की सजा सुनाया जाना, यह दशार्ता है कि कैसे सत्ता के परोक्ष दबदबे वाले पाकिस्तान के जटिल राजनीतिक परिदृश्य में भूमिकाएं उलट गई हैं। वर्ष 2018 में जब श्री खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सत्ता में आई थी, तो विपक्षी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने सेना पर जनरलों की पहली पसंद माने जाने वाले इस पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी के पक्ष में चुनावी धांधली करने का आरोप लगाया था। इसके एक साल पहले, पीएमएल-एन के नेता नवाज शरीफ को पनामा पेपर्स के आरोपों पर प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था और बाद में दोषी व अयोग्य ठहराए जाने के बाद निर्वासन में जाना पड़ा था। आज जहां श्री खान को अयोग्य घोषित कर दिया गया है और वह लंबी सजा काट रहे हैं, वहीं श्री शरीफ वापस आ गए हैं और पीएमएल-एन का अगुवाई कर रहे हैं। जिस तरह से सेना एवं अन्य राजकीय संस्थाएं श्री खान व उनकी पार्टी के पीछे पड़ीं, उसके मद्देनजर अदालती कार्यवाहियों और फैसलों को लेकर कोई हैरत नहीं हुई। मंगलवार को, श्री खान को एक विशेष अदालत ने जहां राज्य के रहस्यों को लीक करने के आरोप में, जिसे आमतौर पर सिफर केस कहा जाता है, 10 साल की सजा सुनाई, वहीं बुधवार को एक अन्य अदालत ने सत्ता में रहने के दौरान मिले कुछ उपहारों को अपने पास रखने के जुर्म में उन्हें और उनकी पत्नी को तोशाखाना मामले में 14 साल की सजा सुनाई। सैन्य प्रतिष्ठान के साथ मतभेद के बाद श्री खान को अप्रैल 2022 में सत्ता से बाहर होना पड़ा था। उन्होंने सेना और संयुक्त राज्य अमेरिका पर उन्हें अपदस्थ करने की साजिश रचने का आरोप लगाया था और एक रैली में सबूत के तौर पर एक कागज लहराया था, जो कथित तौर पर 2022 में अमेरिका में तत्कालीन पाकिस्तानी राजदूत द्वारा भेजा गया एक राजनयिक संदेश था।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. R.N.I Number - JHABIL/2022/85899 Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# नए वित्त वर्ष में पेट्रोलियम कंपनियां करेंगी 1.2 लाख करोड़ का निवेश

## - निवेश से देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी

**नई दिल्ली ।**

ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) और इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) सहित सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां अप्रैल से शुरू होने वाले नए वित्त वर्ष में करीब 1.2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की तैयारी कर रही हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियां मुख्य रूप से तेल और गैस खोज, रिफाइनरी, पेट्रोरसायन और पाइपलाइन कारोबार में यह निवेश करेंगी, जिससे देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। बजट दस्तावेज 2024-25 के अनुसार 2024-25 में प्रस्तावित निवेश 31 मार्च को समाप्त होने वाले चालू वित्त की तुलना में लगभग पांच प्रतिशत अधिक होगा। 2023-24 में पेट्रोलियम कंपनियों का निवेश 1.12 लाख करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। ओएनजीसी ने अगले वित्त वर्ष में 30,800 करोड़ रुपये के पूंजीगत खर्च की योजना बनाई है। कंपनी यह निवेश तेल और गैस के नए भंडार खोजने और पहले की गई खोजों को उत्पादन में लाने पर करेगी। यह 2023-24 के 30,500 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय से थोड़ा अधिक है। कंपनी देश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों तटों पर खोजों का विकास कर रही है। इसी तरह ओएनजीसी की विदेशी इकाई ओएनजीसी विदेश` लिमिटेड (ओवीएल) 2024-25 में 5,580 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। यह चालू वित्त वर्ष की तुलना में 68 प्रतिशत अधिक है। देश की सबसे बड़ी तेल रिफाइनरी कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) 30,910 करोड़ रुपए के निवेश परिव्यय के साथ सबसे अधिक खर्च करने वाली कंपनी होगी। आईओसी यह निवेश मुख्य रूप से विस्तार और ईंधन का उत्पादन करने वाली अपनी सात रिफाइनरियों के उन्नयन पर होगा।हालांकि, आईओसी का निवेश 2023-24 के खर्च 31,254 करोड़ रुपए से कुछ कम है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने 2024-25 में 30 प्रतिशत अधिक यानी 13,000 करोड़ रुपए के पूंजीगत व्यय का प्रस्ताव किया है। गैस कंपनी गेल इंडिया लिमिटेड का नियोजित निवेश 2024-25 में घटकर 8,000 करोड़ रुपए से कुछ अधिक रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का निवेश 9,750 करोड़ रुपए रहने का अनुमान है। ओएनजीसी की अनुषंगी कंपनी हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) वित्त वर्ष 2024-25 में 12,500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी, जो पिछले वित्त वर्ष के 12,000 करोड़ रुपए के आंकड़े से कुछ अधिक है।

# मनी लांड्रिंग मामले में कंपनी पर ईडी की जांच नहीं होगी: पेटीएम

**नई दिल्ली ।**

देश के सबसे लोकप्रिय पेमेंट ऐप में शुमार पेटीएम की मुश्किलें खत्म होने का नाम नहीं ले रहीं। पहले रिजर्व बैंक की ओर से पेटीएम पेमेंट बैंक पर रोक लगाए जाने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से मनी लांड्रिंग मामले में जांच की भी खबरें रही हैं। इस पर पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्‍युनिकेशंस ने साफ कहा है कि उनके किसी भी संस्थान या अधिकारी के खिलाफ ईडी की जांच नहीं होने जा रही है। यह सफाई उन खबरों के बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि पेटीएम पेमेंट बैंक की अनियमितताओं के खिलाफ ईडी जांच करेगा। हालांकि, कंपनी ने पूरी तरह साफ कर दिया है कि उसके फाउंड विजय शेखर शर्मा या कंपनी की किसी भी संस्था अथवा सब्सिडियरी के खिलाफ ईडी की जांच नहीं होगी। फिनटेक कंपनी ने यह जानकारी शेयर बाजार को दी रेगुलेटरी फाइलिंग में बताई है। इस बीच पेटीएम के फाउंडर और सीईओ विजय शेखर शर्मा का कहना है कि वे




आरबीआई के साथ मिलकर मामले को सुलझाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि आप हमारा पे रिवार हैं और कोई भी छंटनी नहीं होने जा रही।

सूत्रों के हवाले से बताया गया था कि अगर फंड में हेरफेर को लेकर पेटीएम के खिलाफ नए चार्जेज लगाए जाते हैं तो ईडी भी जांच कर सकता है। उन्होंने कहा था कि मनी लांड्रिंग केस में आरबीआई की ओर से नए आरोप लगाए जाते हैं तो नियम के अनुसार इसकी जांच प्रवर्तन निदेशालय को सौंपी जा सकती है।

# आईबीबीआई ने व्यक्तिगत गारंटर के लिए आरपी पर लगाई रोक हटाई

## अब दोनों के लिए एक ही समाधान पेशेवर हो सकते हैं

**नई दिल्ली ।**



भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (आईबीबीआई) ने किसी कंपनी व उसके व्यक्तिगत गारंटर की समाधान प्रक्रिया के लिए एक ही इन्सॉल्वेंसी प्रोफेशनल (आरपी) पर लगाई गई रोक हटा ली है। अब दोनों के लिए एक ही समाधान पेशेवर हो सकते हैं। बोर्ड ने यह फैसला दोनों प्रक्रियाओं के बीच बेहतर सामंजस्य और प्रभावी सहयोग के` लिए`` किया है। आईबीबीआई व्यक्तिगत गारंटर से लेकर कॉरपोरेट देनदार नियमन 2019 में किया गया बदलाव 31 जनवरी से प्रभावी हो गया। आईबीबीआई ने पर्सनल गारंटरों के मामले में लेनदारों की बैठक दिवालिया मसले पर अनिवार्य करने के प्रावधान में संशोधन किया है। इससे पहले व्यक्तिगत गारंटर की तरफ से जमा कराई गई भुगतान योजना के बाद रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल उसकी व्यवहार्यता का आकलन कर निर्णायक प्राधिकारी के पास रिपोर्ट इस सिफारिश के साथ जमा कराएंगे कि लेनदारों की बैठक बुलाई जाए या नहीं। अगर प्रोफेशनल को लगता है कि ऐसी बैठक अनावश्यक है तो वह इसकी वजह बताएंगे। रिजॉल्यूशन प्रोफेशनल किसी बीमार कंपनी का परिचालन तब देखते हैं जब उसकी दिवालिया प्रक्रिया शुरू होती है और वह समाधान प्रक्रिया में लेनदारों की समिति, निर्णायक प्राधिकरण और संभावित बोलीदाताओं के बीच समन्वय करते हैं। यह प्रावधान शुरुआत में कम जटिल मामलों के तेजी से समाधान निकालने के लिए किया गया था जहां लेनदारों की बैठक लगातार बुलाने की अनिवार्य जरूरत न हो। आईबीबीआई ने इस प्रावधान में संशोधन व्यक्तिगत गारंटर के मामले में पेचीदगियों को ध्यान में रखते हुए किया है, जिससे अक्सर विस्तृत वित्तीय पारस्परिक निर्भरता व कई लेनदार जुड़े होते हैं और वहां और उचित प्रक्रिया की दरकार होगी। आईबीबीआई ने कहा` कि लेनदारों को अनिवार्य तौर पर शामिल किए जाने से समाधान प्रक्रिया का विस्तृत व सहयोगकारी तरीका सामने आएगा, जिससे इच्छित नतीजे मिलने और व्यवस्था की निष्पक्षता बढ़ेगी।

# आरबीआई की एमपीसी छठी मौद्रिक समीक्षा में भी नीतिगत दरें बरकरार रहने की संभावना


## आरबीआई 8 फरवरी को मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद अपना निर्णय सुनाएगा

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की छह सदस्यों वाली मौद्रिक नीति समिति लगातार छठी मौद्रिक समीक्षा में नीतिगत दरें जस की तस बनाए रख सकती है। एक सर्वेक्षण में शामिल सभी 10 प्रतिभागियों की यह राय है। आरबीआई 8 फरवरी को मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद अपना निर्णय सुनाएगा। मौद्रिक नीति समिति ने मई 2022 से फरवरी, 2023 के बीच 250 आधार अंक की बढ़ोतरी के साथ रीपो दर 6.5 फीसदी कर दी थी। उसके बाद अप्रैल, 2023 की बैठक में दर वृद्धि पर विराम लगा दिया गया था। अर्थशास्त्री कहते हैं ` कि पिछली मौद्रिक नीति की बैठक के बाद से वैश्विक घटनाक्रम में कोई बड़ा बदलाव नहीं हुआ है, जिससे कोई वजह नहीं दिखती कि आरबीआई दरों में सख्ती करे। फरवरी की मौद्रिक नीति समिति की बैठक में सबसे अहम बात यह होगी कि बैंकिंग तंत्र में तरलता की कमी पर केंद्रीय बैंक का क्या रुख रहता है। सभी प्रतिभागियों ने एकमत से कहा कि तरलता बढ़ाने के लिए आरबीआई वेरिएबल रेट रीपो एक्शन (वीआरआर) जारी रखेगा और खुले बाजार से बॉन्ड खरीदेगा या नकद आरक्षी अनुपात (सीआरआर) कम कर देगा। भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने कहा` कि बैंकिंग तंत्र में नकदी की किल्लत सितंबर से ही बनी हुई है। तरलता में अस्थायी इजाफे के लिए वीआरआर सही तरीका है क्योंकि खुले बाजार में परिचालन के जरिये नकदी स्थायी तौर पर डाली जाती है। लेकिन लगातार नकदी डाले जाने से तंत्र में तरलता बफर बनाने की जरूरत है। सभी प्रतिभागी इस बात से सहमत थे कि मौद्रिक नीति समिति रीपो दर पर यथास्थिति बनाए रखेगी लेकिन रुख के बारे में उनकी राय अलग-अलग थी। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के अर्थशास्त्री ने कहा` कि अगर आरबीआई फरवरी में मौद्रिक नीति पर रुख बदलकर तटस्थ करता है तो वेटेड औसत कॉल दर को रीपो दर पर लाने के लिए तरलता बढ़ाने के बड़े उपाय करने होंगे। मौसमी तौर पर नकदी निकासी के कारण तरलता की स्थिति मार्च तक सख्त बनी रहेगी। उनकी राय में आरबीआई फरवरी में अपने रुख में बदलाव नहीं करेगा।

# वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उप्र का बजट सर्व-समावेशी होगा: वित्त मंत्री खन्ना

**लखनऊ ।**

उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उनका बजट सर्व-समावेशी होगा जो राज्य को 1000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने मदद करेगा। खन्ना ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए विधानसभा में वार्षिक बजट पेश करने से पहले पत्रकारों से कहा कि बजट सर्व-स्पर्शी, सर्व-समावेशी और सर्वांगीण विकास वाला होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नीत सरकार का बजट उत्तर प्रदेश को 1000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आगे ले जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी बजट में बुनियादी ढांचे, युवा रोजगार और महिला सशक्तिकरण पर जोर दिए जाएगा। बजट में धार्मिक महत्व के स्थानों के लिए अधिक धन आवंटित करने के सवाल पर उन्होंने कहा कि यह सभी बुनियादी ढांचे के अंतर्गत आता है।




इस बीच उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि राज्य के बजट का उद्देश्य उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाना और राज्य को विकास के पथ पर आगे ले जाना है। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि बजट बुनियादी ढांचे को मजबूत करेगा और इसमें गरीबों के कल्याण के लिए योजनाएं होंगी।

# टाटा नेक्सन ने 6 लाख यूनिट उत्पादन का आंकड़ा किया पार

## - उपलब्धि को हासिल करने में कार को सिर्फ 76 महीने लगे

**नई दिल्ली ।** टाटा मोटर्स कंपनी की टाटा नेक्सन ने 6 लाख यूनिट उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस उपलब्धि को हासिल करने में कार को सिर्फ 76 महीने लगे हैं। अप्रैल, 2023 में टाटा नेक्सन ने उत्पादन में 5 लाख का आंकड़ा छूआ था। टाटा नेक्सान में दो वेरिएंट आईसीई और ईवी मॉडल में बिक्री के लिए उपलब्ध है। जहां रेगुलर टाटा नेक्सान एसयूवी की कीमत 8.10 लाख रुपये से शुरू होती है। वहीं इलेक्ट्रिक वेरिएंट की कीमत 14.74 लाख रुपये एक्स-शोरूम से शुरु होती है। बता दें टाटा नेक्सन एसयूवी स्मार्ट, प्योर, क्रिएटिव और फियरलेस ट्रिम्स में उपलब्ध है। इसके अलावा टाटा नेक्सन फेसलिफ्ट को पिछले साल सितंबर में लॉन्च किया गया था।टाटा नेक्सन फेसलिफ्ट एसयूवी दो इंजन ऑप्शन के साथ आती है। इसमें 1.2-लीटर टर्बोचार्ज्ड पेट्रोल इंजन है। यह इंजन 120 बीएचपी और 170 एनएम का टॉर्क पैदा करने में सक्षम है। यह इंजन तीन गियरबॉक्स 6-स्पीड मैनुअल, 6-स्पीड एएमटी और 7-स्पीड डीसीटी गियरबॉक्स के साथ आता है।



# पान मसाला, गुटखा, तंबाकू कंपनियों के नियमों में किया गया बदलाव

## - पैकिंग मशीनों को जीएसटी अधिकारियों के पास रजिस्टर्ड नहीं कराया तो लगेगा जुर्माना


**नई दिल्ली ।** तंबाकू, गुटखा और पान-मसाला उत्पाद बनाने वाली कंपनियों के लिए नियमों में बदलाव हुआ है। ये प्रोडक्ट्स बनाने वालों ने अगर 1 अप्रैल से अपनी पैकिंग मशीनों को गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी)अधिकारियों के पास रजिस्टर्ड नहीं कराया तो उन्हें 1 लाख रुपए तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। तंबाकू इंडस्ट्री में रेवेन्यू लीकेज को रोकने के लिए वित्त विधेयक 2024 में संशोधन किए गए हैं। कुछ स्थितियों में गैर-अनुपालन वाली मशीनों को जब्त किया जा सकता है। जीएसटी काउंसिल ने पिछले साल तंबाकू निर्माताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली मशीनों को रजिस्टर्ड करने के लिए एक विशेष प्रक्रिया की सिफारिश की थी। मौजूदा और नई लगी मशीनों का विवरण, उनकी पैकिंग क्षमता सहित फॉर्म जीएसटी एसआरएम-आई में देना होगा। हालांकि, ऐसा करने में विफल रहने पर कोई दंड की घोषणा नहीं की गई है। राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने कहा कि जीएसटी परिषद ने पहले उक्त उत्पादों में उपयोग होने वाली मशीनों को उनकी उत्पादन क्षमता की निगरानी के लिए पंजीकृत करने का निर्णय लिया था। उन्होंने कहा कि हालांकि, अगर वे पंजीकरण करने में विफल रहे तो कोई जुर्माना नहीं था। इसलिए काउंसिल ने फैसला किया कि कुछ दंड होना चाहिए। इसलिए वित्त विधेयक में आपको मशीनों को पंजीकृत नहीं करने के लिए एक लाख रुपये तक का जुर्माना` लिया जा सकता है।

# पेटीएम के शेयर में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट

**नई दिल्ली ।** पेटीएम के शेयर में सोमवार को लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई। कंपनी के शेयर शुरुआती कारोबार में और 10 प्रतिशत गिर गए। बीएसई पर शेयर 10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 438.35 रुपये पर आ गए। एनएसई पर 9.99 प्रतिशत गिरकर 438.50 रुपये पर पहुंच गए। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग में 29 फरवरी 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार न करने का गत बुधवार को निर्देश दिया था। इसके बाद से कंपनी के शेयर में लगातार गिरावट आ रही है।कंपनी के शेयर में लगातार तीन सत्र में 42 प्रतिशत से अधिक गिरावट आई है। इससे उसके बाजार मूल्यांकन को 20,471.25 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। आरबीआई ने आदेश में कहा था कि कि पेटीएम का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड और पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज के नोडल खातों को 29 फरवरी से पहले जल्द-से-जल्द जल्द समाप्त किया जाना चाहिए। वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विजय शेखर शर्मा की बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है।




# शेयर बाजार गिरावट पर बंद




**मुम्बई ।**

घरेलू शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। आज के कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स ओर एनएसई निफ्टी के अलावा व्यापक बाजारों में भी गिरावट रही। वहीं बीएसई मिडकैप इंडेक्स 0.02 फीसदी ऊपर आकर बंद हुआ जबकि स्मॉलकैप इंडेक्स 0.23 फीसदी नीचे आया।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला बीएसई सूचकांक 354.21 करीब 0.49 फीसदी टूटकर 71,731.42 अंक पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला निफ्टी भी 82.10 अंक तकरीबन 0.38 फीसदी नीचे आया। निफ्टी दिन के अंत में 21,771.70 अंक पर आकर बंद हुआ।

सोमवार के कारोबार के दौरान टाटा मोटर्स , कोल इंडिया बीपीसीएल, सन फार्मा और सिप्ला निफ्टी के लाभ वाले शेयर रहे जबकि यूपीएल, भारतीय एयरटेल, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसील लाइफ निफ्टी के नुकसान वाले शेयर रहे।

इससे पहले शुक्रवार को बाजार तेजी के साथ बंद हुआ था। वहीं आज सुबह बाजार की कमजोर शुरुआत हुई। बीएसई सेंसेक्स फ्लैटलाइन से 16 अंक नीचे 72,069 पर कारोबार कर रहा था और एनएसई निफ्टी 50 21,860 पर कारोबार कर रहा था। वहीं एशियाई बाजारों में भी गिरावट आई क्योंकि फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल ने में कहा कि केंद्रीय बैंक इस साल ब्याज दर में कटौती की दिशा में बाजार की उम्मीद से धीमी गति से कदम उठाएगा। हैंग सेंग, एएसएक्स 200 और कोस्पी 0.55-2 फीसदी गिरे जबकि केवल निक्केई में 0.3 फीसदी की बढ़त देखने को मिली। अमेरिकी बाजारों में शुक्रवार को एसएंडपी 500 में 1.1 फीसदी, डॉव में 0.4 फीसदी और नैस्डैक में 1.7 फीसदी की बढ़ोतरी हुई।

# देश में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां जनवरी में छह महीने के उच्चतम स्तर पर

**नई दिल्ली ।** भारत में सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अनुकूल आर्थिक परिस्थितियों और सकारात्मक मांग की वजह से जनवरी में छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया भारत सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक जनवरी में 61.8 पुहंच गया। यह दिसंबर में 59 पर था। खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम अंक का आशय संकुचन से होता है। सर्वेक्षण सेवा क्षेत्र की करीब 400 कंपनियों को भेजे गए प्रश्नावली के जवाबों पर आधारित है। एचएसबीसी के एक अर्थशास्त्री ने कहा` कि भारत की सेवा पीएमआई जनवरी में छह महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। नए व्यवसाय का विस्तार तेज गति से हुआ और भविष्य की गतिविधि के लिए प्रबंधकों की उम्मीदें मजबूत बनी हैं। कारोबारी गतिविधि सूचकांक में तेजी आई, जिससे संकेत मिलता है कि भारत का सेवा निर्यात मजबूत बना हुआ है। नई निर्यात बिक्री तीन महीनों में सबसे तेज़ गति से बढ़ी। कंपनियों ने अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, चीन, यूरोप, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका सहित दुनिया भर में ग्राहकों से लाभ का संकेत दिया। इस बीच एचएसबीसी इंडिया कंपोजिट पीएमआई आउटपुट इंडेक्स 58.5 से बढ़कर 61.2 हो गया।

# वेतन और पेंशन बढ़ाने से बैंक को होगा 26000 करोड़ का नुकसान: एसबीआई चेयरमैन

**नई दिल्ली ।**

देश के प्रमुख बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कहा है कि उसके कर्मचो रियों का वेतन और पेंशनधारकों की पेंशन बढ़ाने से बैंक को लगभग 26000 करोड़ का नुकसान होगा। एसबीआई के चेयरमैन दिनेश कुमार खारा ने कहा कि हाल में अदालत के आदेश के बाद बैंक ने अपने 1.8 लाख पेंशनभोगियों को 50 प्रतिशत की दर से भुगतान करने का फैसला किया है। जिससे वेतन वृद्धि के प्रभाव से मार्च के अंत तक बैंक के मुनाफे में 25,990 करोड़ रुपये की कमी आएगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि बैंक ने पहले ही सितंबर, 2023 तक 13,400 करोड़ रुपये और दिसंबर तिमाही में अतिरिक्त 7,100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इसके अलावा मार्च तिमाही में 5,490 करोड़ रुपये और रखने होंगे। इस तरह, कुल 25,990 करोड़ का प्रावधान करना होगा, जिसमें ज्यादातर पेंशन पर खर्च किए जाएंगे। बैंक और कर्मचारी संघों के साथ हुए समझौतों के तहत 17 फीसदी ऊंचे वेतन का प्रावधान किया गया है।

इसमें पेंशन बढ़ाने का भी प्रस्ताव है। कर्मचारियों का यह




संशोधित वेतन नवंबर, 2022 से ही प्रभावी माना जाएगा। खारा ने बताया कि 2023-24 की आखिरी तिमाही यानी मार्च तक वेतन वृद्धि का प्रस्ताव बढ़कर 26 हजार करोड़ रुपये हो जाएगा। बैंक ने हाल में ही अपना तिमाही परिणाम जारी कर दिया, जिसमें बैंक ने बताया कि उसका मुनाफा 35 फीसदी कम हो गया है। खारा ने कहा है कि कर्मचारियों का वेतन और पेंशनधारकों की पेंशन बढ़ाने की वजह से बैंक के मुनाफे में बड़ी गिरावट देखी गई है। उन्होंने कहा कि यदि वेतन और पेंशन के लिए एकमुश्त प्रावधान नहीं होता तो बैंक का मुनाफा 16,264 करोड़ रुपये रहता।

# दिसंबर तिमाही के नतीजे के बाद इंडिगो के शेयर सार्वजनिक उच्च स्तर पर

**मुंबई ।**

इंडिगो की मूल कंपनी, इंटरग्लोब एविएशन कंपनी द्वारा दिसंबर तिमाही के मजबूत आंकड़ों की रिपोर्ट के बाद सोमवार को बीएसई पर 3301.40 रुपये के सार्वजिनिक उच्च स्तर पर पहुंच गई। सोमवार को शुरुआती कारोबार में कंपनी का शेयर 139.15 रुपये की तेजी के साथ 3266.15 रुपये पर पहुंच गया था। दिसंबर तिमाही में एविएशन कंपनी का टैक्स के बाद मुनाफा 15 गुना बढ़कर 2998 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इसी अवधि में इसका रेवेन्यू भी 30.1 फीसदी बढ़ा। एविएशन कंपनी द्वारा दिसंबर तिमाही के नतीजे जारी करने के बाद ब्रोकरेज मॉर्गन स्टेनली ने स्टॉक पर ओवरवेट रेटिंग बरकरार रखी है और लक्ष्य को 3745 रुपये से बढ़ाकर 4145 रुपये कर दिया है। विमानन दिग्गज इंडिगो ने शुक्रवार को अपनी दिसंबर, 2023 को समाप्त तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। कंपनी ने 2,998 करोड़ का लाभ कमाया, जबकि एक साल पहले की अवधि में यह 1,418 करोड़ रुपये था। इस बीच परिचालन से राजस्व बढ़कर 19,452 करोड़ हो गया। हवाई यात्रा के लिए मजबूत मांग से कंपनी का मुनाफा बढ़ा है। कम लागत वाली विमानन कंपनी इंडिगो के पास 358 विमानों का भारत का सबसे बड़ा एयरलाइन बेड़ा है और इसकी बाजार हिस्सेदारी 62 फीसदी से अधिक है।

# सिग्नेचर ग्लोबल ने गुरुग्राम में भूस्वामियों से साझेदारी की

**नई दिल्ली ।** रियल्टी फर्म सिग्नेचर ग्लोबल ने गुरुग्राम में आवासीय परियोजनाएं विकसित करने के लिए भूस्वामियों के साथ साझेदारी की है। कंपनी ने कहा कि इन परियोजनाओं की कुल राजस्व क्षमता 5,000 करोड़ रुपये से अधिक है। कंपनी ने कुल 21.38 एकड़ के भूखंड पर आवासीय परियोजनाएं विकसित करने के लिए भूस्वामियों के साथ तीन अलग-अलग संयुक्त विकास समझौते (जेडीए) किए हैं। सिग्नेचर ग्लोबल के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि प्रमुख शहरों में आवास की बढ़ती मांग के बीच कंपनी ने अपने कारोबार का विस्तार करने के लिए ये समझौते किए हैं। उन्होंने बताया कि इन जेडीए से संभावित बिक्री आय 5,000 करोड़ रुपये से अधिक होगी। ये भूखंड गुरुग्राम के सेक्टर 71 में हैं और कंपनी की मौजूदा परियोजनाओं के नजदीक हैं। अग्रवाल ने कहा कि अगले एक से दो साल के भीतर इन परियोजनाओं को पेश करने की उम्मीद है।

# जवां रहें हमेशा

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, महिलाओं की युवा दिखने की इच्छा भी उसी रफ्तार से बढ़ने लगती है। वे तीस की उम्र में बीस की दिखना चाहती हैं, चालीस की उम्र में तीस की और पचास की उम्र में चालीस की। क्या सचमुच ये संभव है? और वे कौन-सी चीजें हैं जो महिलाओं को उम्र दर उम्र युवा बनाए रख सकती हैं?



अगर हम कपडों में भडकीले रंगों का प्रयोग कर सकते हैं तो मेकअप में क्यों नहीं! अगर सही तरीका मालूम हो तो प्रयोग करने में कोई गुरेज नहीं है। इस सीजन में नियॉन मेकअप में आई शैडोज और होंठों के लिए हॉट पिंक, पीच या नारंगी रंग का खुलकर इस्तेमाल कर सकती हैं।



## बढ़ता क्रेज नियॉन मेकअप का

आई शैडोज में लाइम ग्रीन, फिरोजा और कलर्ड लाइनर के साथ प्रयोग आसानी से किया जा सकता है। सही तरीका हमेशा त्वचा की रंगत को ध्यान में रखकर रंगों का चयन करें। गोरी रंगत पर कोई नियॉन शेड फबता है और इसका बखूबी प्रयोग किया जा सकता है। जबकि गेहुएं और सांवली रंगत पर वॉर्म टोन जैसे ऑरेंज-पीच ब्लश चलते हैं। गहरी रंगत पर चटख शेड के लिप कलर्स मसलन शॉकिंग पिंक बहुत अच्छे लगते हैं।

- कोई भी मेकअप करने से पहले त्वचा को नमी पहुंचाना जरूरी है। मॉयस्चराइजर लगाने के बाद प्राइमर लगाएं। इसके फाउंडेशन लगाने के बाद त्वचा चमकदार दिखती है।
- इसके बाद दाग-धब्बों को छिपाने के लिए कंसीलर लगाएं। त्वचा की रंगत से एक शेड गहरा फाउंडेशन का हलका टच दें।
- इस बात का ध्यान रखें कि अगर आंखों पर बोल्ड आई शैडो का इस्तेमाल कर रही हैं तो होंठों और गाल (चीक्स) के मेकअप के लिए मीडियम शेड चुनें।
- अगर आई शैडो भूरे या बेज रंग का है तो होंठों पर कोरल शेड की लिपस्टिक लगाएं।
- नियॉन मेकअप के साथ सफेद, काले, बेज और सलेटी रंग के परिधान जंचते हैं।
- इस मेकअप के साथ हेयरस्टाइल में ट्रेंडी ब्रेड, साइड ब्रेडिंग या साइड पोनीटेल बहुत अच्छी लगती है।

## ग्लैमरस और ब्यूटीफुल है ब्लैक

सही ड्रैस का चुनाव जितना महत्वपूर्ण है उतना ही खास है कलर सिलैक्शन। फैशन की दुनिया में कलर्स की भी बहुत ज्यादा अहमियत होती है। कलर की बात हो तो सबसे ज्यादा ग्लैमरस और ब्यूटीफुल है ब्लैक...परफैक्ट ड्रैस वह है जो दिखने में आकर्षक, पहनने में कम्फर्टेबल, स्टाइलिश और फैशन के अनुसार हो और साथ ही आप में कॉन्फीडैंस भी जगाती हो। आपकी ड्रैसिंग सैंस आपकी इमेज को भी जाहिर करती है।



हमें हमेशा यही कन्फ्यूजन बना रहता है कि कौन-सा कलर और ड्रैस पहनें कि हर तरफ बस हम ही छा जाएं और सभी सिर्फ हमारे ही ड्रैसिंग सैंस की तारीफ करें। सही ड्रैस का चुनाव जितना महत्वपूर्ण है उतना ही खास है कलर सिलैक्शन। फैशन की दुनिया में कलर्स की भी बहुत ज्यादा अहमियत होती है। कलर की बात हो तो सबसे ज्यादा ग्लैमरस और ब्यूटीफुल है ब्लैक...परफैक्ट ड्रैस वह है जो दिखने में आकर्षक, पहनने में कम्फर्टेबल, स्टाइलिश और फैशन के अनुसार हो और साथ ही आप में कॉन्फीडैंस भी जगाती हो। आपकी ड्रैसिंग सैंस आपकी इमेज को भी जाहिर करती है। आपके ड्रैसिंग स्टाइल से ही आपके टेस्ट और सोच के बारे में लोग अनुमान लगाते हैं। कोई भी शख्स आपके पहनावे से ही आपका पहला इम्प्रैशन लेता है। आप अगर लोगों को अपनी ड्रैसिंग सैंस का कायल बनाना चाहती हैं तो उन्हें इम्प्रैस करने के लिए सही ड्रैस और स्टाइल का चुनाव करना बेहद जरूरी है। चाहे कॉलेज गोइंग हों या वर्किंग वूमन, सभी स्मार्ट और प्रैजेंटेबल दिखना चाहती हैं। इसके लिए आपको महंगे ब्रांडेड कपड़ों के पीछे दौडने की जरूरत नहीं है, आप वही खरीदें, जो ट्रैंड में चल रहा हो और आप पर जंचे। कम खर्च में आप अच्छी लगें तो क्या कहना। फैशन और ट्रैंड का जिक्र आते ही जो पहला कलर जेहन में आता है वह है ब्लैक। सीजन कोई भी हो, फैशन के चाहवानों की चाहत ब्लैक के लिए कभी कम नहीं होती है। फैशनपरस्त लोगों की पहली पसंद इन दिनों ब्लैक कलर की ड्रैसेस बन चुकी है। ब्लैक कलर हॉट फैशन स्टेटमैंट बन चुका है। शादी, रिसैप्शन, डांस पार्टी, कॉकटेल पार्टी, बर्थडे पार्टी या फिर कोई फैमिली फंक्शन हो, सभी जगह ब्लैक का ही जादू छा रहा है। ब्लैक ऐसा कलर है जो फॉर्मल और कैजुअल दोनों मौकों पर पहना जा सकता है। ब्लैक की खासियत है कि ट्रैंड और स्टाइल भले ही चेंज हो जाएं पर ब्लैक कभी आऊटडेटेड नहीं होता। जिन लड़कियों का रंग गोरा है, वे तो ब्लैक में और भी कयादा खूबसूरत दिखती हैं। ब्लैक कलर पहनने से दुबले दिखाई देते हैं, क्योंकि डार्क कलर पर लाइट रिफ्लैक्शन होता है इसलिए भी ब्लैक कलर का क्रेज सभी ऐज ग्रुप्स में सबसे ज्यादा देखने को मिलता है।

### पार्टी वियर

आप को कभी भी अचानक किसी पार्टी में जाना पड़ सकता है इसलिए आप अपनी वॉर्डरोब में एक ब्लैक कलर का ड्रैस जरूर रखे। पार्टी वियर में तो ज्यादातर लोग ब्लैक कलर ही पसंद करते हैं। ब्लैक ग्लैमरस पार्टी कलर है इसलिए यह कलर किसी भी पार्टी में जाने के लिए फिट है। अगर आप नाइट लाइफ पर्सन हैं तो ब्लैक कलर आपके लिए बैस्ट है। यह आप पर सबसे ज्यादा सूट करेगा। वैसे तो ब्लैक ड्रैस में ही आप ग्लैमरस दिख सकती हैं लेकिन अगर आप ज्यादा हॉट एंड सैक्सी लुक चाहती हैं तो स्लैश और फॉल नैक को हाफ कट स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। ब्लैक में आप अगर इंडियन ड्रैस पहनना चाहती हैं तो वर्क वाली साडियां और डिजाइनर सूट्स एवं कुर्तियों की मार्कीट में खूब भरमार है। अगर आप स्लिम हैं तो ब्लैक शॉर्ट आऊटफिट पहन कर आप बन जाएगी सैक्सी बेब।

### प्रोफैशनल वियर

अगर आप प्रोफैशनल हैं तो भी ब्लैक आपके लिए उपयुक्त कलर है। ऑफिस वियर में आप ब्लैक ट्राऊजर और साथ में व्हाइट, रैड, ग्रीन, ब्ल्यू, लैमन, पिंक, मोव किसी भी एलीगैंट कलर की शर्ट्स पहन सकती हैं। जब मौका हो किसी स्पैशल प्रैजेंटेशन का या इम्पॉर्टैंट मीटिंग का, तब आप ब्लैक एग्जीक्यूटिव स्कर्ट और ब्लेजर पहनकर सबको अपने काम के साथ-साथ अपने स्टाइल से भी इम्प्रैस कर सकती हैं।

### एक्सैसरीज

एक्सैसरीज आपको सैंसेशनल लुक देती हैं। खूबसूरत और मौके के अनुसार पहनी हुई एक्सैसरी आपकी लुक में स्टाइल जोड़ती है और व्यक्तित्व को उभारती है। आप ब्लैक के साथ ब्लैक के विभिन्न शेड्स की एक्सैसरीज भी इस्तेमाल कर सकती हैं और कन्ट्रास्ट कलर्स की भी। यदि आप किसी फंक्शन में जा रही हैं और बैकलैस ड्रैस पहन रही हैं तो बैक पर टैटू बनवा सकती हैं। अगर आपकी ड्रैस का नैक डीप है तो गले में एक बड़ा स्टोन पैंडैंट पहन सकती हैं। इसे पतली चेन या ट्रांसपेरैंट थ्रैड में पहनें तो बढ़िया लगेगा। ब्लैक ड्रैस के साथ आप पर्ल या स्टोन की हल्की ज्यूलरी कैरी कर सकती हैं। ऑफिस के लिए ब्लैक पर्ल अच्छा ऑप्शन है, तो पार्टी में स्टोन ज्यूलरी ट्राई करें।

### हैंडबैग

पर्स रखना फैशन से ज्यादा जरूरत बन चुका है। ऑफिस के लिए ब्लैक लैदर हैंडबैग सही रहता है। खूबसूरत ब्लैक पर्स आपके लुक को और आकर्षक बना देगा। इसमें आप अपना जरूरी सामान भी कैरी कर सकती हैं और साथ ही ये देखने में गुड लुकिंग भी होते हैं। ईवनिंग फंक्शंस में क्लासी बैग न सिर्फ पॉलिश्ड लुक देगा बल्कि आपकी लुक को भी डायनामिज्म प्रदान करेगा।

### फुटवियर

ऑफिशियल आऊटफिट्स के साथ लैदर के ब्लैक शूज या ब्लैक बैलीज कंफर्टेबल रहती हैं और सुंदर भी दिखती हैं। साड़ी या सूट जैसी इंडियन ड्रैस के साथ खूबसूरत स्टोन या एम्ब्रॉयड्री वाले फुटवियर आपके लुक को और ग्लैमरस और एलिगैंट बना देंगे। वैस्टर्न शॉर्ट ड्रैसेज के साथ ब्लैक कलर के हाई हील्स या डिजाइनर सैंडल आपको हॉट लुक देंगे।

हमेशा जवां दिखने की इच्छा यों तो हर इंसान में होती है, लेकिन महिलाओं में यह इच्छा कुछ ज्यादा ही प्रबल होती है। कभी मेकअप से, कभी कपड़ों से तो कभी अपने व्यवहार से खुद को युवा बनाए रखने का प्रयास लगातार जारी रहता है। कभी उनका यह प्रयास सफल होता है और कभी इसका असर उल्टा पड़ जाता है। वास्तव में महिलाओं की उम्र चार चीजों से झलकती है। वे कैसा मेकअप करती हैं, उनकी ड्रेसिंग कैसी है, उनका खानपान किस तरह का है और उनका व्यवहार क्या है। आइये जानें कि उम्र के अलग-अलग पड़ावों पर आप किस तरह खुद को युवा बनाए रख सकती हैं -

### तीस की उम्र में बीस की चाहत

बेशक तीस साल की महिलाओं को युवा ही माना जाता है, लेकिन फिर भी तीस की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते उम्र अपना असर दिखाने लगती है। और इसी उम्र में यह इच्छा पैदा होती है कि आप खुद को बीस साल की युवती की तरह दिखाएं, यानी देखने वाले को आपकी उम्र का जरा भी इल्म ना हो। अगर आप अपनी उम्र को दस साल पीछे धकेलना चाहती हैं तो आपको इन चार बातों पर खास ध्यान देना होगा।

### आपकी ड्रेसिंग हो जवां

महिला की उम्र की चुगली करने में सबसे पहले ड्रेसिंग आती है। यानी आपकी ड्रेसिंग से ही इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपकी उम्र क्या है। तो तीस की उम्र में बीस का दिखने के लिए ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? फैशन डिजाइनर निकेत कहते हैं, उम्र चाहे कोई भी हो अपने शरीर की संरचना के हिसाब से ही कपड़ों का चुनाव करना चाहिए। आप घुटने तक लंबी स्कर्ट, लंबी कुर्ती और स्लीव के साथ कॉरसेट को अपने वॉर्डरोब में शामिल कर सकती हैं। अपने कपड़ों के लिए सूती और खादी के फैब्रिक का चुनाव करें। इस उम्र में साड़ी भी एक अलग लुक देती है। आप क्रेप, कॉटन, सिल्क, खादी, वीवर जैसे फैब्रिक की साडियां पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक यंग और मेच्योर नजर आएगा। रंगों में भी आपको डार्क रंगों को चुनाव करना चाहिए।

### मेकअप बोलेगा कितनी यंग हैं आप

मेकअप आर्टिस्ट नैना अरोड़ा बताती हैं कि तीस की उम्र में आपकी स्किन चमकदार और टाइट होती है। ऐसे में मेकअप के साथ प्रयोग किए जा सकते हैं। अपनी त्वचा की रंगत और त्वचा की प्रकृति को ध्यान में रखकर ही अपने लिए मेकअप का चुनाव करें। ट्रेंड को आंख मूंदकर अपनाने की जगह, ऐसा मेकअप करें जो आपके ऊपर अच्छा दिखे। मेकअप करने के लिए आप गहरे रंगों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### खानपान के समझें इशारे

बीएलके अस्पताल की चीफ डाइटिशियन सुनीता रॉय चौधरी का कहना है कि तीस की उम्र में बीस का दिखने के लिए एक्सरसाइज करें। हर दिन टहलें, साइकलिंग और जॉगिंग भी करें। ताजा और ज्यादा फाइबर वाला खाना आपको जवां रखने में मदद करेगा।

### युवा हो आपका व्यवहार

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉक्टर नीलम कुमार बोहरा का मानना है कि तीस की उम्र में महिलाओं को तनाव का सामना सबसे ज्यादा करना होता है। घर, परिवार और ऑफिस की कई जिम्मेदारियां तनाव को और बढम देती हैं। यह तनाव चेहरे से झलकने लगता है। तनाव से दूर रहने और युवा दिखने के लिए छोटे- छोटे लक्ष्य बनाएं, सकारात्मक दोस्त बनाएं, ना कहना सीखें और नये रिश्तों को समझदारी और व्यवहारिकता के साथ संभालें।

### चालीस की उम्र रहिए प्यार में

**ड्रेसिंग को भी दें महत्व** - चालीस की उम्र, वह पड़ाव है जब आप उम्र के दोराहे पर खड़े होते हैं। ऐसे में युवा दिखने के लिए कपड़ों में फ्यूजन को अपनाएं। कफ्तान स्टाइल के ट्यूनिक, लॉन्ग जैकेट और वेस्ट कोट पहनें। रंगों के चुनाव में हल्के और गाढ़े के साथ पेस्टल रंगों का चुनाव करें।

**मेकअप बोलेगा, आपकी उम्र का राज नहीं खोलेगा** - 40 की उम्र में आपके चेहरे पर फाइन लाइंस और बढ़ती उम्र के निशान दिखने लगते हैं। इसलिए इस उम्र में मेकअप का चुनाव बहुत सोच-समझ कर करना चाहिए। अपने व्यक्तित्व, रंग और स्किन टोन को ध्यान में रखते हुए मेकअप करें।

**खाना यानी उम्र छिपाना** - 40 की उम्र में आमतौर पर महिलाओं का लाइफस्टाइल काफी बदल जाता है। महिलाओं का वजन भी बढ़ जाता है। इस उम्र में भी खुद को जवां रखने के लिए अपने लाइफ स्टाइल को सक्रिय बनाएं। तीन बड़े और तीन छोटे मील लें। ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ युक्त डाइट जैसे जूस, लस्सी, दूध, दही, फल, सलाद आदि लें। चाय-कॉफी से दूर रहें।

**नये शौक बदलेंगे आपका व्यवहार** - सकरात्मक सोच रखें। यह सोच आपको युवा रखने में मदद करेगी। अगर आपके कुछ पुराने शौक हैं तो यह उम्र है उन्हें बढ़ाने और पूरा करने की। अगर शौक नहीं है तो आप नए शौक पैदा करें। नए दोस्त बनाएं, समारोह में हिस्सा लें और उम्र को खुद पर हावी न होने दें।

### 50 में खुद से करना सीखें प्यार


**अब भी अहम है ड्रेसिंग** - 50 की उम्र तक आते-आते आपकी उम्र कहीं ना कहीं झलकने लगती है। ऐसे में आपके कपड़े आपकी उम्र के राज को छुपाने में काफी मददगार साबित होते हैं। इस उम्र में ट्रेंडी, फैशनेबल और युवा दिखने के लिए लंबे एंकल लैंथ के ट्यूनिक पहनें। लंबे प्लाजो और टयूनिक के साथ स्कार्फ का विकल्प भी अच्छा है। इस उम्र में रंगों का चुनाव करते वक्त ध्यान रखें। हल्के रंग इस उम्र में भी आपको जवां दिखने में मदद कर सकते हैं।

**मेकअप, जरा सावाधानी से** - 50 की उम्र में मेकअप के लिए खासा सावधान रहने की जरूरत होती है। ज्यादा मेकअप आपके चेहरे की पतली रेखाओं में भर जाता है, जिससे चेहरे की झुर्रियां और स्पष्ट नजर आने लगती हैं। इसलिए इस उम्र में हल्का और लिक्विड मेकअप इस्तेमाल करें। मैट और हल्के रंगों का ही चुनाव करें। ज्यादा ग्लॉसी या गाढ़े रंगों से दूर रहें। आईलाइनर पेंसिल वाला इस्तेमाल करें और आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए मस्कारा जरूर लगाएं।

**जरूरी है इस उम्र में सही डाइट** - 50 की उम्र तक आप हड्डियों और दिल की बीमारियों का शिकार होने लगती हैं। इस उम्र महिलाओं में फीमेल हार्मोन भी कम हो जाते हैं। ऐसे में उम्र की झलक दिखाई देने लगती है। लेकिन सही खान-पान और व्यायाम आपको इस उम्र में भी युवा दिखने में मदद करते हैं। ओट्स, व्हीट फ्लैक्स, स्प्राउट, ताजे फल जैसे पपीता, तरबूज उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर देते हैं। हल्का और तरल आहार लें। समय-समय पर जरूरी मेडिकल टेस्ट करवाती रहें। साथ ही हल्का व्यायाम भी करें।

### खुद पर दें ध्यान

यह उम्र खुद से प्यार करने की है। यह ना सोचें कि आपने जो करना था सो कर लिया, और अब इस उम्र में क्या करना? वास्तव में यही वह उम्र है, जब आपको अपने बारे में सोचना चाहिए। अपनी निजी जिंदगी पर ध्यान दें, बच्चों को उनकी लाइफ एन्ज्वॉय करने दें और आप अपनी जिंदगी को अपने हिसाब से जिएं। नई चीजों के लिए पहल करें, हंसी-मजाक करें और घूमने-फिरने के लिए बाहर जाएं। बेशक उम्र का असर इंसान के शरीर पर होता ही है, लेकिन एक बात मान कर चलें कि उम्र सिर्फ एक मनःस्थिति है। लिहाजा उम्र को अपने मन- मस्तिष्क पर हावी न होने दें। उम्र को परास्त करने के लिए और हमेशा युवा दिखने का एकमात्र यही मंत्र है। खुश रहें और युवा दिखें।



## ईसी ने दी हिदायत, चुनाव प्रचार में अब शामिल नहीं होंगे बच्चे

नई दिल्ली। 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर ईसी ने सख्त हिदायत देते हुए कहा है कि अब बच्चों को चुनाव प्रचार में शामिल नहीं किया जा सकता है। यदि ऐसा हुआ तो सख्त कार्रवाई होगी। बता दें कि भारत निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। सोमवार को चुनाव आयोग ने चुनाव प्रचार में बच्चों और नाबालिग को शामिल न करने की हिदायत दी है। आयोग ने सख्य निर्देश जारी करते हुए कहा है कि आम चुनाव में प्रचार के पर्चे बांटते हुए, पोस्टर चिपकाते हुए, नारे लगाते हुए या पार्टी के झंडे बैनर लेकर चलते हुए बच्चे या नाबालिग नहीं दिखने चाहिए। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव संबंधी कार्यों या चुनाव अभियान गतिविधियों में बच्चों को शामिल करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस गाइडलाइन में किसी भी तरीके से बच्चों का राजनीतिक अभियान में शामिल करना, जिसमें कविता पाठ करना, गीत, नारे या बच्चों के द्वारा बोले गए शब्द या फिर उनके द्वारा किसी भी राजनीतिक पार्टी या उम्मीदवार के प्रतीक चिन्हों का प्रदर्शन करना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। चुनाव आयोग ने कहा कि अगर कोई भी दल अपने बच्चों को शामिल करते हुए पाया गया तो बाल श्रम से संबंधित सभी अधिनियम, कानूनों के तहत कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी को कार्रवाई करने के जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, किसी राजनीतिक नेता के आसपास अपने माता-पिता या अभिभावक के साथ एक बच्चे की मौजूदगी को चुनाव प्रचार गतिविधि में शामिल नहीं किया गया है और न ही इस गाइडलाइन का उल्लंघन माना जाएगा। आयोग ने बच्चों से प्रचार कराने पर पकड़े जाने पर कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को बाल श्रम द्वारा संशोधित बाल श्रम अधिनियम, 1986 का कड़ाई से अनुपालन करने को कहा है।




## ताजा बर्फबारी ने पहाड़ों पर बिछाई सफेद चादर, सैलानी उठा रहे आनंद

श्रीनगर। जम्मू और कश्मीर के डोडा ज़िले के भद्रवाह इलाके में ताज़ा बर्फ़बारी से मौसम खुशगवार हो गया है। यहां बर्फ़बारी से पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता बढ़ गई है। बर्फ़ से लदे पहाड़, पेड़, और बर्फ़ से सजी नंगी शाखाएं देश के अलग-अलग हिस्सों से आए पर्यटकों को आकर्षित कर रही थीं। हालांकि जम्मू और कश्मीर में बर्फ़बारी जनवरी से मार्च महीने के बीच होती है। यहां दूर-दूर से पर्यटक सिर्फ़ बर्फ़बारी का मजा लेने के लिए पहुंच रहे हैं। पहाड़ों में लंबे इंतजार के बाद अब स्नोफॉल हो रहा है। जिससे पर्यटन को काफी बढ़ावा मिला है। लेकिन इससे कई सारी मुश्किलें भी पैदा ही रही है। वहीं अटल टनल में 300 पर्यटकों का रेस्क्यू भी किया गया। इस समय हाईवे पर भीड़ होने के कारण लंबा जाम लग रहा है और यात्रियों को यहां से आगे जाने के लिए लंबा इंतजार भी करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि पहाड़ों में लंबे इंतजार के बाद अब स्नोफॉल हो रहा है। पिछले माह 2024 के पूरे जनवरी में वहां बर्फ नहीं गिरी और अब वहां की सड़कें, पहाड़, पेड़, हर जगह बर्फ बर्फ नजर आ रही है। वहां के लोग इस बर्फवारी से बेहद खुश नजर आ रहे हैं। बर्फबारी शुरू होते ही सैलानी पहाड़ी इलाकों का रुख कर लेते हैं। बर्फबारी के दौरान, सैलानी स्कीइंग, स्लेजिंग, और पहाड़ पर ट्रैकिंग जैसी गतिविधियों का आनंद लेते हैं। पहाड़ी इलाकों में मौसम बदल रहा है। बर्फबारी देखने के लिए लोग लोकप्रिय पर्यटन स्थलों पर जा रहे हैं और स्नोफॉल का भी आनंद ले रहे हैं। हिमाचल प्रदेश का सौंदर्य बर्फ से ढके पहाड़ों, ग्लेशियरों, और झीलों से घिरा हुआ होने से और अ?धिक गढ़ गया है।

## लखनऊ जेल में 36 कैदी एचआईवी पॉजिटिव

लखनऊ। लखनऊ जिला जेल में छत्तीस कैदी जांच के बाद एचआईवी से संक्रमित पाए गए हैं, जिससे जेल में वायरल संक्रमण के कुल मामले 47 हो गए हैं। सभी एचआईवी संक्रमित मरीज लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। ताजा 36 मामलों से पहले, 11 कैदियों ने पहले एचआईवी के लिए सकारात्मक परीक्षण किया था। यह निदान दिसंबर 2023 में उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए स्वास्थ्य परीक्षणों के हिस्से के रूप में आया। कैदियों के इलाज के तहत जेल प्रशासन ने संक्रमित कैदियों की काउंसलिंग शुरू कर दी है। इन मामलों के सामने आने के बाद अधिकारी सतर्क हो गए हैं और संक्रमित लोगों के लिए आहार में बदलाव की अनुमति दी गई है। जेल के एक अधिकारी ने कहा कि संक्रमित कैदियों का आहार बढ़ा दिया गया है। साथ ही पॉजिटिव पाए गए सभी कैदियों को डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है। इनका केजीएमयू के एंटी रेट्रोवायरल थेरेपी (एआरटी) सेंटर में इलाज चल रहा है। लखनऊ के जेल अधीक्षक ने कहा ?कि राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटी के आदेश पर कैदियों की स्वास्थ्य जांच की गई।

## मोदी के बैनर पर कालिख पोतने के आरोप में युकां अध्यक्ष कुणाल गिरफ्तार

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बैनर पर कालिख पोतने के आरोप में महाराष्ट्र यूथ कांग्रेस अध्यक्ष कुणाल राऊत को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुणाल कांग्रेस नेता के साथ ही राज्य के पूर्व कैबिनेट मंत्री नितीन राऊत के बेटे है। इस कारण गिरफ्तारी से राजनीति गरमा गई और समर्थकों ने थाने पहुंच नारेबाजी की है। गौरतलब है कि कुणाल राऊत पर नागपुर जिला परिषद कार्यालय परिसर में लगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बैनर को नुकसान पहुंचाने और कालिख पोतने का आरोप है। नागपुर के सदर थाने में इस बावत उनके खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। रविवार रात नागपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के खिलाफ समर्थकों ने पुलिस थाने में जमकर नारेबाजी की और पुलिस कार्रवाई पर विरोध जताया है। यहां बतला दें कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का नागपुर जिला परिषद कार्यालय परिसर में एक बड़ा बैनर लगाया गया था। इस पोस्टर पर कालिख पोतने का आरोप यूथ कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष कुणाल राउत और उनके सहयोगियों पर लगाया गया था और मामला पुलिस तक पहुंचा था। नागपुर जिला परिषद के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी विपुल जाधव ने सदर थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई की मांग भी की थी। इसी के चलते रविवार रात कुणाल को कुही परिसर से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुणाल पर पुलिस ने सार्वजनिक संपत्ति क्षति अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की है।

## तेलंगाना का संक्षिप्त नाम टीएस के बदले टीजी किया गया

### – कैबिनेट के फैसले के बाद केंद्र सरकार के राजपत्र में टीजी, टीएस की जगह लेगा

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने राज्य का संक्षिप्त नाम टीएस की जगह अब टीजी करने का फैसला किया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। कैबिनेट के फैसले के बाद केंद्र सरकार के राजपत्र में टीजी, टीएस की जगह लेगा। 2014 में तेलंगाना के गठन के बाद तत्कालीन टीआरएस सरकार ने राज्य के संक्षिप्त नाम के रूप में टीएस चुना था। कैबिनेट द्वारा लिए गए निर्णयों के बारे में मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने कहा कि पिछली सरकार ने किसी भी नियम का पालन नहीं किया और अपनी इच्छानुसार टीआरएस से तुकबंदी करते हुए टीएस रखने का फैसला किया। इस निर्णय के बाद वाहन पंजीकरण संख्या में अब उपसर्ग के रूप में टीजी होगा। चुनाव प्रचार के दौरान रेवंत रेड्डी द्वारा की गई एक घोषणा को लागू करने के लिए कैबिनेट का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा था कि टीआरएस पार्टी को खुश करने के लिए ही टीजी को टीएस से बदला गया था। कैबिनेट ने तेलंगाना लोगों की भावनाओं को प्रतिबिंबित करने के लिए तेलंगाना तल्ली प्रतिमा को बदलने का भी निर्णय लिया। इसने एंडेसरी के जय जय हो तेलंगाना को राज्यगीत के रूप में अपनाने का निर्णय लिया। सभी हितधारकों के परामर्श से एक नया राज्य प्रतीक डिजाइन करने का भी निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने 8 फरवरी से राज्य विधानसभा सत्र आयोजित करने का निर्णय लिया। इसमें राज्यपाल के अभिभाषण को मंजूरी दी गई। विधानसभा में चर्चा के बाद दो और गारंटी लागू करने का भी निर्णय लिया गया। ये गारंटी हैं 500 रुपये में गैस सिलेंडर और घरों को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली। कैबिनेट ने राज्य में जाति जनगणना कराने का भी फैसला किया। कोडंगल क्षेत्र विकास प्राधिकरण को अधिसूचित करना, 65 सरकारी आईटीआई को उन्नत प्रौद्योगिकी केंद्रों के रूप में अपग्रेड करना, उच्च न्यायालय के निर्माण के लिए 100 एकड़ भूमि का आवंटन और दोषियों को सजा में छूट देने के लिए दिशानिर्देश तैयार करना अन्य प्रमुख निर्णय थे।

# ये लोकतंत्र की हत्या हुई है : सीजेआई चंदचूड़

### –चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामला, वीडियो देखकर कहा कि ये क्या मजाक हो रहा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सीजेआई डीवाई चंदचूड़ ने आज अदालत में वीडियो देखने के दौरान कहा कि क्या ये बैलेट पेपर है?... वीडियो देखकर सीजेआई नाराज हो गए और कहा कि ये लोकतंत्र का मजाक है। लोकतंक्त की हत्या हुई है।

दरअसल चंडीगढ़ मेयर चुनाव मामले की सुनवाई के दौरान सोमवार को अभिषेक मनु सिंघवी ने बहस की शुरुवात करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक पेन ड्राइव दी। वकील सिंघवी ने हाईकोर्ट के आदेश का जिक्र कर बताया कि कमिश्नर ने रिटर्निंग ऑफिसर को नियुक्त किया है। सिंघवी ने कहा कि हम 20 थे बीजेपी 16 थी। वोटिंग में 36 लोग वोट करते है। ऑफिसर ने 8 लोगों को अयोग्य करार दिया। ये सभी लोग हमारे थे। इसके बाद आंकड़ा 20 घटकर 12 हो जाता है। हाईकोर्ट ने बैलेट को सुरक्षित नहीं रखा। बल्कि 3 हफ्ते के लिए नोटिस जारी किया।

मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ के समक्ष एक वीडियो दिखाया गया। यह वीडियो मतदान के समय का था। ये वीडियो उस समय का था जब वोट को अयोग्य ठहराया जा रहा था। सीजेआई ने वीडियो देखने के दौरान कहा कि क्या ये बैलेट पेपर है? वहां हिस्सा कहा है, जिसमें आप दावा कर रहे है कि ऑफिसर बैलेट पेपर ले कर चले गए। वीडियो देखकर सीजेआई नाराज हो गए और कहा कि ये लोकतंत्र का मजाक है। लोकतंक्त की हत्या हुई है। ये क्या रिटर्निंग ऑफिसर करता है। हम नहीं चाहते की देश में लोकतंत्र की हत्या हो। सीजेआई ने मामले में नोटिस जारी किया है। उन्होंने कहा है कि चुनाव की पवित्रता बरकरार रखने के लिए चंडीगढ़ मेयर चुनाव की डिटेल पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार के पास जमा होंगी। इतना ही नहीं सीजेआई ने कहा कि रिटर्निंग ऑफिसर कैमरे की तरफ क्यों देख रहा है? ये कोई भगौड़ा नहीं है।

## विदेश मंत्री ने मालदीव विवाद पर कहा, दोनों ही देश इन बातों को बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताना चाहते

नई दिल्ली। केंद्रीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-मालदीव विवाद के हालिया रिश्तों पर कहा कि हममें से कोई भी इन बातों को बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताना चाहता। विदेश मंत्री ने कहा कि मालदीव की एक टीम ने दो दिनों के लिए भारत का दौरा किया। उन्होंने कहा कि हमारे बीच एक समझ है। एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान, विदेश मंत्री जयशंकर ने विभिन्न विदेश नीति के मुद्दों के बारे में बात कर बताया कि वर्तमान में भारत अंतरराष्ट्रीय मंच पर कहां खड़ा है। विदेश मंत्री ने मालदीव, चीन, पाकिस्तान और अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प की वापसी की संभावना के संबंध में प्रमुख चिंताओं को संबोधित किया। मालदीव के साथ राजनयिक खींचतान के बारे में जयशंकर ने कहा कि मुझे लगता है कि समय के साथ, हमारे बीच कोई मुद्दा नहीं होना चाहिए। मुझे लगता है कि बाकी संबंध मजबूत हैं हमारे बीच कई अन्य चीजें हो रही हैं और मुझे उम्मीद है कि इस विशेष मुद्दे को अनावश्यक रूप से खींचने के बजाय ध्यान केंद्रित किया जाएगा। चीन के साथ राजनयिक संबंधों पर मंत्री ने कहा कि हालांकि गंभीर समस्याएं हैं और चीन वास्तविक नियंत्रण रेखा पर एक अलग रुख पेश कर रहा है, वह इसके लिए खड़े हैं। मैं कहूंगा कि मैं सैन्य दृष्टि से चुनौती के लिए तैयार हो गया हूं। तथ्य यह है कि हम साल भर बहुत कठिन परिस्थितियों में इतने सारे सैनिकों को तैनात करने में सक्षम रहे हैं जो चीनी प्रतिक्रिया को रोकते हैं, वास्तव में कई मायनों में यह अपने आप में एक उपलब्धि है।

# सीएम ममता के खिलाफ भाजपा ने किया अनूठा प्रदर्शन, तस्वीर को पिलाया शहद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के खिलाफ बीजेपी ने अनूठा प्रदर्शन किया है। जानकारी के अनुसार बीजेपी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन के दौरान ममता की तस्वीर को शहर पिलाकर अपना विरोध जताया है। बता दें कि राज्य में बीजेपी अक्सर ममता बनर्जी के खिलाफ जोरदार तरीके से विरोध प्रदर्शन करती रही है, लेकिन इस बार राज्य की सीएम के खिलाफ विरोध का अनूठा तरीका अपनाया है। पार्टी कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी की पीएम मोदी पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के प्रति विरोध जताने के लिए उनकी तस्वीर को सांकेतिक रूप से शहद पिलाया, ताकि उनकी भाषा मधुर हो सके। कोलकाता में भाजपा की युवा शाखा द्वारा निकाली गई एक रैली के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि वे उन्हें बांग्ला भाषा की समृद्धि की याद दिलाने के लिए 19वीं सदी के विद्वान ईश्वरचंद्र विद्यासागर द्वारा लिखित एक लोकप्रिय पुस्तक 'बर्णपरिचय' की प्रतियां भी ले गए थे।

दूसरी ओर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने भाजपा के लिए आत्मनिरीक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए आरोप लगाया कि राज्य में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी और अन्य लोग भी बनर्जी के बारे में अपमानजनक तरीके से बात करते हैं। सीएम ने कथित तौर पर पश्चिम बंगाल के लिए मनरेगा की बकाया धनराशि जारी करने की मांग को लेकर अपने हालिया धरने के दौरान मोदी के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया था। भाजपा के युवा नेता इंद्रनील खान ने मीडिया से कहा कि सीएम ममता बनर्जी ने जिस तरह से मोदी जैसे सम्मानित नेता के बारे में बात की है, हम उसकी निंदा करते हैं। यह कार्य बंगाल की संस्कृति और हमारी विरासत के खिलाफ है।

### ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार पर क्या लगाया आरोप?

इसके बाद अपनी प्रतिक्रिया देते हुए टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा कि बनर्जी ने हमेशा अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के प्रति सम्मानजनक रुख अपनाया है, लेकिन शुभेंदु अधिकारी जैसे भाजपा नेता उन्हें चोर कहते हैं और कांग्रेस जैसे अन्य गैर-भाजपा दलों के राष्ट्रीय नेताओं के बारे में भी अभद्र तथा अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। घोष ने कहा कि पहले उन्हें ऐसी अभिव्यक्तियों के लिए माफी मांगनी चाहिए।

## केवल गुजराती ही ठग हो सकते बयान पर तेजस्वी यादव ने मांगी माफी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गुजरातियों पर विवादित टिप्पणी कर फंसे राष्ट्रीय जनता दल के नेता और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने माफी मांग ली है। बताया जा रहा हैं कि इस संबंध में उन्होंने देश के शीर्ष न्यायालय में हलफनामा दाखिल कर दिया है। इसके पहले तेजस्वी ने मामले को गुजरात के बाहर नई दिल्ली भेजने के लिए याचिका दाखिल की थी, जिसपर सुप्रीम कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रख लिया था।

तेजस्वी ने कथित तौर पर केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं टिप्पणी की थी, इस लेकर वह आपराधिक मानहानि के मामले का सामना कर रहे हैं। इसी मामले को उन्होंने विशेष रूप से दिल्ली में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। न्यायमूर्ति ए एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने तेजस्वी की ओर से दायर माफी के ताजा बयान को भी दर्ज पर लिया।

सुप्रीम कोर्ट ने 29 जनवरी को तेजस्वी को अपनी कथित टिप्पणी केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं को वापस लेते हुए एक उचित बयान दाखिल करने का निर्देश दिया था। यादव ने 19 जनवरी को शीर्ष अदालत में एक हलफनामा दायर कर अपनी कथित टिप्पणी वापस ले ली थी। खबरें हैं कि पहले दायर हलफनामे पर शिकायतकर्ता ने आपत्ति जाहिर की थी, जिसके बाद कोर्ट की ओर से तेजस्वी को एक सप्ताह के अंदर नया बयान दाखिल करने के आदेश जारी किए गए थे।

शिकायत के अनुसार, यादव ने मार्च 2023 में पटना में मीडिया से बात कर कहा था, वर्तमान स्थिति में केवल गुजराती ही ठग हो सकते हैं, और उनकी धोखाधड़ी माफ कर दी जाएगी। बिहार के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री ने कथित तौर पर कहा था अगर वे एलआईसी या बैंकों का पैसा लेकर भाग गए तब कौन जिम्मेदार होगा? मेहता ने दावा किया कि यादव की टिप्पणियों ने सभी गुजरातियों की मानहानि की है।

## भाजपा पूरे देश में यूसीसी लागू नहीं कर सकती : रफीकुल इस्लाम



**गुवाहाटी (एजेंसी)।** एआईयूडीएफ के विधायक ने कहा है कि बीजेपी पूरे देश में यूसीसी लागू नहीं कर सकती है। उन्होंने बहुविवाह विधेयक पर असम के सीएम से एक सवाल भी पूछा है। दरअसल भाजपा के नेतृत्व वाली उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता मसौदे को मंजूरी दे दी है और असम सरकार आगामी विधानसभा सत्र में बहुविवाह प्रतिबंध विधेयक पेश करने की तैयारी कर रही है। बीजेपी शासित राज्यों के फैसलों पर एआईयूडीएफ ने कटाक्ष किया है। विधायक रफीकुल इस्लाम ने केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के पास पूरे देश में यूसीसी को लागू करने का साहस नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी भी जानती है कि पूरे देश में यूसीसी लागू करना लगभग असंभव है क्योंकि यहां कई धर्म, जातियां और समुदाय हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले यह भाजपा का यह कोरा दिखावा है। भाजपा भी जानती है कि देश में यूसीसी को लागू करना लगभग असंभव है क्योंकि कई धर्म, जाति और समुदाय यहां हैं। भाजपा उत्तराखंड में जो कुछ थोपना चाहती है, वह उसे पूर्वोत्तर में नहीं कर सकती है। जो उत्तर प्रदेश में लागू है उसे गोवा में लागू नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा खुद भ्रमित है और वे इसे अपने शासित राज्यों में आंशिक रूप से लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होने आगे कहा कि अगर वे पूरे देश में यूसीसी लागू करना चाहते हैं तो पहले संसद में विधेयक ला सकते थे, लेकिन वे इसे आंशिक रूप से उत्तराखंड और असम में लागू करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा यह सब करके लोगों से कहेंगे कि देखो हम यूसीसी लाने जा रहे हैं और बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाएंगे। असम विधानसभा में ऐसे कई भाजपा नेता हो सकते हैं जो बहुविवाह के शिकार हैं और बीजेपी के अंदर कुछ लोग इसका विरोध करेंगे। गौरतलब है कि कि असम विधानसभा का बजट सत्र 5 फरवरी से शुरू होगा। इस बजट सत्र में सरकार बहुविवाह प्रतिबंध विधेयक भी पेश कर सकती है।

# अजित से ज्यादा पाटिल के जाने का शरद पवार को दुख, अब किया ये फैसला



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के कदावर नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद पवार की पार्टी एनसीपी में बीते साल जुलाई में बगावत हो गई थी। महाराष्ट्र की राजनीति में भीष्म पितामह कहे जाने वाले पवार को भतीजे ने ही दागा दिया। भतीजे की बगावत के पहले से ही चर्चे थे, लेकिन शरद पवार को बड़ा झटका दिलीप वलसे पाटिल के तौर पर लगा था। 7 बार के विधायक दिलीप पाटिल ने पवार की उम्मीदों को झटका देकर उनका साथ छोड़ दिया था। उनके बारे में कोई चर्चा तक नहीं थी कि वह भी अजित पवार के साथ जा सकते हैं। फिलहाल वह महाराष्ट्र सरकार में वह सहकारिता मंत्री बने हुए हैं।

अब उनके खिलाफ शरद पवार खुद बिगुल फूंकने वाले हैं। इसके तहत शरद 21 फरवरी को पाटिल के विधानसभा क्षेत्र आम्बेगांव जाने वाले हैं। पवार आम्बेगांव के मंचर में एक बड़ी रैली करने वाले हैं। बड़ी बात यह है कि इस रैली की तैयारी का जिम्मा शरद पवार ने सांसद अमोल कोल्हे को दिया है। एनसीपी में विभाजन के बाद यह पहला मौका होगा, जब पवार आम्बेगांव में रैली के लिए पहुंच रहे हैं। पवार के करीबी सूत्रों का कहना है कि वे पाटिल के भी साथ छोड़ने से बहुत आहत थे और उन्होंने ऐसा होने के बारे में सोचा भी नहीं था।

फिलहाल इस बात पर नजर है कि रैली में पवार पाटिल को लेकर क्या कहने वाले हैं। कभी पाटिल को शरद पवार के सबसे भरोसेमंद लोगों में से एक माना जाता था। माना जा रहा है कि इस रैली के साथ ही शरद पवार महाराष्ट्र में अपने चुनाव अभियान की भी शुरुआत कर सकते हैं।

गौरतलब है कि यहां से अजित पवार लोकसभा चुनाव के टिकट के लिए भी भाजपा से दावेदारी ठोक रहे हैं। भाजपा नेतृत्व को उन्होंने इसका प्रस्ताव रख दिया है। इसके अलावा बारामती सीट पर भी अजित पवार की नजर है।

बारामती वहीं सीट है, जहां से सुप्रिया सुले सांसद हैं। यह सीट लंबे समय से एनसीपी के पास है, लेकिन अजित गुट या फिर भाजपा के किसी उम्मीदवार से मुकाबला हुआ तब इस बार चैलेंज होगा। इसकी वजह यह है कि बारामती में अजित पवार की पकड़ रही है और वह भाजपा के साथ आ चुके हैं। फिर सुप्रिया सुले के लिए जीतना आसान नहीं होगा।

## सिसोदिया को राहत... हफ्ते में एक बार बीमार पत्नी से मिल सकते हैं

नई दिल्ली। दिल्ली राउज एवेन्यू कोर्ट से आप नेता व दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को पत्नी से मिलने की इजाजत मिल गई है। सिसोदिया कस्टडी पैरोल में पत्नी से मिल सकते हैं। उन्हें हफ्ते में एक बार मिलने की इजाजत दी गई हैं। वह डॉक्टर से भी मिल सकते हैं। बात दें कि दिल्ली शराब घोटाला मामले में वर्तमान में सिसोदिया जेल में बंद हैं। सोमवार को ही सिसोदिया ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 2023 में उन्हें जमानत देने से इंकार करने के फैसले को चुनौती देकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपनी दो उपचारात्मक याचिकाओं पर जल्द सुनवाई करने की अर्जी दी। सिसोदिया की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि वह (सिसोदिया) एक वर्ष से जेल में बंद हैं और उन्होंने इन उपचारात्मक याचिकाओं को तत्काल सूचीबद्ध करने का अनुरोध किया है। इस पर सीजेआई ने कहा, मैं पहले ही याचिकाओं को सूचीबद्ध करने का निर्देश दे चुका हूं। शीर्ष अदालत ने 14 दिसंबर, 2023 को कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार और धन शोधन मामलों में सिसोदिया की जमानत याचिकाओं को खारिज करने के 30 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिका खारिज कर दी थी।

# 'असली शिवसेना' पर अभी भी सियासी जंग जारी, स्पीकर के फैसले के खिलाफ याचिका पर सुनवाई को सुप्रीम कोर्ट तैयार

**मुंबई (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट 5 फरवरी को शिवसेना के एक सदस्य (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) द्वारा दायर याचिका को सूचीबद्ध करने पर सहमत हो गया, जिसमें संविधान के दसवीं अनुसूची के तहत शिवसेना (एकनाथ शिंदे) के विधायकों को अयोग्य ठहराने के महाराष्ट्र अध्यक्ष के इनकार को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता सुनील प्रभु की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के समक्ष मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि याचिका आज सूचीबद्ध नहीं की गई है, हालांकि इस पर आज सुनवाई होनी थी। कोर्ट ने 22 जनवरी को याचिका पर नोटिस जारी करते हुए मामले की तारीख 5 फरवरी (आज) तय की थी। इसके बाद सीजेआई चंद्रचूड़ मामले को सूचीबद्ध करने पर सहमत हुए। 22 जनवरी को भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने दो सप्ताह के भीतर वापसी योग्य नोटिस जारी किया। अनुच्छेद 136 के तहत विशेष अनुमति याचिका यूबीटी सदस्य सुनील प्रभु द्वारा दायर की गई है, जिसमें महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष द्वारा पारित दिनांक 10.01.2024 के आदेश को चुनौती दी गई है, जिसमें एक दूसरे के खिलाफ उद्धव ठाकरे समूह द्वारा दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज कर दिया गया है। स्पीकर राहुल नार्वेकर ने शिंदे और ठाकरे दोनों समूहों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ दायर अयोग्यता याचिकाओं को खारिज कर दिया। स्पीकर ने माना कि शिंदे समूह इस आधार पर 'असली' शिवसेना है कि जून 2022 में जब प्रतिद्वंद्वी गुट उभरे तो उनके पास विधायी बहुमत (विधायकों का बहुमत) था। स्पीकर ने शिंदे द्वारा नियुक्त व्हिप को भी आधिकारिक व्हिप के रूप में मान्यता दी। शिवसेना पार्टी की ओर से कहा गया कि शिंदे समूह के विधायकों द्वारा व्हिप का कोई उल्लंघन नहीं किया गया।



## जर्मनी में यहूदी छात्र की पिटाई, अस्पताल में भर्ती

बर्लिन । जर्मनी के बर्लिन शहर एक कॉलेज छात्र ने इजराइल–हमास संघर्ष पर बहस से आक्रोशित होकर अपने एक यहूदी सहपाठी की पिटाई कर दी, जिसके बाद यहूदी छात्र को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया 30 वर्षीय यहूदी छात्र एक परिचित के साथ बर्लिन के नजदीक मित्ते गया था, तभी मुलाकात विश्वविद्यालय के 23 वर्षीय साथी छात्र से हुई। पुलिस ने बताया कि 23 वर्षीय छात्र फलस्तीन समर्थक है जबकि 30 वर्षीय यहूदी छात्र ने इजराइल के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया था। जिसके बाद दोनों की इस मुद्दे पर तीखी बहस हुई। पुलिस के मुताबिक, बहस से उग्र हुए 23 वर्षीय छात्र ने 30 वर्षीय यहूदी छात्र के चेहरे पर तब तक घूंसे मारे जब तक कि वह जमीन पर गिर नहीं गया। संदिग्ध ने यहूदी छात्र के जमीन पर गिरने पर लात से भी वार कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने बताया कि पीड़ित को चेहरे पर फ्रैक्चर आए हैं और अस्पताल में भर्ती कराया गया है, लेकिन वह खतरे से बाहर है। पुलिस ने बर्लिन के शोनबर्ग स्थित संदिग्ध के आवास की तलाशी ली और उसके स्मार्टफोन सहित अन्य सबूत एकत्र किए। मामले की जांच की जा रही है।

## लिसिचांस्क शहर में बेकरी पर हमला, 28 लोगों की मौत

मॉस्को। रूस के नियंत्रण वाले लिसिचांस्क शहर में एक बेकरी पर हुए यूक्रेन के हमले में करीब 28 लोगों की मौत हो गई। रूसी अधिकरियों ने इसकी जानकारी दी। इस हमले में मारे गए लोगों में एक बच्चा भी शामिल है। उन्होंने कहा कि आपात सेवा कर्मियों ने मलबे के अंदर से 10 लोगों को बाहर निकाला है। वहीं, कीव में यूक्रेन के अधिकारियों ने इस घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## ईरान समर्थित लड़ाकों ने हमला किया तो अमेरिका की सेना देगी मुंहतोड़ जवाब

वाशिंगटन । अमेरिका ने कहा कि यदि ईरान समर्थित लड़ाकों ने फिर से हमला किया तो अमेरिका की सेना उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। बता दें कि अमेरिका ने शनिवार को ही ब्रिटेन के साथ मिलकर यमन में हूती विद्रोहियों के 36 ठिकानों पर हमले किए हैं। हूती विद्रोही इस्राइल हमास युद्ध के बाद से ही अमेरिकी ठिकानों और अंतरराष्ट्रीय शिपिंग रूट पर लाल सागर और अरब सागर में हमले कर रहे हैं। अब अमेरिका ने रविवार को चेतावनी दी कि अगर ईरान या उसके समर्थित लड़ाकों ने अमेरिकी सेनाओं पर फिर हमले किए तो उनका भी सख्ती से जवाब दिया जाएगा। हालांकि अमेरिका ने साफ किया कि वह पश्चिम एशिया में एक और लड़ाई शुरू करने के पक्ष में नहीं है। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने मीडिया से कहा कि हम किसी भी स्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। दरअसल बीती 28 जनवरी को जॉर्डन में अमेरिका के सैन्य ठिकाने पर ईरान समर्थित लड़ाकों ने हमला किया था। इस हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी। यह ड्रोन हमला इराक में ईरान समर्थित लड़ाकों ने किया था। हालांकि ईरान ने बयान जारी कर दावा किया था कि इस हमले में उसका कोई हाथ नहीं है और लड़ाकों ने खुद यह हमला किया है। इस पर सुलिवन ने कहा कि राष्ट्रपति बाइडन नहीं चाहते कि पश्चिम एशिया में एक और लड़ाई छिड़े, लेकिन अगर अमेरिका के सैनिकों या नागरिकों पर हमला होगा तो हम सख्ती से उनका जवाब देंगे। ईरान समर्थित लड़ाकों को शांत करने के लिए उनके खिलाफ कई और कदम उठाए जाएंगे।

## चिली के जंगल में लगी आग से मरने वालों की संख्या बढ़कर 112 हुई

चिली । मध्य और दक्षिण क्षेत्र में 92 जंगलों में आग लगी है। बड़ी चिंता है कि आग घनी आबादी वाले क्षेत्रों की ओर फैल रही है। इससे लोगों, घरों और सुविधाओं के प्रभावित होने की चिंता बढ़ गई है। दक्षिण अमेरिकी देश चिली के जंगलों में आग भड़कने से 112 लोग मारे गए, जबकि 1100 से ज्यादा घर राख हो गए। आपाकालीन सेवा विभाग हेलिकॉप्टर व ट्रकों की मदद से शहरी इलाकों में आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। बड़ी संख्या में लोग झुलस गए हैं, जिसके कारण मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। लगभग 10 लाख की आबादी वाले मध्य चिली के वालपराइसो क्षेत्र के कई हिस्सों में काला धुआं फैला हुआ है। बताया जा रहा हैं कि तटीय शहर वीना डेल मार के आसपास के इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। गृह मंत्री कैरोलिना टोहा ने कहा, वालपराइसो की स्थिति सबसे ज्यादा भयावक है। सड़कों पर भी लोगों के शव मिल रहे हैं। वर्ष 2010 के भूकंप के बाद चिली में यह सबसे बड़ी आपदा है। तब भूकंप के कारण लगभग 500 लोग मारे गए थे। राष्ट्रपति गेब्रियल बोरिक ने कहा कि स्थिति बहुत नाजुक है। फिलहाल आग 43 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में फैल चुकी है। भीषण आग ने शहर के पहाड़ी इलाके विला इंडिपेंडेंसिया को भी अपनी चपेट में ले लिया है। सड़कों पर जली हुई कारें खड़ी दिखाई दे रही हैं। मध्य और दक्षिण क्षेत्र में 92 जंगलों में आग लगी है। पिछले साल यहां रिकॉर्ड गर्मी के दौरान लगी आग में 27 लोगों की मौत हो गई और 400,000 हेक्टेयर से अधिक भूमि प्रभावित हुई थी।

## पाकिस्तान में आतंकियों को उम्मीदवार बना दिया, हाफिज के रिश्तेदार लडेंगे चुनाव

इस्लामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान में 8 फरवरी को होने वाले आम चुनाव में आतंकियों को उम्मीदवार बना दिया गया है। जानकारी के अनुसार मुस्लिम लीग नाम की एक नई राजनीतिक पार्टी चुनाव में भाग लेगी। इस राजनीतिक दल को 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रतिबंधित संगठनों का एक नया चेहरा माना जाता है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इस संगठन द्वारा पाकिस्तान के विभिन्न शहरों से नामांकित कुछ उम्मीदवार ऐसे हैं जो या तो हाफिज सईद के रिश्तेदार हैं या अतीत में प्रतिबंधित लश्कर–ए–तैयबा, जमात–उद–दावा या मिल्ली मुस्लिम लीग से जुड़े रहे हैं। दरअसल पाकिस्तान की आतंकवाद रोधी अदालतों ने टेरर फंडिंग के कई मामलों में हाफिज सईद को कुल 31 साल की सजा सुनाई है। वह फिलहाल लाहौर की एक जेल में बंद है। उसे 10 दिसंबर 2008 को संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादियों की सूची में शामिल किया गया था। पाकिस्तान ने लश्कर–ए–तैयबा, जमात–उद–दावा और उसके सहयोगी दलों और संस्थानों को भी सूचीबद्ध किया है, जिनमें खैर नास इंटरनेशनल ट्रस्ट, फलाह इंसानियत फाउंडेशन, अल–अनफाल ट्रस्ट, खमताब खालिक इंस्टीट्यूशन, अल–दावत अल–अरशद, अल–हमद ट्रस्ट, अल–मदीना फाउंडेशन और म्यू अज़ बिन जबल एजुकेशनल ट्रस्ट प्रतिबंधित संगठनों की सूची में शामिल हैं। बताया जा रहा है कि हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी इस बार चुनाव लड़ रहा हैं। पार्टी के एक प्रवक्ता ने सईद के संगठनों के साथ किसी भी तरह के जुड़ाव से इनकार किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद मरकजी मुस्लिम लीग पार्टी से चुनाव में भाग ले रहा है और लाहौर में नेशनल असेंबली निर्वाचन क्षेत्र एनए–122 से चुनाव लड़ रहा है। यह वही निर्वाचन क्षेत्र है जहां से पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज नेता और पूर्व संघीय मंत्री ख्वाजा साद रफीक भी चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह सईद का दामाद हाफिज नेक गुज्जर मरकजी मुस्लिम लीग के टिकट पर चुनाव लड़ रहा है। पिछले दिनों जमात–उद–दावा से जुड़े कुछ लोगों ने मिल्ली मुस्लिम लीग पार्टी से 2018 के चुनाव में भाग लेने की कोशिश की थी, लेकिन पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने तत्कालीन सरकार के विरोध के बाद संगठन पर प्रतिबंध लगा दिया और पंजीकरण के लिए उसके आवेदन को खारिज कर दिया। मिल्ली मुस्लिम लीग का नाम पाकिस्तान में प्रतिबंधित पार्टियों की सूची में शामिल नहीं है, लेकिन 2018 में अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने विदेश विभाग की मंजूरी से इस पार्टी को प्रतिबंधित घोषित कर दिया और इससे जुड़े सात लोगों को वैश्विक आतंकवादियों की सूची में शामिल किया। जिन लोगों को अमेरिका ने अंतरराष्ट्रीय आतंकवादी घोषित किया था उनमें सैफुल्ला खालिद, मुजम्मिल इकबाल हाशमी, मुहम्मद हारिस डार, ताबिश कय्यूम, फैयाज अहमद, फैसल नदीम और मुहम्मद एहसान के नाम शामिल थे।

## सैमसंग के प्रमुख ली जे योंग वित्तीय अपराधों से बरी

सियोल । दक्षिण कोरियाई अदालत ने शेयर मूल्यों में हेरफेर करने और 2015 में सैमसंग की दो सहायक कंपनियों के विवादास्पद विलय के संबंध में धोखाधड़ी के आरोपी सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स के चेयरमैन ली जे योंग को बरी कर दिया है। योंग पर दक्षिण कोरिया की सबसे बड़ी कंपनी पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए विलय कराने का आरोप था। सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के फैसले से सैमसंग के शीर्ष पदाधिकारी की कानूनी मुश्किलें कम हो सकती हैं। योंग को भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व राष्ट्रपति को रिश्वत देने का दोषी पाया गया था लेकिन सजा को माफ कर दिया गया था।



रियाद में सऊदी अरब के वायुसैनिक एयर शो में शामिल हुए।

## ऑस्ट्रेलियाई–चीनी लेखक यांग हेंगजुन की मौत की सज़ा स्थगित

बीजिंग। ऑस्ट्रेलियाई–चीनी लेखक यांग हेंगजुन को दी गई मौत की सजा स्थगित हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार लेखक यांग हेंगजुन को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के पांच साल बाद चीनी अदालत ने मौत की सजा को निलंबित कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री के मुताबिक, दो साल बाद सजा को उम्रकैद में बदला जा सकता है। डॉ. यांग जो एक विद्वान और उपन्यासकार हैं जिन्होंने चीनी मामलों के बारे में ब्लॉग किया है। वह अपने खिलाफ लगे आरोपों से इनकार करते हैं, जिन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया है। यांग को 2019 में गुआंगज़ौ हवाई अड्डे पर एक अज्ञात विदेशी देश के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। लोकतंत्र समर्थक ब्लॉगर एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक है जिसका जन्म चीन में हुआ था। इस मामले में ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री पेनी वोंग ने सोमवार को कहा कि सरकार इस फैसले से स्तब्ध थी, और उन्होंने कैनबरा की आपत्ति दर्ज कराने के लिए चीनी राजदूत को बुलाया था। चीन में यांग की हिरासत चीनी और ऑस्ट्रेलियाई सरकारों के बीच घर्षण का एक प्रमुख बिंदु रही है। वोंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सरकार ने लगातार और उच्चतम स्तर पर उनकी वकालत की थी। वोंग ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया डॉ. यांग के हितों और भलाई के लिए हमारी वकालत से पीछे नहीं हटेगा। सभी ऑस्ट्रेलियाई डॉ. यांग को उनके परिवार से दोबारा मिलते हुए देखना चाहते हैं। सोमवार को सामने आई सजा को औपचारिक रूप से दो साल की सजा के साथ मौत की सजा के रूप में दिखाया गया है। यह एक अपेक्षाकृत सामान्य सजा है जो दो साल के अच्छे व्यवहार के बाद मौत की सजा को 25 साल या आजीवन कारावास में बदलने की अनुमति देती है। फेंग ने कहा कि यांग की हिरासत, मुकदमा और सजा एक गंभीर अन्याय था, लेकिन डॉ. यांग खराब स्वास्थ्य के कारण अपील नहीं कर पाएंगे।

### पाकिस्तान में पनाह ले रहे आतंकवादियों की सूची तैयार करे भारत,

## संयुक्त राष्ट्र प्रतिबंधों का राजनीतिकरण करने के लिए उठाना चाहिए कदम



**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक संसदीय पैनल ने कहा कि भारत को लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के नेता हाफिज तल्हा सईद और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के नेता अब्दुल रऊफ असगर सहित चार पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों की सूची तैयार करनी चाहिए और प्रतिबंधों का राजनीतिकरण करने के लिए कदम उठाना चाहिए। संसद में पेश की गई वैश्विक आतंकवाद का मुकाबला करने पर अपनी रिपोर्ट में ने पर अपनी रिपोर्ट में, विदेश मामलों की संसदीय समिति ने कहा कि इस्लामिक स्टेट और अल-कायदा, एलईटी और जेईएम जैसे क्षेत्रीय आतंकवादी समूहों के साथ गठबंधन कर रहे हैं और गलत सूचना और कट्टरपंथी प्रथाओं के माध्यम से भारत में हमलों को उकसाने के लिए सांप्रदायिक तनाव के अवसर का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं।

2016 से इस्लामिक स्टेट तथाकथित इस्लामिक स्टेट ऑफ खुरासान प्रांत (आईएसकेपी) के हिस्से के रूप में जम्मू और कश्मीर में अपने क्षेत्र का विस्तार करने की असफल कोशिश कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दिखाने के लिए, इस्लामिक स्टेट-कोर ने मई 2019 में विलाया हिंद की स्थापना का प्रचार जारी किया। समिति की सिफारिशें पिछले कुछ वर्षों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों को मंजूरी देने के भारत और उसके पश्चिमी सहयोगियों जैसे फ्रांस और अमेरिका के प्रयासों को चीन द्वारा लगातार अवरुद्ध करने की पृष्ठभूमि में आई हैं।

2021-22 में सुरक्षा परिषद में अपने कार्यकाल के दौरान, भारत ने पांच पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों जेईएम के अब्दुल रऊफ असगर, लश्कर के अब्दुल रहमान मक्की, साजिद मीर, शाहिद महमूद और तल्हा सईद के नाम सूचीबद्ध करने के लिए यूएनएससी 1267 प्रस्तुत किए। प्रतिबंध समिति ने जनवरी 2023 में लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद के करीबी सहयोगी मक्की को सूचीबद्ध करने को स्वीकार कर लिया।

## चुनाव से पहले पाकिस्तान में बड़ा आंतकी हमला, 10 पुलिसकर्मियों की मौत

**कराची (एजेंसी)।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक पुलिस स्टेशन पर बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकी हमले में 10 पुलिसकर्मियों की मौत हो गई है। वहीं हमले में छह लोग घायल है। अब तक हमले की जिम्मेदारी किसी आतंकी संगठन ने नहीं ली है।

पाकिस्तान में आठ फरवरी को होने वाले चुनावों से पहले ही ये आतंकी हमला हुआ है, जिससे देश में लोगों की सुरक्षा की व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े हुए गए है। पाकिस्तान पुलिस का कहना है कि खैबर पख्तूनख्वा के डेरा इस्माइल खान जिले में एक पुलिस स्टेशन पर हमला हुआ है। हमले में 10 लोगों की मौत हुई है। छह पुलिसकर्मी भी हमले में घायल हुए है। पुलिस का कहना है कि दरबान तहसील में सुबह तीन बजे आतंकियों ने भारी हथियारों से पुलिस स्टेशन पर धावा बोलकर हमला कर दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार हमले में घायल लोगों को डीएचक्यू अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। आतंकियों ने पुलिस स्टेशन को चारों तरफ से घेरा था और ग्रेनेड से हमले किए थे। आतंकियों ने पुलिस स्टेशन पर भारी गोलीबारी भी की थी।

इस घटना पर आला अधिकारियों ने बताया कि पुलिस ने रात के अंधेरे में ही आतंकियों पर जवाबी कार्रवाई की। हालांकि पुलिस इस दौरान आतंकियों को पकड़ने में सफल नहीं हो सकी और आतंकी भागने में सफल रहे। रिपोर्ट्स का कहना है कि पुलिस ने आतंकी हमले के बाद पूरे इलाके में घेराबंदी कर सुरक्षा व्यवस्था को बढ़ाया है। पुलिस की टीमें भाग निकले आतंकियों को ढूंढने के लिए लगातार तलाशी अभियान चला रही है। पुलिस की क्विक रिएक्शन फोर्स भी घटना स्थल पर पहुंच गई है।

## उनका देश भारत में ज्यादा से ज्यादा निवेश करना चाहता है: फ्रांसिस राष्ट्रपति मैक्रों

**पेरिस (एजेंसी)।** फ्रांसिस राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक वीडियो साझा किया है। इसमें उनकी हालिया भारत दौरे की झलकियां दिखाई गई हैं। वीडियो के साथ ही उन्होंने जोर देकर कहा कि उनका देश भारत में ज्यादा से ज्यादा निवेश करना चाहता है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर नई दिल्ली आए थे और वह 26 जनवरी को 75वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि थे।




फ्रांसिस राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा कि विश्व में बदलाव की पहली पंक्ति में भारत आने वाला है। उन्होंने लिखा कि भारत जैसे देश के पास लोकतांत्रिक शक्ति, जनसांख्यिकी, आर्थिक और तकनीकी शक्ति है, जिससे वह दुनिया में बदलाव की पहली पंक्ति में होगा।

उन्होंने कहा कि वह नई दिल्ली में 75वें गणतंत्र दिवस समारोह का हिस्सा बनकर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे थे। मैक्रों ने कहा, हम इस तरह के एक महत्वपूर्ण और अनोखे दिन का हिस्सा बनने पर बेहद सम्मानित महसूस कर रहे थे। यह हमेशा हमारी यादों में रहेगा। उन्होंने कहा, बीते कुछ वर्षों के दौरान हमने आपके देश के साथ विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग और साझेदारियों को बढ़ाया है। हम निश्चित रूप से भारत में अधिक से अधिक निवेश करना चाहते हैं। भले ही हमारे संबंध बहुत अच्छे हैं, लेकिन हम और भी बहुत कुछ कर सकते हैं। अब तक सबकुछ अच्छा है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि 2030 तक फ्रांस में तीस हजार छात्र भारत से आएं। राष्ट्रपति मुर्मू की ओर से आयोजित भोज में गर्मजोशी से उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने के लिए मैक्रों ने आभार जताया था। इसके साथ ही उन्होंने कहा था-फ्रांस और भारत की दोस्ती जिंदाबाद। मैक्रो ने कहा था कि दोनों देशों के बीच तालमेल अद्वितीय है और समय और साझा मूल्यों से परे है।

वहीं फ्रांसिस राष्ट्रपति मैक्रों के पोस्ट पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मैक्रों की भारत यात्रा और गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने से निश्चित तौर पर भारत-फ्रांस की दोस्ती को बढ़ावा मिलेगा। पीएम ने मैक्रों के पोस्ट को टैग कर कहा कि भारत में आपका होना सम्मान की बात है।

## 10 मई तक देश छोड़ देंगे भारतीय सैनिक, संसद में मुइज्जू ने फिर दोहराया भारत विरोधी रुख, विपक्ष ने किया बहिष्कार

**माले (एजेंसी)।** अपने पहले संसद भाषण में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने सोमवार को अपने भारत विरोधी रुख को दोहराते हुए कहा कि देश अपनी संप्रभुता में किसी भी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देगा। ये टिप्पणियाँ 10 मई तक मालदीव से भारतीय सैनिकों की वापसी के लिए नई दिल्ली और माले के बीच एक समझौते का पालन करती हैं। चीन समर्थक नेता के रूप में जाने जाने वाले मुइजू ने कहा कि उनका मानना है कि मालदीव के अधिकांश लोग उनके प्रशासन का समर्थन करते हैं। उम्मीद है कि वे देश से विदेशी सैन्य उपस्थिति हटा देंगे।





हिंद महासागर द्वीपसमूह में तैनात लगभग 80 सैनिकों का स्थान नागरिकों द्वारा लिया जाएगा। पिछले हफ्ते, विदेश मंत्रालय ने कहा था कि दोनों पक्ष मानवीय सेवा प्रदान करने वाले भारतीय विमानन प्लेटफार्मों के निरंतर संचालन को सक्षम करने के लिए पारस्परिक रूप से व्यावहारिक समाधानों के एक सेट पर सहमत हुए हैं। पिछले साल मोहम्मद मुइज्जू के मालदीव के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद से माले के साथ नई दिल्ली के संबंध तनाव में हैं, उन्होंने देश की भारत प्रथम नीति को समाप्त करने का वादा किया था। मालदीव ने द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित कई मुद्दों पर भारतीय राजधानी में एक उच्च स्तरीय बैठक में बनी सहमति का हवाला देते हुए पहले कहा था कि भारतीय सैनिकों का पहला समूह 10 मार्च तक और बाकी 10 मई तक रवाना हो जाएगा।

इससे पहले आज, मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने संसद में मुइज्जू के उद्घाटन भाषण का बहिष्कार किया। एक अन्य विपक्षी दल, डेमोक्रेट भी एमडीपी में शामिल हो गया, और कहा कि कैबिनेट के तीन सदस्यों को, जिन्हें संसद ने पिछले सप्ताह खारिज कर दिया था, बैठक में आमंत्रित किया गया था। मालदीव के आउटलेट सनऑनलाइन इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, संसद में बहुमत रखने वाली एमडीपी ने कहा कि मुइज्जू के संबोधन का बहिष्कार करने का उसका निर्णय संसद के सम्मान को कम करना है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि द्वीप राष्ट्र के राष्ट्रपति को संविधान के अनुसार वर्ष के पहले कार्यकाल के पहले सत्र में संसद को संबोधित करना आवश्यक है।

## पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उपराष्ट्रपति पद के लिए नहीं जाहिर की अपनी पंसद



वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पूछा गया कि वह उपराष्ट्रपति पद के लिए अपनी पसंद कब बताएंगे, इस पर ट्रंप ने कहा कि फिलहाल कुछ समय नहीं, लेकिन बहुत सारे अच्छे लोग है। अमेरिका में फिर रिपब्लिकन पार्टी से उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही हो सकते हैं। आयोवा कॉकस में शानदार जीत के बाद उनकी दावेदारी और पुख्ता हुई है। इसके बाद सवाल उठ रहा है कि अगर ट्रंप 2024 में राष्ट्रपति चुने जाते हैं तब उपराष्ट्रपति कौन होगा। इस बीच, पूर्व राष्ट्रपति ने उपराष्ट्रपति पद के लिए सीनेटर टिम स्कॉट और गवर्नर क्रिस्टी नोएम का नाम लेकर अफवाहों को हवा दी है। एक इंटरव्यू में ट्रंप से पूछा गया कि वह उपराष्ट्रपति पद के लिए अपनी पसंद कब बताएंगे, इस पर उन्होंने कहा कि फिलहाल कुछ समय नहीं। लेकिन बहुत सारे अच्छे लोग है। ट्रंप के जवाब पर पत्रकार ने सवाल किया कि क्या अभी तक आपने एक को चुना नहीं है? इस पर ट्रंप ने कहा, मैंने अभी चुनाव नहीं किया है और इसके पीछे कोई कारण नहीं है। हालांकि, इंटरव्यू में ट्रंप ने कहा कि वह हर किसी से बात कर रहे हैं। इस दौरान यह भी खुलासा किया कि उन्होंने हाल ही में स्कॉट के साथ बात की थी। बता दें, स्कॉट ने पिछले साल राष्ट्रपति पद के लिए अपना नामांकन वापस ले लिया था और फिर ट्रंप का समर्थन किया था। ट्रंप ने कहा, मैंने उसे फोन किया और कहा कि आप मेरे लिए बहुत अच्छे और बेहतर उम्मीदवार हैं, जितना आप अपने लिए थे। उन्होंने कहा, जब मैंने टिम को देखा तब वह ठीक था, वह अच्छा था, लेकिन वह बहुत कम महत्वपूर्ण था। मैंने पिछले हफ्ते उन्हें मेरा बचाव करते हुए देखा। वह मेरे लिए लड़ रहे थे।

## सबसे बकवास आदमी है...बाइडेन ने नेतन्याहू को लेकर ऐसा क्यों कहा? व्हाइट हाउस ने बताया सच

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** इजरायल-हमास संघर्ष को लेकर दोनों नेताओं के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को बकवास आदमी कहा। पोलिटिको ने अनाम स्रोतों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा कि जैसे ही युद्ध अपने पांचवें महीने में प्रवेश कर गया बाइडेन नेतन्याहू से सावधान हो गए और निजी तौर पर उन्हें बकवास आदमी बताते नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट को खारिज करते हुए, बाइडेन के प्रवक्ता एंड्रयू बेट्स ने आउटलेट को बताया कि दोनों नेताओं के बीच दशकों पुराना रिश्ता है जो सार्वजनिक और निजी तौर पर सम्मानजनक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ने ऐसा नहीं कहा, न ही वह ऐसा कहेंगे। एक क्षेत्रीय समझौते के हिस्से के रूप में फिलिस्तीनी राज्य की संभावना जिसमें इज़राइल और सऊदी अरब के बीच संबंधों को सुधारना शामिल होगा। हाल के हफ्तों में नेतन्याहू और व्हाइट हाउस के अधिकारियों के बीच तनाव पैदा कर दिया है।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि कुछ डेमोक्रेट, विशेष रूप से उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को यह एहसास होना शुरू हो गया है कि युद्ध में इज़राइल के लिए प्रशासन का समर्थन उन्हें 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में युवा मतदाताओं के महत्वपूर्ण समर्थन से वंचित कर सकता है। इज़राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री, इतामार बेन ग्विर ने गाजा संघर्ष से निपटने के लिए बिडेन प्रशासन की आलोचना की, उन्होंने दावा किया कि इससे हमास को मदद मिली और ट्रम्प सरकार के तहत इज़राइल के लिए इससे निपटना बेहतर होता। बेन ग्विर ने रविवार को प्रकाशित वॉल स्ट्रीट जर्नल के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि हमें अपना पूरा समर्थन देने के बजाय राष्ट्रपति बाइडेन मानवीय सहायता और ईंधन देने में व्यस्त हैं, जो हमास को जाता है। अगर ट्रम्प सत्ता में होते, तो अमेरिकी आचरण पूरी तरह से अलग होता।

पिछले महीने एक अभियान कार्यक्रम के दौरान, रिपब्लिकन नेता ट्रम्प ने बाइडेन को संयुक्त राज्य अमेरिका के इतिहास में सबसे खराब राष्ट्रपति कहा था और दावा किया था कि अगर वह राष्ट्रपति होते तो रूस ने इज़राइल पर कभी हमला नहीं किया होता। बेन ग्विर की टिप्पणियों को नेतन्याहू और नेतन्याहू के तीन-सदस्यीय युद्ध मंत्रिमंडल के सदस्य बेनी गैंट्ज़ ने खारिज कर दिया, उन्होंने दावा किया कि वह अमेरिका-इजरायल संबंधों को जबरदस्त नुकसान पहुंचा रहे थे।



## ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू शॉर्ट तीसरे वनडे से बाहर

**कैनबरा।**

वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम के बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। उनकी जगह बेन मैकडरमॉट को शामिल किया गया है। रविवार को मैथ्यू शॉर्ट को वेस्टइंडीज पर ऑस्ट्रेलिया की श्रृंखला जीत के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट का सामना करना पड़ा था। छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने आने के बाद उन्होंने बल्ले से 55 गेंदों पर 41 रन बनाए, लेकिन चोट के कारण वह फील्डिंग करने नहीं उतरे। बेन मैकडरमॉट ने शनिवार को तस्मानिया के खिलाफ चल रहे शेफील्ड शील्ड मैच में क्वींसलैंड के लिए नाबाद 146 रन बनाए। अब वह सोमवार को कैनबरा में ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम के साथ जुड़ने के लिए मैच से हट गए हैं, और यह मैच मंगलवार को मनुका ओवल में खेला जाएगा। 2018 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद से बेन मैकडरमॉट ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 25 टी20 और छह वनडे मैच खेले हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए उनका आखिरी वनडे मैच मार्च-अप्रैल 2022 में पाकिस्तान दौरे पर आया था। जहां उन्होंने लाहौर में प्रारूप में अपना एकमात्र शतक बनाया था। यह देखना बाकी है कि मैथ्यू शॉर्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ 9, 11 और 13 फरवरी को होने वाले आगामी टी20 मैचों के लिए फिट होंगे या नहीं। प्रतियोगिता में 541 रन बनाने के लिए बिग बैश लीग (बीबीएल) में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुने जाने के बाद मैथ्यू शॉर्ट ने ऑस्ट्रेलिया के व्हाइट-बॉल सेट-अप में अपना स्थान अर्जित किया।तीसरे मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम- स्टीव स्मिथ (कप्तान), सीन एबॉट, जेवियर बार्टलेट, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, कैमरून ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड (उप-कप्तान), जोश इंगलिश, मार्नस लाबुशेन, लांस मॉरिस, बेन मैक्डरमॉट, विल सदरलैंड, एडम ज़म्पा।

# एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के लिए भुवनेश्वर पहुंची भारतीय पुरुष टीम



**भुवनेश्वर।**

भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 अभियान की शुरुआत करने के लिए सोमवार को भुवनेश्वर पहुंच गई।भारतीय टीम पिछले सीजन में नीदरलैंड, ग्रेट ब्रिटेन और बेल्जियम के बाद चौथे स्थान पर रही थी।एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 (पुरुष) राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में जाने से पहले 10 से 16 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाली है, जहां लीग 19 से 25 फरवरी तक जारी रहेगी।

**पांच राष्ट्रीय टीमें;** आयरलैंड, नीदरलैंड, भारत, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया, एफआईएच प्रो लीग 2023-24 (पुरुष) के भारत चरण में भाग लेंगी। जहां वो भुवनेश्वर और राउरकेला में एक-दूसरे का सामना करेंगी।भारत सीजन के अपने पहले मैच में 10 फरवरी को मैक्स काल्डास की स्पेन से भिड़ेगा। उसके बाद 11 फरवरी को दुनिया की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड की चुनौती का सामना करेगा। थोड़े समय के ब्रेक के बाद वे 15 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेंगे। फिर, वो 16 फरवरी को भुवनेश्वर चरण के आखिरी मैच में आयरलैंड से भिड़ेंगे।एफआईएच प्रो लीग 2023-24 की तैयारियों पर प्रकाश डालते हुए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस आए हैं। जहां हमने प्रो लीग शुरू करने के लिए फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ खेला था।इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का शानदार अवसर होगा। हम प्रो लीग को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं क्योंकि इसे जीतने का मतलब न केवल एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए सीधी योग्यता होगी, बल्कि ये खेल पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी में भी महत्वपूर्ण होंगे।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 106 रनों से हराया, सीरीज 1-1 से बराबरी पर आयी

**विशाखापत्तनम।**

भारतीय टीम ने इंग्लैंड को दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में 106 रनों से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल कर ली है। इंग्लैंड ने हैदराबाद में खेला पहला टेस्ट जीता था जबकि यहां भारतीय टीम जीती है। मैच के चौथे दिन जीत के लिए मिले 399 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में 292 रनों पर ही आउट हो गयी। इस प्रकार भारतीय टीम को मैच में 106 रनों से जीत मिली है। इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में जैक क्राउली ने सबसे ज्यादा 73 रन बनाये पर वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। क्राउली के अलावा कोई भी अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पाया। विकेटकीपर बल्लेबाज बेन फोक्स ने 36 और स्पिन ऑलराउंडर टॉम हार्टले ने भी 36 रन बनाये। कप्तान बेन स्टोक्स 11 रन बनाकर रन आउट हुए, जॉनी बेयरेस्टो 26 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। वहीं भारतीय टीम की ओर से जसप्रीत बुमराह और रविचंद्रन अश्विन ने तीन-तीन विकेट लिये जबकि अक्षर पटेल, मुकेश कुमार और कुलदीप यादव को एक-एक विकेट मिला। इस मैच में भारतीय टीम की जीत में यशस्वी जायसल , शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह की अहम भूमिका रही। यशस्वी ने जहां पहली पारी में दोहरा शतक लगाया, वहीं शुभमन ने दूसरी पारी में शतक लगाया। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह ने पहली पारी में छह विकेट और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए। इससे पहले आज सुबह एक विकेट पर 67 रनों से आगे खेलते हुए क्रॉली के अर्धशतक से इंग्लैंड ने लक्ष्य का पीछा करते हुए लंच तक 194 रनों के अंदर ही छह विकेट खो दिये। चौथे दिन क्रॉली ने आक्रामक पारी खेली। इस बल्लेबाज ने 132 गेंदों पर 8 चौकों और एक छक्के की सहायता से 73 रन बनाए। वहीं भारतीय टीम की ओर से आर अश्विन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 विकेट लिए। आज चौथे दिन शुभमन गिल चोटिल होने के कारण मैदान पर नहीं उतरे। उनकी जगह सरफराज खान क्षेत्ररक्षण के लिए उतरे। वहीं इससे पहले तीसरे दिन भारतीय टीम अपनी दूसरी पारी में दूसरी पारी में 255 रन बनाकर आउट हो गयी। भारतीय टीम को इस मैच में पहली पारी के आधार पर 143 रनों की बढ़त हासिल थी। इस प्रकार उसी कुल बढ़त 398 हो गयी। भारतीय टीम ने इस मैच में अपनी पहली पारी में यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक की सहाता से 396 रन बनाए थे जबकि मेहमान टीम को जसप्रीत बुमराह ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में छह विकेट लेकर 253 रनों पर ही रोक दिया था। इस प्रकार पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम के पास 143 रन बढ़त थी। इंग्लैंड की ओर से दूसरी पारी में स्पिनरों ने खास दबाव बनाये रखा टॉम हार्टले ने 4 जबकि रेहान अहमद ने 3 विकेट लिए। इस प्रकार इन दोनो ने कुल 7 विकेट लिए। वहीं दो विकेट जेम्स एंडरसन और शोएब बशीर ने लिए।




दूसरी पारी में भारत की ओर से शुभमन के अलावा अन्य बल्लेबाज टिक नहीं पाये। वहीं पहली पारी में इंग्लैंड की टीम तेजी से रन बना रही थी पर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तेजी से 2 विकेट लेकर मेहमान टीम को मुश्किल में डाल दिया। इसके बाद स्पिनर कुलदीप यादव ने बेन डकेट को 21 रन पर काउट कर दिया। जैक क्राउली ने दूसरे छोर से तेजी से रन बनाना जारी रखा और 11 चौके और 2 छक्के लगाये पर बुमराह ने अनुभवी बल्लेबाज जो रूट को 5 रन और ओली पोप को 23 रनों पर पवेलियन भेजकर इंग्लैंड की टीम को करारा झटका दिया।

## पूर्व पाक कप्तान बोला, पीसीबी में इस कारण काम नहीं करना चाहते कोच



**कराची ।**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान मिस्बाह उल हक ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के तौर तरीकों की आलोचना करते हुए कहा है कि वह दूर तक की नहीं सोचती। इसी कारण उसे विदेशी ही नहीं देशी कोच भी नहीं मिल रहे। मिस्बाह साल 2019 से 2021 के बीच पाकिस्तान टीम के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता रहे थे। उन्होंने इस पर भी नाराजगी जतायी कि पाकिस्तान क्रिकेट में खिलाड़ियों और कोचों को एक या दो श्रृंखलाओं में खराब प्रदर्शन के आधार पर हट दिया जाता है। इसके अलावा बोर्ड के शीर्ष प्रबंधन में बदलाव के कारण भी उन्हें हटाया जाता है। एक स्थानीय टूर्नामेंट में हैदराबाद फ्रेंचाइजी को कोचिंग दे रहे मिस्बाह ने कहा कि अगर आप बोर्ड की नीतियों को देखें तो विदेशी कोच ही नहीं बल्कि हमारे स्थानीय कोच भी पीसीबी के साथ काम नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट को इतने अव्यवस्थित तरीके से चलाया जाना ठीक नहीं है। इसी जगह हमें टीम प्रबंधन, चयनकर्ताओं और खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए दीर्घकालिक योजनाएं बनानी चाहिये थी। निराशाजनक बात ये है कि पीसीबी बोर्ड में बदलाव का प्रभाव नीचे तक पड़ता है जो सही नहीं है।

ऐसे में खिलाड़ी अपनी जगह को असुरक्षित मानते हुए दबाव में खेलते हैं जिससे उनका श्रेष्ठ प्रदर्शन उभरकर सामने नहीं आता। इसके अलावा खिलाड़ी टीम गेम की जगह पर व्यक्तिगत खेल पर ज्यादा ध्यान देने लगते हैं।

## तुर्की में महिला फुटबॉल कप में भाग लेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली ।**

भारतीय सीनियर महिला टीम 21 से 27 फरवरी तक तुर्की में होने वाले महिला कप फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगी। भारतीय टीम के अलावा एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग की टीमें भी राउंड-रॉबिन प्रारूप में होने वाले इस टूर्नामेंट में भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट में हर टीम एक-दूसरे से एक बार खेलेगी और राउंड-रॉबिन चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीमें विजयी घोषित की जाएंगी। भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 21 फरवरी को एस्टोनिया से खेलेगी। इसके बाद उसे हांगकांग से 24 फरवरी जबकि कोसोवो से 27 फरवरी को खेलना है। भारतीय टीम तीसरी बार इस टूर्नामेंट में भाग लेगी। उसने इससे पहले 2019 और 2021 में भी इसमें भाग लिया था। इस टूर्नामेंट के लिए अभ्यास करने नयी मुख्य कोच लैंगम चाओबा देवी की निगरानी में 10 फरवरी से भुवनेश्वर में टीम का एक सप्ताह का



शिविर भी लगेगा। **भुवनेश्वर में शिविर के लिए संभावित खिलाड़ी इस प्रकार हैं: गोलकीपर:** अंशिका, एलंगबाम पंथोई चानू, मोनालिसा देवी मोइरंगथम, श्रेया हुडा **डिफेंडर:** आशालता देवी लोइटोंगबम, अस्तम ओरांव, डालिमा छिब्बर, जूली किशन, ममता, रंजना चानू सोरोखैबम, शिल्की देवी हेमम **मिडफील्डर:** अंजू तमांग, इंदुमति काथिरेसन, काजोल डिसूजा, कार्तिका अंगमुथु, कृतिना देवी थौनाओजम, मनीषा, पवित्रा मुरुगेसन, प्रियंगका देवी नाओरेम, संगीता बासफोर **फॉरवर्ड:** ग्रेस डांगमेई, ज्योति, करिश्मा पुरूषोत्तम शिरवोइकर, काव्या पक्कीरिसामी, लिंडा कोम सर्टो, नेहा, प्यारी खाखा, संध्या रंगानथन, संजू, सौम्या गुगुलोथ।

## रघुराम अय्यर आईओए के सीईओ बने रहेंगे : उषा

**नई दिल्ली ।**

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की प्रमुख पीटी उषा ने कहा है कि मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के पद पर नियुक्त किये गये रघुराम अय्यर को वह नहीं हटाएंगी। दिग्गज एथलीट रही उषा के अनुसार उन्हें अय्यर की क्षमताओं पर पूरा भरोसा है। साथ ही कहा कि उनकी नियुक्ति के लिए उन्होंने किसी प्रकार का कोई दबाव नहीं डाला था। वहीं कहा जा रहा है कि अय्यर को नियुक्त करने से आईओए कार्यकारी परिषद के अधिकांश सदस्य खुश नहीं हैं और वे एक निलंबन आदेश पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं। इसमें सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति को अमान्य करार दिया जाएगा। इससे पहले आईओए ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के लगातार दबाव को देखते हुए गत माह छह जनवरी को इंडियन प्रीमियर लीग टीम राजस्थान रॉयल्स के पूर्व अधिकारी अय्यर को सीईओ नियुक्त किया था पर उनकी नियुक्ति के कुछ सप्ताहों के अंदर ही कार्यकारी परिषद में नाराजगी कायम हो गयी। कई सदस्यों ने कहा कि उषा ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति के लिए उन पर अनावश्यक दबाव बनाया था।

वहीं उषा ने इन आरोपों को गलत बताया था। कार्यकारी परिषद के 15 में से लगभग 12 सदस्यों ने तब कहा था कि अय्यर की नियुक्ति के लिए शीर्ष संस्था ने मंजूरी नहीं ली गयी थी। वहीं इस आरोप को खारिज करते हुए उषा ने कहा, 'जब आप सही काम कर रहे होते हैं तो फिर चिंता नहीं करनी चाहिये। एक समारोह में उषा से सीईओ प्रकरण पर टिप्पणी करने के लिए कहा गया तो उन्होंने कहा, 'सीईओ काम कर रहे हैं। मैं पहले ही सही तरीके से नियुक्ति कर चुकी हूं और वह काम कर रहे हैं। वहीं यह पूछे जाने पर कि क्या कार्यकारी परिषद के कई सदस्यों के कथित तौर पर उन्हें हटाने की इच्छा के बावजूद क्या वह अपना सामान्य कामकाज कर सकेंगे, उषा ने कहा, '' सौ फीसदी वह अपने पद पर बने रहेंगे। वह काफी अच्छे सीईओ हैं। उन्होंने कहा, ''हम हमेशा चाहते थे कि आईओए में सीईओ पद पर एक प्रसिद्ध व्यक्ति अधिकारी हो जिससे खेलों के विकास में बड़े पैमाने पर सहायता मिल सकती है। मैं इसी तरह से सोच रही हूं। उन्होंने कहा, 'मुझे सीईओ पर भरोसा है और वह अब जो कुछ भी कर रहे हैं, उस पर मुझे भरोसा है। इस समारोह में उषा को 'लाइफटाइम अचीवमेंट के लिए पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वह लाइफटाइम अचीवमेंट



पुरस्कार पाने वाली पांचवीं खिलाड़ी हैं।

## एफआईएच प्रो लीग में नीदरलैंड ने भारतीय महिला हॉकी टीम को हराया

**भुवनेश्वर ।** भारतीय महिला हॉकी टीम को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में हार का सामना करना पड़ा है। भारतीय टीम को इस मुकाबले में नीदरलैंड ने 1-3 से हराया। इस मुकाबले में नीदरलैंड की ओर से यिब्बी जानसन ने तीसरे ओर 34 मिनट में गोल किये। वहीं फे वैन डेर एल्स्ट ने 21 वें मिनट में एक गोल दागा। वहीं भारतीय टीम की ओर से एकमात्र गोल नवनीत कौर ने खेल की शुरुअत में ही 9 वें मिनट में दाग दिया। जानसन ने डच टीम को शुरुआत में ही बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत की नवनीत ने एक गोल कर मुकाबला बराबरी पर ला दिया। दूसरा क्वार्टर शुरू होते ही नीदरलैंड ने टीम ने हमला बोला पर वह गोल में सफल नहीं हुई। तब पिएन डिके का शॉट पोस्ट से टकराकर दूर चला गया। पहले हाफ के समाप्त होने तक स्कोर 2-1 रहा।नीदरलैंड ने तीसरे क्वार्टर में भारत पर दबाव बनाया जिसका लाभ उसे मिला और पेनल्टी कॉर्नर के जरिये जानसन ने गोल कर अपनी टीम को 3-1 की बढ़त दिला दी। चौथे क्वार्टर में खेल लंबा खिंच गया और दोनों टीमों ने लगातार अवसर हासिल किये पर वे गोल नहीं कर पायीं।




**संक्षिप्त समाचार**




## कोच ज्याला बोले, यशस्वी इन कारणों से अन्य क्रिकेटरों से हैं अलग

**मुंबई ।** क्रिकेटर यशस्वी जायसवाल पदार्पण के बाद से ही शानदार प्रदर्शन करते आ रहे हैं। उन्होंने टेस्ट में अब तक दो शतक भी लगाये हैं। वेस्टइंडीज के खिलाफ पदार्पण करने वाले यशस्वी ने अब इंग्लैंड के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी कर सभी को प्रभावित किया है। इस बल्लेबाज के बचपन के कोच ज्वाला सिंह ने उसकी सफलता का राज बताया है। कोच के अनुसार खेल के प्रारूपों के बीच अनुकूलन क्षमता और सहज प्रवृति के कारण ही वह तेजी से सफल हुआ है और यही गुण उसे अन्य प्रतियोगियों से अलग बनाते हैं। इसी कारण वह अपने साथियों से अलग दिखता है। यशस्वी ने 22 साल और 36 दिन की उम्र में दोहरा शतक लगाकर एक अहम उपलब्धि हासिल की है। सुनील गावस्कर के बाद टेस्ट में दोहरा शतक बनाने वाले वह देश के तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी हैं। ज्वाला ने कहा, 'जूनियर क्रिकेट में उसने मुंबई अंडर-16 की ओर से दोहरा शतक लगाया था। मुंबई अंडर-19 के लिए भी, ईरानी कप, दलीप ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में भी उसने दोहरा शतक लगाया था। वह अपनी बल्लेबाजी में आक्रामक प्रकृति के कारण ही लंबी पारी खेल पाता है। उन्होंने कहा, 'वह हमेशा ही ही आक्रामक रुख अपना कर गेंदबाजों पर दबाव डालता है क्योंकि वह बाउंड्री लगाता रहता है। उसने अपने क्रिकेट को इसी तरह तैयार किया है।

## हार्मिसन ने बुमराह और शमी की जमकर प्रशंसा की

**विशाखापत्तनम ।** इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टीव हार्मिसन ने भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद शमी की जमकर प्रशंसा की है। हार्मिसन के अनुसार उन्हें इन दोनो को गेंदबाजी करते हुए देखना पसंद है। इस पूर्व तेज गेंदबाज के अनुसार शमी ओर बुमराह के शानदार कौशल के कारण ही भारतीय टीम कठिन हालातों में भी एक बेहतर टीम बनकर उभरी है। शमी हालांकि टखने की चोट के कारण अभी तक इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में नहीं नहीं खेल पाए हैं। वहीं बुमराह ने रिवर्स स्विंग के जरिये दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त किया। इस मैच में बुमराह ने घरेलू धरती पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए शानदार गेंदबाजी की। हार्मिसन ने कहा, 'ये दोनों ही शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं। यह उनके स्तर को दिखाता है। यदि आपके पास बेहतरीन कौशल है तो आप मुकाबले में बने रहेंगे, यही एंडरसन और बुमराह के पास है। ये दोनो ही अविश्वसनीय गेंदबाज हैं। भारत में केवल एक टेस्ट खेलने वाले हार्मिसन कमेंटरी के लिए यहां आए हैं। वह सिराज की गेंदबाजी के भी प्रशंसक हैं। हार्मिसन जब खेलते थे तब भारत के पास अब की तरह विश्व स्तरीय तेज गेंदबाज नहीं थे और हार्मिसन भारत में तेज गेंदबाजी के तेजी से विकास को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, 'बुमराह, शमी और यहां तक कि सिराज का कौशल शानदार है। मुझे उन्हें गेंदबाजी करते देखना पसंद है। उनके पास एक शानदार गेंदबाजी आक्रमण, शानदार स्पिन आक्रमण और सीम गेंदबाज हैं जो दुनिया में कहीं भी कहर ढ़ा सकती है। यही कारण है कि वे दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक हैं।

## रोहित ने पकड़ा ओली का शानदार कैच

**विशाखापत्तनम ।**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा 36 साल के हो गये हैं पर उनकी फिटनेस अब भी शानदार बनी हुई है। रोहित भले ही इस सीरीज में अब तक अधिक रन नहीं बना पाये हैं पर पर उन्होंने शानदार क्षेत्ररक्षण और कप्तानी की है। यहं दूसरे टेस्ट के चौथे दिन उन्होंने स्लिप में एक ऐसा कठिन कैच पकड़ा जिसे देखकर सभी हैरान रह गये। रोहित ने स्लिप में इस कैच को पकड़ने में केवल 0.45 सेकेंड का समय लिया। ये कैच इसलिए भी अहम है क्योंकि ये उसी ओली पोप का था जिसने भारत के खिलाफ हैदराबाद टेस्ट की दूसरी पारी में 196 रन बनाकर भारतीय टीम के हाथों से मैच छीन लिया था। ओली जब आउट हुए तब वह 23 रनों पर खेल रहे थे। उन्हें रोहित ने आर अश्विन की गेंद पर कैच किया। ओली के आउट होते ही भारतीय खेमे में खुशी की लहर छा गयी। इससे पहले इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में यशस्वी जायसवाल के 209 रन की बदौलत 396 रन बनाये जबकि दूसरी पारी में शुभमन गिल के शतक की सहायत से 255 बनाकर इंग्लैंड को जीत के लिए 399 रनों का लक्ष्य दिया।



## 34 साल के हुए भुवनेश्वर

**मुम्बई ।**




भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर चल रहे मध्यम तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार सोमवार को 34 साल के हो गये। इस अवसर पर उन्हें साथी क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने बधाइयां दी हैं। भुवनेश्वर भारतीय टीम के साथ ही प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उत्तर प्रदेश की ओर से भी खेलते हैं। भुवनेश्वर ने भारतीय टीम की ओर से सभी प्रारुपों में 229 मैच खेलते हुए 294 विकेट लिए हैं। भुवनेश्वर का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन साल 2014 में इंग्लैंड के खिलाफ रहा था जब उन्होंने 31 ओवर में 2.64 की इकोनॉमी की दर से 6 विकेट लिए थे। साल 2016 में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 33 रन देकर 5 विकेट लिए थे। भुवनेश्वर ने साल 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 24 रन देकर 5 विकेट लिए थे। वहीं एशिया कप 2022 में उन्होंने टी20 प्रारुप में शानदार गेंदबाजी दिखाते हुए अफगानिस्तान के खिलाफ 4 ओवर में 4 रन देकर पांच विकेट लिए थे। भूवी के नाम से लोकप्रिय यह गेंदबाज अपनी स्विंग गेंदबाजी के कारण जाना जाता है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के अलावा घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में भी उनका प्रदर्शन शानदार रहा है।



# अरबाज की दूसरी शादी के बाद जॉर्जिया ने ब्रेकअप पर तोड़ी चुप्पी

बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान ने साल 2023 के अंत में दूसरी शादी की। उन्होंने मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान से निकाह किया। शूरा से पहले अरबाज खान एक्ट्रेस अभिनेत्री जॉर्जिया एंड्रियानी को डेट कर रहे थे, लेकिन बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। अब अरबाज की शादी के एक महीने बाद जॉर्जिया ने एक साक्षात्कार में उनसे ब्रेकअप पर खुलकर बातचीत की है।

अरबाज खान की शूरा खान से शादी के कुछ दिनों बाद, अभिनेता की पूर्व प्रेमिका जॉर्जिया एंड्रियानी ने हाल ही में एक साक्षात्कार में उनके साथ अपने ब्रेकअप के बारे में खुलकर बात की। अरबाज खान की तारीफ करते हुए जॉर्जिया ने कहा, वे एक अच्छे इंसान हैं। हां, हम अलग हो गए और एक साथी को छोड़ने का खालीपन हमेशा रहेगा। क्योंकि यह आसान नहीं होता।

हमेशा रहेगी उनके लिए फिलिंग

जॉर्जिया ने आगे कहा, आप व्यक्तिगत रूप से किसी के साथ रिश्ते में शामिल होते हैं, लेकिन रिश्ता खत्म होने पर आगे बढ़ना होता है। जियोर्जिया ने कहा, मैं उनके लिए अच्छे की कामना करती हूं और अपने जीवन आगे बढ़ चुकी हैं। हालांकि, जॉर्जिया ने यह भी कहा कि अरबाज उनके सबसे अच्छे दोस्त की तरह थे और उनके लिए दिल में फीलिंग हमेशा रहेगी।

# पूनम पांडे की फर्जी मौत को पब्लिसिटी स्टंट करार देते हुए बोलीं उर्वशी ढोलकिया

उर्वशी ढोलकिया ने कंट्रोवर्शियल एक्ट्रेस पूनम पांडे की फर्जी मौत की घोषणा पर कड़ा विरोध जताया और इसे पब्लिसिटी स्टंट करार दिया है। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री में एडवरटाइजिंग और मार्केटिंग का यह सबसे निचला रूप है। पूनम पांडे के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर सर्वाइकल कैंसर से उनकी मौत की घोषणा करते हुए एक पोस्ट शेयर की गई थी। अब, पूनम ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें कहा गया है कि उनकी मौत की खबर झूठी है। वह जिंदा हैं। ये सब उन्होंने सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए किया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए, कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर कहा, यह इंडस्ट्री में एडवरटाइजिंग और मार्केटिंग का सबसे निचला रूप है! हां, सर्वाइकल कैंसर पर बात करना और जागरुकता फैलाना महत्वपूर्ण है, लेकिन इस तरीके का पब्लिसिटी स्टंट बिल्कुल गलत था। घिनौना है!!





# बॉलीवुड की इन अभिनेत्रियों की डेब्यू फिल्म रही फ्लॉप

हिंदी सिनेमा में ऐसी कई अभिनेत्रिया हैं, जिनकी पहली फिल्म बुरी तरह फ्लॉप रही, लेकिन इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्री बड़ा मुकाम हासिल किया। आज ये अभिनेत्रियां हर दिलों की धड़कन हैं। इनकी हर फिल्म के लिए दर्शक बेसब्री से इंतजार करते हैं। इतना ही नहीं ये एक्ट्रेस आज एक फिल्म में काम करने के लिए भारी फीस भी चार्ज करती हैं, चलिए आज आपको ऐसी ही अभिनेत्रियों के बारे में बताते हैं।

इस लिस्ट में पहला नाम **अभिनेत्री कैटरीना कैफ** का है। कैटरीना ने अपने करियर की शुरुआत साल 2003 में आई फिल्म बूम से किया था। बूम एक ब्लैक कॉमेडी थ्रिलर फिल्म थी, जिसे कैजाद गुस्ताद ने निर्देशित किया था। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन जैसे सुपरस्टार ने काम किया था। आज कैटरीना इंडस्ट्री की सबसे सफल अभिनेत्रियों में से एक है। उनकी हालिया रिलीज मेरी क्रिसमस ने भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया।

बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस **श्रद्धा कपूर** का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। श्रद्धा की पहली तीन पत्ती फ्लॉप रही थी। साल 2010 में आई इस फिल्म में श्रद्धा के साथ अमिताभ बच्चन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आदित्य रॉय कपूर के साथ श्रद्धा की फिल्म आशिकी 2 सफलता की नई इबारत लिखी और इंडस्ट्री में श्रद्धा अपनी पकड़ बनाने में कामयाब हो गई। आज श्रद्धा हिंदी सिनेमा की सबसे सफल अभिनेत्री में से एक हैं, जिन्होंने बीते कुछ समय में एक से बढ़कर एक फिल्में दी।

पिछले कुछ सालों में एक के बाद एक कई हिट देने वाली **कियारा आडवाणी** भी इस लिस्ट में शामिल हैं। कियारा आडवाणी ने साल 2014 में फिल्म फगली से अपने एक्टिंग की शुरुआत की थी। फगली बुरी तरह फ्लॉप हुई थी, लेकिन कियारा लोगों के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज कराने में कामयाब रहीं। कियारा ने एम एस धोनी द अनटोल्ड लव स्टोरी से दर्शकों के दिल में खास जगह बनाई। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया और आज बॉलीवुड की सबसे सफल एक्ट्रेस में शुमार हैं।

बॉलीवुड की बेबो **करीना कपूर** की भी पहली फिल्म को दर्शकों ने नकार दिया था। करीना ने साल 2000 में आई फिल्म रिफ्यूजी में इंडस्ट्री में कदम रखा था। इस फिल्म में उनके साथ अभिषेक बच्चन नजर आए थे। हालांकि, इसके बाद करीना ने इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई और कई सफल में फिल्मों में काम किया। करीना के करियर में एक से बढ़कर एक हिट शामिल हैं।





# मुंबई और लंदन में शूट होगी रणबीर की रामायण

रणबीर कपूर ने साल 2023 में एनिमल से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया। संदीप रेड्डी वांगा द्वारा निर्देशित इस एक्शन क्राइम फिल्म ने रिकॉर्ड कलेक्शन किया और बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही। अब रणबीर कपूर की अगली फिल्म रामायण की चर्चा तेज हो गई है। निर्देशक नितेश तिवारी इस फिल्म की तैयारी में जुटे हुए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म मुंबई और लंदन में शूट होगी। रिपोर्ट्स की माने तो, रणबीर कपूर की यह फिल्म जल्द ही फ्लोर पर जाएगी। फिल्म का शूटिंग बड़े पैमाने पर मुंबई में होगी, जहां इसका 60 दिन का शेड्यूल होगा। इसके बाद लंदन में भी 60 दिनों तक शूटिंग की जाएगी। रामायण के लंका वाले हिस्से की शूटिंग लंदन में ही की जाएगी, जिसमें रणबीर के साथ सुपरस्टार यश भी शामिल होंगे। चर्चा ये भी है कि रणबीर ने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए शराब, मांसाहारी भोजन और लेट नाइट पार्टी से तौबा कर ली है। फिल्म में वे भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं, कहा जा रहा अपने किरदार के प्रति श्रद्धा भाव के चलते रणबीर ने इन सब चीजों को छोड़ा है। गौरतलब है कि रणबीर कपूर के अलावा फिल्म में साई पल्लवी सीता की भूमिका में नजर आएंगी, वहीं, सुपरस्टार यश रावण की भूमिका में होंगे।



# 16 साल बाद ओटीटी से वापसी करेंगी उर्मिला मातोंडकर

बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्मिला मातोंडकर आज 50 साल की हो गई हैं। उर्मिला का नाम 90 के दशक की टॉप एक्ट्रेसेस में शामिल किया जाता था। इन्होंने जुदाई, रंगीला, सत्या, भूत, कौन जैसी कई बेहतरीन फिल्मों में काम किया। इनका नाम उस दौर की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेसेस में लिया जाता था। कई बार तो इन्हें हीरो से भी ज्यादा फीस मिलती थी। टॉप पर रहने के बावजूद उर्मिला की जिंदगी में एक ऐसा दौर भी आया जब उन्हें फिल्म इंडस्ट्री में काम मिलना बंद हो गया। धीरे-धीरे उर्मिला का करियर डाउनफॉल पर चला गया। दरअसल, इसके पीछे उर्मिला की एक जिद थी जो कि बाद में उन पर ही भारी पड़ गई। 2019 में उन्होंने पॉलिटिक्स में भी किस्मत आजमाई, लेकिन इसमें भी बात नहीं बनी। बतौर लीडिंग एक्ट्रेस उर्मिला की आखिरी फिल्म 'ईएमआई' 2008 में रिलीज हुई थी। इसके बाद इन्होंने फिल्मों में छोटे- मोटे कैमियो किए, लेकिन बतौर हीरोइन इन्हें कोई फिल्म नहीं मिली। अब उर्मिला को ओटीटी के जरिए एक्टिंग में कमबैक करने का मौका मिला है। वो 2024 में वेबसीरीज तिवारी में नजर आएंगीं।

## 16 साल बाद करेंगी कमबैक

बतौर लीडिंग एक्ट्रेस उर्मिला की आखिरी फिल्म 'ईएमआई' 2008 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म के बाद उन्होंने फिल्मों में छोटे-मोटे कैमियो किए थे, लेकिन बतौर हीरोइन उन्हें कोई फिल्म नहीं मिली। अब 16 साल बाद उर्मिला को ओटीटी के जरिए अपना एक्टिंग कमबैक करने का मौका मिला है। वो 2024 में वेबसीरीज तिवारी में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो उर्मिला की यह सीरीज मां-बेटी के जज्बाती रिश्तों पर बनी है। फिल्म की कहानी छोटे कस्बे की है, जिसमें उर्मिला का एक्शन अवतार भी देखने को मिलेगा।



# राजकुमार हिरानी की वेब सीरीज में साइबर अपराध सुरक्षा विशेषज्ञ की भूमिका निभाएंगे विक्रांत मैसी



फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी अपने अगले प्रोजेक्ट को लेकर बेहद उत्साहित हैं। उनका अगला प्रोजेक्ट विक्रांत मैसी के साथ एक वेब सीरीज है। राजकुमार हिरानी को लेकर यह भी खबर सामने आ रही थी कि वह रणबीर कपूर के साथ अपने अगले प्रोजक्ट के लिए सहयोग करेंगे। हिरानी पहले ही अपने अगले प्रोजेक्ट पर एक बिना नाम की वेब सीरीज पर आगे बढ़ चुके हैं, जिसमें 12वीं फेल अभिनेता विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। यह शो आमिर सत्यवीर सिंह द्वारा निर्देशित है, जिन्होंने अतीत में हिरानी की सहायता की है। यह वेब सीरिज साइबर अपराध के इर्द-गिर्द घूमती है। विक्रांत इस सीरीज में साइबर अपराध सुरक्षा विशेषज्ञ की भूमिका निभाएंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हिरानी न केवल शो का निर्माण कर रहे हैं बल्कि शो के रनर भी होंगे। हाल ही में उन्होंने एक बातचीत में इसकी पुष्टि करते हुए कहा, कुछ कहानियों के लिए लंबे प्रारूप के दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है और उन्हें फिल्म बनाने की आवश्यकता नहीं होती है, जिस पर हम वर्तमान में काम कर रहे हैं। वह कुछ ऐसा है जो हमें कोविड के समय में मिला था। मैं सीरीज में एक शो रनर के रूप में काम करूंगा और इसलिए मैं शो में पूरी तरह से शामिल हो जाऊंगा। यह कुछ ऐसा है जिससे मैं बहुत खुश हूं क्योंकि मैं इसकी स्क्रिप्ट और जिस तरह से इसे आगे बढ़ाया गया है, उसे लेकर उत्साहित हूं।

## विक्रांत मैसी की चौथी वेब सीरीज

एक निर्देशक के रूप में अपने ओटीटी डेब्यू पर बात करते हुए उन्होंने कहा, हां, मुझे अच्छा लगेगा जब किसी दिन मेरे पास बताने के लिए कोई कहानी होगी, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मेरे लिए मंच कोई मायने नहीं रखता। यदि यह टेलीविजन के लिए है तो इसे टीवी पर होना चाहिए या यदि यह एक लंबा प्रारूप है, तो इसे ओटीटी के लिए बनाएं। निर्माताओं ने इसे दो महीने के लंबे शेड्यूल में शूट करने की योजना बनाई है। यह वेब सीरीज अगले महीने से शुरू होने वाली है और मिर्जापुर, ब्रोकन बट ब्यूटीफुल और क्रिमिनल जस्टिस के बाद यह विक्रांत मैसी की चौथी वेब सीरीज होगी।

# आउटसाइडर्स के हीरो हैं कार्तिक

अभिनेता मनोज बाजपेयी अपने अभिनय और हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। इंडस्ट्री में हर कोई अभिनेता का फैन है, लेकिन मनोज खुद को कार्तिक आर्यन का फैन मानते हैं। हाल ही में, एक अवॉर्ड फंक्शन में अभिनेता ने कार्तिक की जमकर तारीफ की है। यही नहीं, अभिनेता ने अपना अवॉर्ड भी कार्तिक आर्यन को समर्पित किया है। मनोज ने कहा कि कार्तिक बाहर से आने वाले सभी लोगों के सच्चे प्रतिनिधि हैं। मनोज का यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।



# ग्लोबल प्रीमियर के लिए तैयार धनुष की कैप्टन मिलर

प्राइम वीडियो ने आज तमिल पीरियड एक्शन-एडवेंचर ड्रामा फिल्म कैप्टन मिलर के विशेष ग्लोबल स्ट्रीमिंग प्रीमियर की घोषणा की। यह फिल्म, त्रयी का पहला भाग है, जिसका निर्देशन अरुण मथेश्वरन ने किया है। अरुण ने इसे अरुणराजा कामराज और मदन कार्की के साथ मिलकर लिखा है। यह सत्य ज्योति फिल्म्स द्वारा निर्मित है। कैप्टन मिलर में धनुष मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही शिव राजकुमार, नासर, सुदीप किशन, प्रियंका मोहन और निवेदिथा सतीश भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। आइए जानते हैं कि आप इस फिल्म का ओटीटी पर कब लुत्फ उठा सकेंगे। प्राइम वीडियो की घोषणा के मुताबिक, यह फिल्म भारत और 240 से अधिक देशों और क्षेत्रों में 9 फरवरी को तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब के साथ प्रदर्शित होगी। कैप्टन मिलर प्राइम सदस्यता में नवीनतम जुड़ाव का प्रतीक है। भारत में प्राइम सदस्य इस फिल्म का लुत्फ उठा सकेंगे। धनुष की कैप्टन मिलर ने अपनी कसी हुई स्क्रिप्ट, दमदार प्रदर्शन और वर्तमान समय की प्रासंगिकता के लिए आलोचकों और दर्शकों से समान रूप से प्रशंसा अर्जित की है।

## निर्देशन ने जाहिर की खुशी

निर्देशक अरुण मथेश्वरन ने फिल्म की ओटीटी रिलीज पर कहा, कैप्टन मिलर 1930 के दशक पर आधारित है और यह एक ऐसे व्यक्ति की यात्रा बताती है जो आजादी के लिए लड़ रहा है, जो इसे आकर्षक के साथ-साथ भावनात्मक भी बनाता है। फिल्म धनुष को उस तरह से दिखाती है जिसे दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा है, और फिल्म को जो सराहना मिली है उसे देखना अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद रहा है। कैप्टन मिलर हमारे प्यार का परिश्रम है, और मैं उत्साहित हूं कि यह फिल्म अब प्राइम वीडियो के साथ भारत और दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंच जाएगी।

